महाराव अरजुन सिंह सम्मत १७७७ में पाट बिराजे और चार वर्ष राज करके लावल्द फौत हुये - ॥

महाराव दुरजन साल सं० १७८१ में पाट बिराजे मुहम्मदशाह बादशाह ने इन को राज तिलक और खिलअत बखशा मरहठों को मदद देने के बदले में **नाहरगढ** पाया इस के दूसरे वर्ष पीछे हिमत सिंह किलेदार का भतीजा **जालिम सिंह** झाला (झालावाड वालों का बडा) पैदा हुवा इन्ही महाराव को मेवाड के महाराणा जगत सिंह ने बेटी ब्याह कर गादी के बाईं तरफ बैठने की इज्जत बखशी सं० १८०० में जैपुर ने बूंदी दबा कर कोटा लेना चाहा पर हार कर वापिस आये सं० १८०५ में महाराव ने हुल्कर से सिफारश कर के बूंदी उल्टी जैपुर से बूंदी वालों को दिलाई सं० १८१३ में महाराव लावल्द देहलोप हुये - ॥

महाराव अजीत सिंह ८ वर्ष की अवस्था में अंता की जागीर से गोद

नाकसं० १८१३ में पाट विराजे और ढाइ वर्ष राज करके स्वर्गवाश हुये इन्ही के समय में हिम्मत सिंह झाला के मरने पर जालिमसिंह झाला उनका भतीजा किलेदार हुवा॰ ॥

महाराव.शत्रु साल १८ १६ में पाट विराजे जैंपुर की फौज कोटा पर चढ़ आई परन्तु जालिम सिंह झाला की वहांदुरी से जिसने हुलकर को मदद के लिये बुला लिया था बटवारह नामी स्थान से लोट गई सं०१८२२में देवलोप हुये

महाराव गुमान सिंह अपने भाई शत्रु साल की जगह राज पाकर जालिम सिंह किलेदार की जागीर जबत करली वह मेवाड में चले गये परन्तु फिर कोटा को लोट आवे और मरहटों से ६ लाख रुपया देकर महाराव की सुलह करादी जिस से फिर नांदतह की पुरानी जागीर महाराव ने उन्हे बखशी सं०१८२७ मे महारावने बीमारी की हालत में अपने बेटे उमेद सिंह को जिन की अवस्था १० वर्ष की थी जालिम सिंह की गोद में बिठाया और आप देव लोप हुये॰ ॥

महाराव उमेद सिंह इन के समय में दीवान जालिम सिंह को राज का कुल कुलां अधिकार होगया दीवान ने २५ लाख के बदले ३५ लाख की खालसा आमदनी बढ़ाई फकीरों॰ मेहतरों॰ रंडियों॰ आदि पर टिक्स लगाया जागीरदारों की जागीरें खालीं हुलकर ने चढाई करके १० लाख मांगा परन्तु मीरखां की सिफारश से तीन लाख लेकर चलागया जालिम सिंह के पास २० हजार फौज बहादुर पठानों की थी सं० १८७५ में जालिम सिंह ने अंग्रेजों को बहुत मदद दी जिससे खुश होकर सरकार ने दिग॰ पंच पहाड॰ अहवा॰ गंगरार इनाम में दिये परन्तु जालिम सिंह ने महाराव उमेद सिंह के नाम इन परगनों की सनद लार्ड हिसटगर साहिब से करली खुद न्हीलीये; इसी सम्मत मे सरकार से कोटे का अहद नामा हुआ जिसमें जालिम सिंह के खानदान में सदा लों दीवानी का

ओहदा रहना सरकारने मनजूर किया जिस से रियासत झालरा पाटन की बुन्याद पडी सं० १८८६ में राव उमेद सिंह लावलद फौत होगये ॥

महाराव किशोरसिंह १८८६ में पाट बैठ कर जालिम सिंह झाला के अख्तियारात लेने की कोशिश की परन्तु न्ही लेसके कियों कि अंग्रेजीअफसरजालिमसिंह की मदद पर रहे महाराव नाराज होकर सं० १८७८ में बिन्द्रा बन चले गये परन्तु थोडे दिनो में वापिस आकर दीवान को बेदखल करना चाहा-दीवानने भी लडने की तैयारयां करलीं जिस की मदद पर सरकारी फौज की दो पल्टनें छ रिसाले और एक तोपखाना था दीवान के पास ८ पल्टनें १५ रिसाले और ३२ तोपें थी इन सब को साथ लेकर दीवान ने महाराव पर हल्ला किया महाराव के बहादुर राजपूतों ने भी बडी बहादुरी दिखलाई बडी घमसानकी लडाई हुई महाराव साहिब अपने साथियों समेत चंबल नदी के पार उतरगये और जुवार के खेतों की आड पकड कर फिर लडे जिससे अंग्रेजी रिसाले का मुह फिरगया करनैल बिर्च साहिब घायल हुये किलार्क साहिब और रीड साहिब दो सरदार मारे गये महाराव के छोटे भाई प्रथ्वी सिंह भी काम आये महाराव अपने साथियों समेत मेवाड में हो कर **नाथ द्वारा** में पहुचे और कोटा को नाथ द्वारा के नाम श्रीक्रिशनार पुन्न कर दिया (जिसके बदले में ५०००रु० सालाना कोटा के गढ का किराया अब लों नाथद्वारा में दिया जाता है) कुछ दिन पीछे महाराणा भीम सिंह जी की सलाह से मेजर टाड साहिब ने दीवान और महाराव की सुलह करादी जेठ सुदी ८ सं० १८८० को ८५ वर्ष की अवस्था में दीवान जालिम सिंह देव लोप हुये यदि सरकार से कोटा का अहदनामा न हुआ होता और दीवान से केवल ओहदः दीवानी के बहाल रखवाने का जिम्मा सरकार न करती तो दीवान के कोटा लेलेने में कोई संदेह न

था-जालिम सिंह के मरने पर उसका बेटा **माधो सिंह** दीवान हुआ इस ने रईस को राजी रक्खा सं० १८८५ में महाराव किशोर सिंह और थोड़े दिनों पीछे दीवान माधो सिंह दोनों परलोक वास हुये-॥

महाराव राम सिंह इन के गादी बैठने पर माधो सिंह का बेटा और ज़ालिम सिंह का पोता मदन सिंह दीवान हुवा परन्तु महाराव और दीवान में हमेश बिगाड़ रहने से दीवान के लिये कोटा राज के तीसरे हिस्से की अर्थात १२ लाख सालाना की जागीर सरकार अंगरेज़ी और महाराव की मंजूरी से सं० १८९४ में निकाली गई- और मदन सिंह से दीवानी कोटा की बाबत हमेशा केलिये इस्तैफ़ा लिया गया सरकार अंगरेज़ी से मदन सिंह को महाराजराना का ख़िताब मिला और अस्सी-हज़ार रूपिया सरकारी ख़राज क़ायम कियागया- महाराव राम सिंहजी सम्वत-१९२२ में फ़ौत हुए-॥

महाराव शत्रुसाल जी सं० १९२२ में पाट बिराजे- यह नातजरबाकारों के बस में फंसकर मद्यपान करने लगे- रियासत क़र्ज़ा से ज़ेरबार होगई- तब सं० १९२६ में एजन्ट साहब ने सरकार में बहुत बड़ी शिकायत लिखी- महाराव साहबने भी-तंग आकर साहब की सलाह से सरकारी बन्दोबस्त होने की दरख्वास्त की- जिस पर सं० १९२९ में नवाब बख़्शी **फ़ैज़अलीखान** जी जो जैपुर में बख़्शी फ़ौज और प्रधान रहचुके थे सरकार की तरफ़ से सुपरन्टेन्डेन्ट रियासत होकर आये- इन्हों-ने कोटा का राज ८ निज़ामतों में तक़सीम करके नया बन्दोबस्त किया - दीवानी-फ़ौजदारी और माल के महकमे क़ायम किये- नवें लाख रूपिया जो राज के ज़िम्मे क़र्ज़ था इस के उतारने का यह बन्दोबस्त किया कि क़र्ज़दारों को रूपिया पीछे ॥≈ देने करके अजमेर के राय बहादुर सेठ **अमीरमल** जी लोढा से इकट्ठा रूपिया क़र्ज़ लेकर सबको चुका दिया- फ़ौज के ख़र्च में ९ लाख की कमी कीगई- रसोड़ा आदि

का ख़र्च भी घटाया और अच्छा बन्दोबस्त किया परन्तु ख़ुशामदी लोगो ने-महाराव जी के दिल में यह वहेम डाल दिया कि ज़ालिम सिंह झाला के समान नवाब भी कोटा का मालिक बन बैठेगा - इस्से महारावजी घबराये और नवाब की शिकायत बड़े साहब को लिखी इसपर नवाब ने सं० १९३२ में इस्तेफ़ा दे दिया और कपतान एवट साहब बहादुर नियत हुए- इन्हों ने भी अच्छा बन्दोबस्त किया फिर मेजर पावलट साहब बहादुर और फिर मेजर बेली साहब बहादुर सं० १९३६ में मुकर्रर हुए- जिन्हों ने मीर जाफ़र हुसेन और बाबू अबदुल्ला इत्यादि अफ़ीसरों को सरकारी इलाके से बुलाकर अच्छा बन्दोबस्त कराया- कोटा में ४० लाख आमदनी के २४९३ गांव हैं जिनमें से चौथा हिस्सा जागीरदारों व धर्मार्थ के क़बजे में हैं - ८ जून सन १८८९ ई० को महाराव जी ने बीमारी की हालत में महाराज-छगन सिंह जी के छोटे कुंवर उदै सिंह जी को गोद लेकर नाम उन का उमैद सिंह जी रखा और मंज़ूरी के लिये सरकार में ख़रीता भेजा - परन्तु जवाब आने से पहिले ११ जून सन १८८९ ई० को ६ घड़ी दिन चढे महाराव शत्रु साल देवलोक हो गये - अन्त समय महारावजी ने एक लाख रुपया दान किया - ब्राह्मणों की ११ कन्याओं का विवाह करा दिया - १६ हज़ार ब्राह्मणों को भोजन दिया था इनके देवलोक होने के पीछे रामचन्द्र जी राज वैद और रघा भाई बीसा जी महारावजी को ज़हर देने की इल्लत में कैद हुए परन्तु सबूत न होने से छूट गये -

महाराव उमेद सिंह जी - जेठ सुदी ८ मुताबिक़ ८ जून सन १८८९ ईस्वी को ९ वर्ष की अवस्था में पाट विराजे - मेऊ कालिज में तालीम पाते हैं - सरदार होनहार मालूम होते हैं - सरंजाव - राज का बन्दोबस्त सरकार के हाथ में है-॥

राज्य झालरा पाटन

राजपूताना के दक्षिण व पूरब में समस्त रियासतों से पिछली और आमदनी के लिहाज़

से दूसरे राजे की रियासत झालरा पाटन है- इसके उत्तर में घाटा-मकुन्दरा और कोटा-और पश्चिम में राज्य हुलकर-वगवालियार और पूर्व में राज्य टोंक वगवालियार व दक्षिण में भी इलाका टोंक है-रकबा २५०० मील मुरब्बा आबादी ३४५०० आदमीओं की-और आमदनी खालसा १९ लाख रुपया सालाना है-फ़ौज सवार व पैदल ४०००. जागीरदारों के कबज़े में केवल एक लाख की जागीर है ८० हज़ार रु० सरकार अंगरेज़ी को खराज दिया जाता है-रईस को सरकार अंगरेज़ी से राजराना-का खिताब और १५ तोपें सलामी का कुरब हासिल है-इस रियासत की ज़मीन बलिहाज़ पैदावारी सब से अच्छी है-क्यों कि झालों ने अपनी मरज़ी के अनुसार कोटा की रियासत में से अच्छी पैदावारी की जागीर निकाली थी-यही कारण है कि स्थिर-होने की अवस्था में जो जागीर १२ लाख की थी अब उसी में २० लाख उतपन्न होते हैं-राजधानी शहर झालरा पाटन जिस को ज़ालिम सिंह जी ने वसाया था वकौल-करनल टाडन साहब बहादुर बहुत ही खूबसूरत जैपुर नग्र के समान बसा है-और साहूकारों के अधिक होने से व्यापार व्योपार बहुत होता है-

तवारीख झालरा पाटन

कोटा की तवारीख में इस राज के स्थिर करने वाले का हाल हम लिख चुके हैं अतएव-यहां दुबारा लिखना फ़िज़ूल समझकर मुख़्तसिर लिखते हैं झाला राजपूतों का पराचीन ग्राम झालावाड़ इलाके काठियावाड़ है-राजराना ज़ालिम सिंह जी **हलोद** के झाला सरदार की औलाद में से थे-हलोद वालों में से **भाऊ सिंह** नामक एक राजपूत ने **आलमगीर बादशाह** के फ़ौत होने के पीछे आज़ से डेढ़ सौ बरस पहिले नोकरी की तलाश में अपना देश छोड़ा था **भाऊ सिंह** का बेटा **माधो सिंह** कोटा के महाराव **भीम सिंह** के पास आकर नौकर हुआ और उस की बहिन के साथ महाराव के बेटे दुरजनसाल की शादी हुई-इस सम्बन्ध के कारण **नांदता**

ग्राम की जागीर और फौजदारी उन को मिली · · · · कोटा में उनको मामाजी कहा जाता था - माधोसिंह के पीछे **मदन सिंह** और उस के मरने पर **हिम्मत सिंह** किलेदार व फौजदार हुआ - इन्हों ने मरहटों के साथ अहेदनामा करके कोटा को उनका खराज गुज़ार बनाया - और राज्य को मरहटों से बचाया - जिससे दरबार कोटा में इन को इज़्ज़त मिली - हिम्मत सिंह के देवलोप होने पर **ज़ालिम सिंह** जी उनके भतीजे किलेदार और फौजदार नियत हुए - और जैपुर की फौज से लड़ने में नाम पाया परन्तु महाराव गुमान सिंह जी से बिगाड़ होने के कारण ज़ालिम सिंह जी मेवाड़ में चले गये - और रईस ऐलवाड़ा की मारफ़त दरबार मेवाड़ की नौकरी करली - किन्तु थोड़े ही दिनों पीछे कोटे को लौट आये - और महाराव गुमान सिंह और मरहटों में सुलह करादी - जिससे नांदला की जागीर और फौजदारी जो ज़ब्त होगई थी दोबारा पाई - और महाराव ने मरने के समय अपने बेटे महाराव उमेद सिंह को जो १० बर्ष के थे इनकी गोद में बिठाकर राजकाज ज़ालिम सिंह जी को सौंपा - ज़ालिम सिंह जी ने उमेद सिंह जी के राज में कि पचास बर्ष लों रहा बड़ी ताक़त पैदा की - (देखो तवारीख कोटा) और महाराव किशोर सिंह के अहद में ८५ बर्ष की अवस्था पाकर सं० १८८० में - ज़ालिम सिंह जी अद्भुत चरित्र दिखलाकर स्वर्गबास हुए - इनके पीछे इनके पुत्र **माधो सिंह** दीवान कोटा नियत हुए - और सन १८८८ में देवलोप होगये - माधो सिंह के देवलोप होने पर उनके बेटे **मदन सिंह** दीवान नियत हुए - परन्तु महाराव और दीवान में कभी मिलाप नहीं हुआ - नित प्रति दिन बखेड़ा रहता था अतएव - कोटा के महाराव **राम सिंह** जी के अहद में सरकार अंगरेज़ी ने यह फ़ैसला कराया कि कोटा के राज के तिहाई की जागीर जिस की आमदनी १२ लाख सालाना होती है मदन सिंह को अलग देकर दीवानी से हमेशा के लिये इस्तैफ़ा ले लिया जाय - सं० १८९५ में बहुत तजवीज़ सरकार अंगरेज़ी की सलाह से महाराव कोटा ने मंजूर करके मदन सिंह जी

को १२ लाख की जागीर रियासत कोटा में से निकाल दी - और वह खुदमुख़्तार रईस माने गये - और सं॰ १९०१ में ७ वर्ष राज करके मदनसिंहजी देवलोक हुए - ॥

महाराजराना प्रथवीसिंहजी सं॰ १९०१ में अपने पिता की जगह राज बिराजे और सं॰ १९३३ में ३० वर्ष राज करके स्वर्गबास हुए - इन के अहद में फ़ुजूलख़र्ची के कारण रियासत १४ लाख की क़रज़दार हो गई थी तो भी इन्हों ने अच्छे २ मकानात बनवाए - बाग़ात लगवाये - आगरा - काशीजी - दिल्ली - आबू - नाथद्वारा आदि की यात्रा और सैर की - राजपूताना के प्राचीन रईस इनको बराबर कुर्सी देने में उज़र करते थे - परन्तु महाराना **शम्भूसिंह** जी स्वर्गबासी मेवाड़ाधीश ने महाराजराना प्रथवीसिंहजी को ताज़ीम देकर अपने बाईं तरफ़ बराबर बिठाया जिससे अब कोई रईस उज़र नहीं कर सकता ॥

महाराजराना ज़ालिमसिंहजी इनका नाम पहिले कंवर बख़्तसिंह जी था ठिकाने **वांन** इलाके काठियावाड़ से सरकार की मंज़ूरी लेकर गोद लिये गये परन्तु महाराजराना प्रथवीसिंहजी स्वर्गबासी की एक महारानी साहबा ने कहा कि हमको हमल है - इस वास्ते मसनद नशीनी बहुत दिनों तक मुलतवी रही - अंत को रानी साहबा की बात बेएतबार साबित होने पर इन्हीं को वारिस क़रार दिया और नाम इनका राजराना ज़ालिमसिंहजी रक्खा - यह सं॰ १९३२ में गोद लिये गये थे और जब लों नाबालग़ी में मेओ कालिज में इल्म पढ़ते रहे - रियासत का बन्दोबस्त सरकार के हाथ में रहा - पहिले कपतान **एबट साहब** बहादुर (जो अब करनल एबट साहब एजेंट मग़रबी राजपूताना हैं -) रियासत के मुन्तज़िम रहे - साहब मौसूफ़ ने बड़े २ लायक़ अहिलकारों को एकत्र किया - राजभवन - बाग़ात - सड़कें बनवाईं - दीवानी - फ़ौजदारी का बहुत अच्छा बन्दोबस्त किया रियासत का क़रज़ा खन्दी करके उतारने का बन्दोबस्त किया - रियासत सरसब्ज़ हो गई - इनके पीछे कपतान - एफ़ - मार्टंगल साहब रियासत के मुंतज़िम रहे सं॰ १९४३ में सरकारी बन्दोबस्त उठ गया और राजराना ज़ालिमसिंहजी को रियासत के पूरे अधिकार सरकार ने इनायत किये

परन्तु महाशोक कि इन्हों ने राज पाकर सरकार की मरज़ी के अनुसार काम नहीं किया- जिसका पूरा २ व्रतांत हम नहीं करसकते अन्तको उन बातों का यह फल प्राप्त हुआ कि सं० १९४४ में सरकार के हुकम से मेजर टाल्बट साहब बहादुर ने झालरा पाटन में पहुंचकर राजराना ज़ालिमसिंह जी को माज़ूल करदिया और राजके कार्य्यों का अधिकार अपने हाथ में लिया - जब से आज लों सरकारी बन्दोबस्त है राजका काम एक कौंन्सिल के द्वारा चलता है- जिसके मेम्बर बड़े २ लायक और विद्वान लोग हैं- जैसे धा भाई हरलाल जी साहब - व मुन्शी कालीचरन जी आदि- राजराना के लिये तनख्वाह मुक़र्रिर है - राजके कामों से कोई सरोकार नहीं - यदि अब भी राजराना साहब अपने को सम्भालें और सरकार अंगरेज़ी के अफ़ीसरों की सम्मति पर चलें तो अंगरेज़ी सरकार जो दयावान और न्यायशीला सरकार है अवश्य करके इनको क्षमा करेगी सरकार से इनको खरीते के लिफ़ाफ़े पर **महाराजराना बिसियार मेहरबान दोस्तान महाराजराना ज़ालिमसिंह बहादुर सलामहु अल्लाह** तआला और भीनामे पर **महाराजराना साहब बिसियार मेहरबान दोस्तान सलामत** लिखाजाता है - खरीता सुनहरी काग़ज़ पर और थैली कमख्वाब की होती है-

राज्य करौली

राजपूताना के पूर्व हिस्सा में करौली का राज एक छोटा परन्तु पुराना राज्य है - जिसके उत्तर में भरतपुर और जैपुर- पश्चिम में जैपुर - दक्षिण में जैपुर- और पूर्व में गवालियार और धौलपुर का मुल्क है रक़बा १९०० मील मुरब्बा - आबादी ४०६७० आदिमीओं की और आमदनी खालसा ५ लाख रूपिया सालाना - फ़ौज सवार व पैदल दोनों २००० से अधिक है - इसराज में जागीरदारों के चार ठिकाने - हाडौती - अमरगढ़ - रानोतरा - इनायती - अव्वल दरजे के हैं - और राज का बन्दोबस्त ४ तहसीलों के द्वारा होता है -

करौली- मंडरायल - आदत गिर - माचलपुर - इसरियासत की बहुधा ज़मीन पथरी-
ली है - प्राय पूर्व और दक्षिण में चम्बल नदी के कारण बरसात में नाले और गढे पड़जाते
हैं इसी राज्य में यादों राजपूतों के सिवाय गूजर-जाट-माली-मीना-आदि भी बस्ते हैं
करौली जो राजधानी है **गवालियार** से ८९ मील के फ़ासले पर पश्चिम में बस्ता है- नग्र
के गिर्द ब्रक्षों के होने से दूर तक लहलहाती हुई हरियाली दिखाई देती है - नदी नालों और
दलदल के होने से इस देश में शत्रुओं का गुज़र नहीं हो सकता करौली के गिर्द पुख़्ता श-
हरपनाह है- और बाहर दो पहाड़ियों पर रईस की गढियां मौजूद हैं- करौली की पूरी और
परसिध्य तवारीख़ नहीं मिलती तौ भी जो कुछ मिली है लिखी जाती है- ॥

तवारीख़ करौली

करौली के रईस जैसलमेर वालों के समान यादों नसल के चन्द्रबंसी राजपूत हैं वह ब्रिज
(मथरा) ही के आस पास रहे - मुसलमानों ने जब **बयाने** से इनको निकाला तो इन्हों
ने चम्बल नदी के कनारे करौली और सबलगढ बसाया - परन्तु सं० १५१० में मालवा के
बादशाह खिलजी ने करौली फ़तह करके ख़ालसा में मिला ली और यह लोग पहाड़ों
में फिरते रहे- **अकबर बादशाह** ने राजपूताना फ़तह किया- तो करौली वालों
को भी कुछ जागीर और मन्सब दिया - राजा **गोपाल** जादों अजमेर में बादशाही
क़िलेदार रहकर सं० १६२६ में मृत्यु को प्राप्त हुआ- तब उसका बेटा **कल्यानदास**
सं० १६६० में बादशाही मन्सबदार बना- और बहुत सी लड़ाइयों में बादशाही चा-
करी बहादुरी से की- मुसलमानों की सलतनत कमज़ोर हुई तो महाराजा सेंधिया
ने सबलगढ दबाकर करौली महाराजा ही के क़बज़े में छोड़ दी उस दिन से रईस करौ-
ली २५ हज़ार रुपिया सालाना ख़राज पेशवा को देने लगे सं० १८७३ में सरकार-
अंगरेज़ी ने राजपूताना से मरहटों का क़बज़ा उठाया तो महाराजा करौली भी अहद-
नामा करके सरकार की हिफ़ाज़त में आये - और ख़राज माफ़ होकर माचलपुर का

परगना जिसको मरहटों ने स्वराज के बदले दबा रखा था- उलटा दिलाया गया सं॰ १८८१ में लावलद गुज़र गये-॥

महाराजा परताप पाल सं॰ १८९० में पाट बिराजे और सं॰ १९०४ म मृत्यु को प्राप्त हुए-॥

महाराजा नरसिंह पाल- यह राज का अधिकार पाने नहीं पाये थे कि सं॰ १९०४ में देव लोप होगये-॥

महाराजा भरत पाल सं॰ १९०८ में गादी बिराजे- परन्तु महाराजा नरसिंह पाल के बे औलाद मरने पर लार्ड डिल्होसी साहब गवरनर जनरल ने पुरानी क़ानून के अनुसार करौली को ज़बती का हुकम भेज दिया क्योंकि उक्त लार्ड साहब की सम्मति यही थी कि जिस रईस के असली औलाद न हो उसका मुल्क ज़बत कर लिया जाय- गोद लेकर रईस न बनाया जाय- परन्तु पारलेमेन्ट ने लार्ड साहब की राय को नामंजूर किया- और रईस करौली को गोद लेने का अधिकार मिला (इसी लाट साहब ने झांसी- नागपुर आदि रियास्तों को रईसों के लावलद मरने पर ज़बत किया था) ॥

महाराजा मदन पाल सं॰ १९१० में पाट बिराजे इन्हों ने सन १८५७ ई॰ के ग़दर में सरकार को मदद दी थी जिसके बदले में १ लाख ७० हज़ार रूपिया सरकारी क़रज़ माफ़ हुआ- और १५ तोपों की जगह १७ तोपों की सलामी होगई- नेकनामी का ख़िलअत पाया- १९२२ में सितारे हिन्द का तमगा मिला- यह महाराजा साहब १५ बर्ष राज करके सं॰ १९२६ में स्वर्गबास हुए-॥

महाराजा जैसिंह पाल १९२६ में गोद आकर गादी बिराजे और १९३२ में ६ बर्ष राज करके देवलोप हुए-॥

महाराजा अर्जुन पाल सं॰ १९३२ में पाट बिराजे और जागीरदारान भवरतन- और इनायती को जो सरकशी करने थे फ़ौजी दबाव से ताबे किया- सं॰ १९३८ में-

दरबार के विरुद्ध रईयत व जागीरदारों ने अजन्टी में फ़रयाद की जिस पर महाराजा से राज का अधिकार लेकर एजन्ट साहब को सोंपागया - जिन्होंने पंचायत द्वारा राज का वन्दोवस्त किया सं० १९४३ में महाराजा अर्जुनपाल देव लोप हुए॥

महाराजा भंवरपाल साहब (चरंजीव) सं० १९४३ में पाट विराजे - यह रईस रहम दिल और नेकमिज़ाज हैं - रियासत का वन्दोवस्त साहब अजन्ट की निगरानी में लायक़ अहिलकार करते हैं - राज करौली में ४५० गांव हैं जिन में से खालसा के २५० ग्रामों की आमदनी ५ लाख रुपिया साल है - बाक़ी गांव जागीरदारों के क़ब्ज़े में हैं - जिनकी सालाना आमदनी डेढ लाख है छोटे बड़े जागीरदारों की तादाद ४० है - सरकार की तरफ़ से खरीता के लिफ़ाफ़े पर " बमुलाहे-महाराजा साहब मुश्फ़िक़ मेहरबान मुखलिसान सलामत महाराजा यदुकुल चन्द्र भांलची सिंह पाल जीदेव सल्लमहु अल्लाह तआला " और श्री नामे-पर महाराजा साहब मुश्फ़िक़ मेहरबान मुखलिसान सलामत लिखाजाता है - काग़ज़ सुनहरी थैली कमखाब की होती है -

राज्य टोंक

राजपूताना के मध्य में टोंक मुसल्मानों की रियासत है - जिसका वन्दोवस्त टोंक - रामपुरा - नीमाहेड़ा - छबड़ा - सरोंज - पड़गवा - छः परगनों के द्वारा होता है - एक परगना से दूसरा परगना बहुत दूर और दूसरी रियास्तों से घिरा हुआ है - इसलिये इस राज्य की कोई हद स्थिर नहीं हो सकती - टोंक जो राजधानी है - जैपुरराज के दक्षिणी इलाक़े से घिरा हुआ है - रामपुरा दक्षिण की ओर बूंदी से मिला हुआ है - नीमाहेड़ा पश्चिम में मेवाड़ और उत्तर में नीमच से मिला हुआ है - छबड़ा - बूंदी झालरापाटन और गवालियार से घिरा हुआ है - पिड़गवा हुलकर

और गवालियार के राजसे घिरा हुआ है- सरोंजके चारो ओर गवालियार व हुल कर का मुल्क मालवा और सागर का जिला फैला हुआ है- तीन परगने टोंक, सरोंज, नीम्बाहेडा, १० लाख के और बाकी तीन परगने पांचलाख की आमदनी के हैं- सब राज और फौजखर्च इस राज्यको माफ़ है- ज़मीन सब परगनों की पैदावारी के- लिये अच्छी है- टोंक चम्बल नदी के कनारे बस्ती है- और नदी के सदाबहने से- गेहूं और खरबुज़ा बहुत उतपत्ति होता है- छपराके पूरबमें होकर पारबती नदी बहती है- इससे भी पैदावारको बड़ा फ़ायदा है- इसराज्य में सम्पूर्ण ग्राम्- ११८३ है और सब परगनों की ज़मीन मिलकर २३३० मील मुरब्बा, आबादी- ३ लाख ३८ हज़ार - आम्दनी खालसा १५ लाख सालाना - फ़ौज सवार व पैदल ४००० खराजमाफ़ - सलामी १७ तोपें सर होती हैं॥

तवारीख टोंक

टोंक के रईस **बुनेरवाल** पठान हैं जिन का निकास बुनेरइलाके काबुलसे हुआ है- महम्मद शाह बादशाह के अहद में **तालेखां** पठान **चोरहर** इलाके कोहसे हिन्दुस्तान में आकर **अली महम्मदखां** रुहेला की फ़ौजमें नौकर हुआ - उन के- मरने पर उन के बेटे **हैदरखां** ने रुहेलों से **सम्भल** ज़िले मुरादाबाद में थोडी सी जागीर पाई - सं० १८२२ में हैदरखां के बेटे **अमीरखां** उत्पन्न हुए- अमीरखांने जवान होकर मालवा की रियास्तों में नौकरियां कीं और ज़ोर पकड़ते पकड़ते - वह दबदबा हासिल किया कि मालवा और राजपूताना के बडे २ शूरबीर राजा इनसे डरते थे- सरकार अंगरेज़ी ने भी इनकी बहादुरी और ज़ोर देख कर सन १८०० ई०- में इनके साथ अहदनामा किया- और जो जो परगने हुलकरने फ़ौजखर्चके लिये अमीरखां को दे रखे थे - सरकारने हमेशा के लिये उन्हीं के क़बज़े में करा दिये और सन १८१७ में वह खुद मुखतार रईस माने गये - नवाब अमीरखां सं० १८४२ में-

वीस वर्ष की अवस्था में दस सिपाही और एक भाई को साथ ले कर घर से नौकरी की तलाश में निकले थे मालवा के रईस के यहां नौकरी की- फिर भोपाल के नवाब हयात महम्मद खां की नौकरी की फिर राघोगढ के राजपूतों की चाकरी में रहे; फिर बालाराव ईंगला के नौकर रहे- इसके पीछे वह सं० १८५४ में हुलकर की चाकरी में आये और यही से उनके भाग्य ने पलटा खाया- सं० १८०६ में जैपुर के महाराजा जगतसिंह जी से दोस्ती की- और नवाब की मदद से कछवाहों ने मारवाड़ की सीमा पर फ़तह पाई- जिस पर महाराजा मानसिंह जी ने नवाब को पगड़ी बदल भाई बनाया- और जैपुर पर मुसीबत आई दोनों रियासतों से लाभ उठाने के पीछे उदैपुर के महाराना **भीमसिंह** की कंवरानी जी **किशनकंवरजी** को क़तल कराया- जिस्से आजलों अमीरखां को ज़ालिम कहा जाता है- इसके पीछे नवाब ने नागपुर के ऊपर चढ़ाई की सरकार अंगरेजी ने यह ज़ोर उनका देख कर यहां न रुकवाया- फिर सन १८१७ में उनको सरकार के साथ अहदनामा करना पड़ा- जिसके अनुसार लूट मार उनकी बन्द होगई- तात्पर्य यह है कि नवाब अमीरखां ने वीस बरस नौकरी और दस वर्ष लूटमार और १७ वर्ष टोंक का राज करके सं० १८९० में ६७ वर्ष की अवस्था में देहत्याग कर परलोक का रास्ता लिया- मरने के समय नवाब अमीरखां के ११ बेटे ९ बेटियां ५० पोता पोती- और ३० बेटियों की औलाद थी ॥

नवाब वज़ीरुद्दौला वज़ीर महम्मद खां सं० १८९० में अपने पिता नवाब अमीरखां की जगह पाट विराजे- यह धर्म कर्म में बहुत ही सावधान थे- इन्हों ने शराब गांजा- चरस आदि नशा की बिकरी और लेनदेन अपने राज्य में बन्द करदिया- कोई पात्र या वैश्या राज में नहीं रहने पाती थी- नवाब रात दिन मौलवीयों की सोहबत में रह कर धर्म के अनुसार राज का काम करते थे- ग़दर सन १८५७ के उपद्रव में नवाब ने सरकार की अधिक सहायता की जिस से रईस-

टोंक को भी दूसरे रईसों के समान औलाद न होने पर गोद लेने का अख्त्यार मिला और नीम्बा हेडे का परगना जिस पर टोंक के दखशी की सरकशी के बदले में कर्नल ओर साहब पोलीटेकल एजन्ट ने मेवाड वालों का कब्ज़ा करा दिया था वापिस दिला दियागया - क्योंकि जागीरदार की बगावत से रियासत को बागी नहीं समझा जाता - १८ जून सन १८६४ ई० को ३० वर्ष राज करके नवाब वज़ीरमहम्मदखां देवलोक हुए॥

नवाब महम्मद अलीखां यह सात भाईयों में से बडे भाई पाटवी के मरजाने पर सं० १९२० में राज विराजे और राज के कामों मे भली भांति चित्त लगाया परन्तु सं० १९२१ में इनके खराजगुज़ार ठाकुर **लावा** में और इन में सरवरशाह प्रधान की नालायकी से झगडा खडा हुआ - ठाकुर ने चाकरी में कमी की और नवाब ने नज़राना बढा दिया - यह झगडा चलही रहा था कि हकीम सरवरशाह प्रधान टोंक ने दगा करके ठाकुर को टोंक में बुलाया - और ठाकुर का काका **रेवत सिंह** २ कामदारों और १२ साथियों समीत दीवान के मकान पर बुलाकर कतल किया गया - इस फिसाद की खबर जलदी से सरकार को मिली और एक अंगरेज़ आफीसर फोरन टोंक भेजा पहुंचा - जिससे फ़िसाद बढने नहीं पाया - ठाकुर को लावा जाने की आज्ञा दी गई - और फ़िसाद की तहकीकात करके सरकार ने यह न्याव किया कि नवाब महम्मद अलीखां टोंक की गादी से उतार दिये जाये और १७ तोपों सलामी के बदले में ११ तोपें सलामी की जाय - दीवान सरवरशाह उमरकैद करके किसी किले में रखाजाय और लावा की जागीर एजन्टी के मातहत कर दीजाय - इस हुक्म की तामील हुई - महम्मद अलीखां बनारस को भेजेगये और ६० हज़ार रु० साल रियासत से उनकी तनख्वा मुकर्रर कीगई - हकीम सरवरशाह दीवान चुनार गढ में उमरकैद कियागया - जहां वह सं० १८७८ ई० में मरगया - लावा का ठाकुर एजन्टी हाडोती में रेख भरदेता है - वहां से टोंक के खज़ाने में जमा कर दी-

जाती है- दरबार टोंक से कोई वास्ता नहीं - मुहम्मद अलीखां बनारस में न-
ज़रबन्द हैं ॥

नबाव हाफ़िज महम्मद इबराहीम अलीखां साहब बहादुर-यह अपने बाप के गादी से उतारे जाने पर १२ भाइयों में सब से बड़े होने के कारण २० वर्ष की अवस्था में सं० १९२३ में पाट विराजे- परन्तु भाई बेटों की सरकशी से जो साहबज़ादे कहलाते हैं और ४ लाख की जागीर पर क़बज़ा रखते हैं राज्य का बन्दो बस्त न कर सके इसलिये नवाब के काका साहबज़ादे महम्मद **अबीदुल्लाखां**- साहब बहादुर दीवान न्यत किये गये इन्हों ने रियासत का बहुत अच्छा बन्दो बस्त किया- जनवरी सन १८७७ ई० के दिल्ली दरबार में नवाब साहब शामिल हुए जहां पर १७ तोपें सलामी की बहाल होगई- साहबज़ादे अबीदुल्लाखां दीवान- को सरकार ने प्रसन्न होकर- के०सी०एस० आई० का ख़िताब बख़्शा - पिछले २० वर्ष में १५ लाख रुपया का कर्ज़ रियासत पर हो गया था - दीवान और कौंन्सिल ने अजमेर के राय बहादुर सेठ **समीरमल** जी लोढा से सं० १९४३ में रुपया उधार लेकर क़रज़ दारों की खन्दी करदी और ख़ज़ाना राज्य का सेठजी की निगरानी में रखागया- जबलों इनका रुपया न चुके- सन १८८७ ई० से न- वाब साहब ने एक कौंन्सिल (पंचायत) अपनी मातहती में स्थिर की है - उसी के- द्वारा राज का कारुबार होता है - इस कौंन्सिल के सभापती खुद नवाब साहब और नायब सभापती साहबज़ादे अबीदुल्लाखांजी दीवान हैं -सन १८९० ई० में नवाब साहब को अजमेर में बुलाकर बड़े लाट साहब लार्ड **लइन्सडोन** साहब बहादुर ने सितारे हिन्द दर्जे अव्वल का तगमा इनायत किया - रियासत का काम आजक ल ठीक चलरहा है- क़रज़ा भी उतरता जाता है- कुल आमदनी २० लाख रुपया की है जिसमें १५ लाख खालसा और ५ लाख जागीरदारों की है- सरकार की ओर से

खरीता के लिफ़ाफ़े पर "बमुलाहिजे नवाब साहब मुशफ़क़ मेहरबान मुख लिसान नवाब अमीनुद्दौला वज़ीरुलमुल्क नवाब महम्मद इबराहीम अली खां बहादुर सोलत जंग सल्लमहु अल्लहतआला" और अन्दर नामे पर "नवाब साहब मुश फ़क़ मेहरबान मुखलिसान सलामत" लकब लिखा जाता है कागज़ सुनहरी और थैली कमखाब की होती है॥

राज्य अलवर

राजपूताना के पूरब और उत्तर दिसा में आमदनी के लेहाज़ से दूसरे दरजे की रियासत अलवर है- जिसके उत्तर में सिरकारी ज़िला गुडगांवा और कोट- कासिम राज्य जैपुर का इलाका और पश्चिम में नाभा-*पटियाला और जैपुर- का राज्य है- दक्षिण में जैपुर- और पूरब में भरतपुर राज्य की अमलदारी है- लम्बाई उत्तर से दक्षिण को ८० मील- चौड़ाई पूर्व से पश्चिम को ६५ मील - रकबा ३५७३ मील मुरब्बा- आबादी ६८२८३२ आदमीओं की- और आमदनी २० लाख रुपया सालाना- फौज सवार पैदल ४००० (शहन्शाही खिदमात के अलावा) है- सलामी की १५ तोपें और खिराज माफ़ है- इस राज में **रूपा** और **साबी**- नदियों के बहने से जिनमें से पहिली नदी सदा बहती रहती है- पैदावारी खूब होती है- अलवर का राज्य चार भिन्न २ इलाकों में है (१) **ढूंढाड** में मालाखेड़ा- राज गढ़-राजपुरा- टीला (२) **नीहड़** में थाना गाज़ी- परताबगढ़ - अजबगढ़ और बलदेवगढ़ (३) **राठ** जिसमें माडन- बीरोड- मंडावर- कसनीकोट नीमराना - हरसोरा- जीदोली - ततारपुर - हाजीपुर- हमीरपुर - बालसाज़- और रामनगर हैं- (४) **मेवात** - जिसमें अलवर - बहादरपुर - रामगढ़

* नाभा और पटयाले को सन १८५७ की खैरख्वाही में यह मुल्क सरकार ने बखशा है पहिले नवाब झभर का था - महम्मद मुराद अली - ॥

गोविन्द गढ़ - पीपल खेड़ा - किशनगढ़ - इसमाईलपुर - तजारा - और पंतो करा परगने हैं - राज्यका बन्दोबस्त करनेके लिये १२ तहसीलें है॥

मेव और खानज़ाद: जातिका इतहास

अलवर राज्य के इलाके में मेव जाति के लोग अधिक रहते हैं जो सुलतान महम्मद तुगलक के समय में मुसलमान हुए थे - इतिहास बतलाताहै - कियह राजपूतों और मीनों से मिलकर एक जाति पैदा हुई है - सदामन्दसे यहजाति इकैती और चोरी में परसिद्ध है - जैसे इस देशके जाट-गूजर-और मीने हैं - राज अलवरके परगने तजारा में एक दूसरी जाति खानज़ादा के नामसे परसिद्ध है - जो श्री कृष्ण चन्द्र जी के वंस में चन्द्र वंसी यादों राज पूतों की नसल है खानज़ाद: नाम पड़ने के दो प्रमाण इतिहासो में मिलते हैं - एक यह कि खान नामी कोई यादों नसल का राजपूत मुसलमान होगया था - अतएव उसका और उसकी औलाद का नाम खानयादों पड़गया - जिसको परन्तु सहस्सरो वर्ष विदीत होने से खानयादों कहते २ खानज़ाद: कहने लगी जैसे अजैमेर को अजमेर और गंधार को कंधार और असी को हांसी कहने लगे - दूसरी कथन - यह है कि फीरोज़शाह बादशाह तुगलक के समय में दोतीन राजपूत - मुसलमान हुए थे उनको बादशाहने खानेज़ाद की पदवी बख्शी थी - उनकी औलाद आजलों खानाज़ाद अर्थात खानज़ादा कहलाती है जिसका अर्थ चाकर है - दोनो बातो में से कोई बात हो परन्तु यह साबित है कि उक्त खानज़ादा यादों वंस राजपूत है - और उनके सम्बन्ध आजलों चौहान - भाटी आदि मुसलमान व हिन्दू राजपूतों के साथ होते हैं - जो हरयाने के देश में फैले हुए हैं - और रांघड कहलाते हैं - खानज़ादा जाति के सरदार ५०० वर्ष से सूरबीर के नामसे परसिद्ध हैं - नवाब हसनखां मेवाती जिसका नाम पुराने इतिहासो में सूर्य के समान

चमकता हुआ दिखाई देता है - उदैपुर के महाराना हिन्दू पति **संगराम सिंह** जी के साथ होकर **बाबर** बादशाह की लड़ाई में १००० सवारों के साथ काम आया था - इसी सूरबीर की बेटी के गर्भ से **बीरमखां** का पुत्र **अबदुलरहीमखानखान खाना** उतपन्न हुआ था - और जो अकबर बादशाह का मुसाहब था - जिस ने हिन्दोस्तान के दातारों और सूरबीर छत्रियों में नाम पाया और एक **कबित्त** के बदले में **चाडा चारन** मारवाड़ वाले को ५ लाख रुपया दिया था - इन दो जातियों के उपरान्त अहीर - जाट - आदि भी बस्ते हैं - राजधानी शहर अलवर अरबली परबत के ढलाव में बस्ता है - और ५० हज़ार आदमी उसमें रहते हैं - पहाड़ के ऊपर मज़बूत किला के अन्दर एक महल चार कुन्ड एक तालाब **सलेम सागर** और एक बावड़ी है - बर्तमान नरूकों के कब्ज़े से पहले जैपुर का किलेदार उसमें रहता था - अलवर की कच्ची शहर पनाह और खाई है - जिस को महाराजा **परताप सिंह** ने सं० १८३२ में तयार कराया था - कम्पिनी बाग और बने बिलास से जो **मोतीडूंगरी** पर है शहर की बहुत रौनक होगई है - इन बागों की सी नारंगियां कहीं नहीं होतीं ॥

तवारीख अलवर

अलवर के रईस जाति के कछवाहे हैं जो आंबेर के बारहवें राजा **उदयकरन** के परपोते **नरू** जी की औलाद में होने से **नरूके** कहलाते हैं - इनका कुरसीनामा यह है - महाराजा उदयकरन के बेटे बीरसिंह - उनके महाराज - उनके नरूजी - उनके लालाजी - उनके ऊदाजी - उनके लाडखां - उनके फ़तह सिंह - उनके कल्यान सिंह - उनके उग्रसिंह - उनके जोरावर सिंह - उनके मोहब्बतसिंह - उनके रावराजा परताब सिंह - ग्यारह पीढ़ी लों यह जैपुर के मातहत जागीरदार रहे परन्तु बारहवीं पीढ़ी में राव राजा परताप सिंह ने अपनी असली जागीर **माचेरी** व रामपुरा पर अपने भाई को उग्र सिंह

तेजसिंह - ज़ोरावरसिंह - मोहब्बतसिंह को छोड़ा - और अपनी तलवार के ज़ोर से - जैपुर भरतपुर के राज में से बहुत सा इलाक़ा दबाकर १८३२ में रियासत अलवर की बुनियाद क़ायम की - और रियासत स्थिर रहने के लिये उन्हों ने नवाब नजफ़खां के साथ बहादुरी से चाकरी करने और नवाब को भरतपुर और आगरा पर क़बज़ा दिलाने के बदले में दिल्ली के पिछले बादशाह शाह आलम से सनद और पंजहज़ारी मन्सब और माहीमरातिब का कुरब हासिल किया - जिससे जैपुरवालों का अलवर पर दावा न रहा और सं० १८३६ में जब कि मरहट्टे लूटमार कर रहे थे इन्हों ने बड़ी बहादुरी से बहुत सा मुल्क इधर उधर से दबा लिया - और २० लाख रुपया नक़द परगने **बिसदा** को लूट कर ख़ज़ाना भर लिया जिससे रियासत को पूरी ताक़त हासिल हो गई - रावराजा परतापसिंहजी पूसबदी ५ सं० १८४७ में ५० वर्ष की उमर पाकर देवलोप हुए ॥

महारावराजा बख्तावरसिंह सं० १८४७ में गोद आकर पाट विराजे - सं० १८६० में ग्राम सवाड़ी इलाके अलवर में मरहट्टों और अंगरेज़ी फ़ौज से भ्यानक युद्ध हुई - उसमें नवाब **अहमदबख्शखां** वकील अलवर - और ठाकुर **समरथसिंह** जी ने अंगरेज़ों को बहुत मदद दी - जिस से सरकार ने खुश हो कर बेनाले ने खराज के अहदनामा किया - और ८ परगने रावराजा को इनआम में दिये - जिन में लुहारू - दादरी - नीमराना भी हैं - और नवाब को लुहारू और फ़ीरोज़पुर के परगने इनआम में मिले - महाराज बख्तावरसिंह मांघसुदी २ सं० १८७१ में मृत्यु को प्राप्त हुए ॥

महारावराजा विनयसिंह सं० १८८० में पाट विराजे - दूसरे दावीदार बलवन्तसिंह को चार लाख की जागीर तजारा दी गई थी जो बलवन्तसिंह के बेऔलाद

मरने से २ बर्ष पीछे राज अलवर में पीछी मिलाई गई- सावन बदी ९ सं० १९१४ को ५० बर्ष की अवस्था में देवलोप हुए ॥

महारावराजा शिवदान सिंह १३ बर्ष की अवस्था में सं० १९१४ में अपने पिता की जगह पाट बिराजे - यह महाराजा साहब फ़जूलखर्ची और दातारी और बदइन्तज़ामी के कारण दो बेर रियासत से माज़ूल किये गये- और दोही बेर रियासत का अधिकार मिला - अन्त माजूली ही की हालत में सं० १९३१ में स्वर्गबाश हुये ॥

महारावराजा मंगलसिंह १४ दिसम्बर सन १८७४ ई० को गोद लिये जाकर पाट बिराजे - महारावराजा शिवदान सिंह जी के काका ठाकुर **लखधीर सिंह** जी गादी के दावीदार थे - पर अंगरेज़ी अफ़सरों ने उन को बूढ़ा समझकर गादी से महरूम रखा - ठाकर साहब ने महारावराजा के हुज़ूर में नज़र पेश नहीं की और खफ़ा होकर सरकार के हुकम से अजमेर में चले आये- और उसी हालत में मृत्यु को प्राप्त हुए- महारावराजा मंगल सिंह जी ने मेऊ कालिज में अंगरेजी विद्या सीखी - और सं० १९३४ में राज के अधिकार पाये - सं० १९४२ में जी० सी० एस० आई० का तमगा सरकार से पाया - और सं० १९४५ में सरकार ने **महाराजा** का खिताब बख्शा - २२ ता० मई सन १८९२ ई० को नैनीताल के पहाड़ पर जहां वह दो बर्ष से आबो हवा की बदली के लिये जाया करते थे - जिगर की बीमारी से देव लोप हुये - ॥ और लाश अलवर में लाकर दाग दिया गया ॥

महाराजा जैसिंह जी (चरंजीव) १३ ता: जून सन १८९२ ई० को १० वर्ष की अवस्था में अपने पिता की जगह राज बिराजे - रईस होनहार मालूम होते हैं राज का काम एक कौन्सिल द्वारा चल रहा है - जो करनल फ़रीज़र साहब पोलीटिकल एजन्ट की निगरानी में है - अलवर में आजकल एक बिचित्र मुकद्दमा चल रहा है - महाराजा साहब के नैनीताल में देवलोप होने से एक दिन पहिले अलवर

में राज्य के दीवान **कुंज बिहारी लाल** सड़कपर मारेगये- इसमुकद्दमाकी तह कीकात अंगरेज़ी पुलीस के अफ़ीसरों नेकरके रामचन्द्र आदि ६ मनुष्यों परकुंजबिहारीलाल के मारनेका दोष लगाया है- मुकद्दमा दौरासिपुर्द होगया है ॥

राज्य भरतपुर

राजपूताना परदेश के पूरब दिसा में भरतपुर बिचले दरजे काराज है जिसके उत्तर में गुड़गांवां ज़िला अंगरेजी पश्चिम में अलवर और जैपुर- दक्षिण में जैपुर करोली धौलपुर के इलाके और पूरब में ज़िला आगरा और मथरा है- लम्बाई ७५ मील और चौड़ाई ४८ मील- रक़बा १९७४ मील मुरब्बा- आबादी ६४५५४० आदमीओं की- आमदनी २२ लाख- फ़ौज सवार व पैदल ५००० है- ख़राजमाफ़ है- सलामी की १७ तोपें सर होती हैं- इस राज में होकर चार नदियां बानगंगा- घमदीर- कावन्द- और रूपारेल बही हैं- जिससे पानी की कोई कमी नहीं- इसके उपरान्त इस की नीची ज़मीन होने से १२ महीने बरसात का पानी भरारहता है और बहुधा यह पानी खेतों को नुक़सान पहुंचाता रहता है- दक्षिण दिसा में पहाड़ियां हैं जिनमें जंगली वृक्षों के अधिकतर होने से पशुओं को घासचारा हरमौसम में बहुत मिलता है- **बयाना कागद** और **दीग** इसराज्यमें पुराने और परसिद्ध स्थान हैं राजधानी भरतपुर नगर नीची ज़मीन पर तीन मील लम्बा और एकमील से अधिक चौड़ाई में बस्ता है- शहरपनाह यद्यपि कच्ची है- परन्तु इस के गिर्द जो खाई है वह सदा पानी से भरीरहती है और लड़ाई के समय बाहर के तालावों का पानी छोड़देने से नगर एक टापू बनजाता है- जिससे शत्रुओं का नगर लों पहुंचना कठिन और दुःभर होजाता है- इस नगर को महाराज रामचन्द्र के भाई भरतने अपने नाम पर बसाया था- परन्तु क़िला आदिराजा सूर्जमल

के बनाये हुए हैं ॥

तवारीख

भरतपुर वालों के पुरखे कौम जाट संसनी नामी ग्राम के रहने वाले हैं - यह खेती बाड़ी के सिवाय लूट मार भी करते थे - **राजाराम** जाट को सं० १७४५ में आलमगीर बादशाह के पोते **बेदार बख़्त** ने डकैती का दोश लगाकर क़तल किया और गढ़ी संसनी को उजाड़ दिया था - आलमगीर के मरने पर फिर इन लोगों ने लूट मार शुरू की थी परन्तु **फ़र्रुख़ सेयर** बादशाह के वज़ीर सैयद अबदुल्ला ने **चूड़ामन** जाट को जो राजाराम के क़तल होने से जाटों का मुखिया बना था लूट मार से बन्द रहने और रास्तों की हिफ़ाज़त करने का ज़िम्मेवार ठहरा कर **राहदार खां** का खिताब और कुछ गांव जागीर में बख़्शे - परन्तु यह लोग अपनी शरारत से बाज़ न आये इस लिये बादशाह ने सं० १७७५ में जैपुर के महाराजा सवाई जैसिंह को भेजा कि चूड़ामन को सज़ा दें - चूड़ामन वज़ीर से मिला हुआ था अतएव कुछ बन्दोबस्त न होसका - चूड़ामन ने ज़ोर पाकर अपने भतीजे **बदनसिंह** को क़ैद कर लिया - ३ वर्ष पीछे बदन सिंह क़ैद से छुटकर सवाई जैसिंह को अपनी सहायता के लिये चढ़ा लाया - ६ महीने महासरा रहा - अन्त को **इतौन** नामी स्थान को महाराजा ने विजै कर लिया - और चूड़ामन अपने पुत्र मोहकमसिंह समेत भाग गया - सन १७२३ ई० में बदनसिंह जाटों का रईस नियत कियागया - महाराज सवाई जैसिंह ने इस को राज तिलक दिया - बदनसिंह ने बहुत से ग्राम इधर उधर से दबाये - परन्तु **इलाहाबाद** के बादशाही सूबेदार ने इसको मारकर भगादिया - अन्त को बदन सिंह मरहटों से मिलगया - जिस से फिर भरतपुर की बुनियाद स्थिर होगई - जेठ सुदी १० सं० १८१२ में मरगया ॥

सूरजमल सं० १८१२ में अपने पिता की जगह राज बिराजे और सन १७३३ में

छापा मार कर खीमा जाट से भरतपुर छीन लिया और सं० १८२० में इलाहाबाद के सूबेदार नजीबुद्दौला से लड़कर मारे गये ॥

राजाजवाहर सिंह पूस वदी १३ सं० १८२० को गादी बिराजे और सं० १८२५ में क़िला आगरा में तरवारसे घायल होकर परलोक वास हुए ॥

राजारतन सिंह भादों वदी १ सं० १८२५ में पाट बिराजे ७ महीने राज कर ने के पीछे रूप कीमियागर गुसाईं के हाथ से चैत सुदी ५ सं० १८२६ में कतल हुये - इनके आदमीओं ने गुसाईं को वहीं मारडाला ॥

राजा केसरी सिंह सं० १८२६ में राज बिराजे - बादशाह के वज़ीर नजफ़खांने सं० १८२८ में आगरे का परगना दबालेने के दोष में भरतपुर के सिवाय समस्त राज ज़बत करलिया था परन्तु इन की मां रानी **किशोरी** की लाचारी से नवाबने राज वापिस दे दिया चैतवदी १५ सं० १८३४ में देवलोप होगए ॥

राजारनजीत सिंह सं० १८३४ में पाट बिराजे नवाब नज़फ़खां को ९ लाख रु० नज़राना कादेकर राज तिलक पाया सं० १८४१ में शाह आलम बादशाह को महाराजा साहब दीग की सैर कराने को लाये - बादशाहने खुश होकर **बदलबेग** से जिनके कबज़े में दीग का गढ था राजा को दीग दिलादिया - और दाऊदबेग से आगरे का किला महाराजा सेंधिया को दिला दिया जिस से नाराज़ होकर गुलाम कादर रुहेला ने बादशाह की आंखें निकालली और दिल्ली के लाल किले को लूट लिया - परन्तु अन्त को पिंजरे में बन्द होकर बडे दुखों से मारा गया - सं० १८६१ में अंगरेज़ी सेना ने भरतपुर पर हमला किया - जिसके सैनापती लार्ड लीक साहब थे - बड़ी घमसान की लड़ाई हुई - ३००० आदमी अंगरेज़ी फौज के मारे गये - तोभी भरतपुर विजय नहो सका - अन्त को महाराजा ने १२ लाख रूपिया देकर अंगरेज़ों से सुलह करली - आषाढ सुदी १५ सं० १८६२ में देवलोप हुए ॥

महाराजा रनधीरसिंह सं० १८६२ में राज बिराजे और सम्वत १८८० में देवलोप हुए - ॥

महाराजा बलदेवसिंह सं० १८८० में पाट विराजे और सं० १८८१ मे देव लोप हुए - ॥

राव दुर्जन साल - पाटवी तो वलवन्त सिंह थे परन्तु दुर्जन सालने जो महाराजा बलदेवसिंह के भतीजे थे फ़ौज और सरदारों की सहायता से वलवन्त सिंह को गादी से उतार कर खुद मालिक बनगये सरकार ने फ़ौज भेजकर दुर्जन-साल को निकालने का वन्दोबस्त किया किन्तु फ़ौजके आने मे देर हुई इस दोष में जनरल **अक्टरलोनी** साहब मौकूफ़ हुए - और उसी दुःख से मरगये - अन्त को २५ हज़ार अंगरेजी फ़ौज ने आकर भरतपुर लिया और दुर्जन साल को पकड़कर आगरे के क़िले में क़ैद कर दिया और वलवन्तसिंह जी पाट बिराजे ॥

महाराजा बलवन्तसिंह सं० १८८२ में पाट बिराजे और सम्बत १९०७ में देवलोप हुए - ॥

महाराजा जस्वन्त सिंह जी (चरनजीव) सं० १९२० में पाट विराजे ना-वालगी में सरकारी अफ़सरों की राय से राज का वन्दोवस्त हुआ - याने - तहसील - कचहरियां - दीवानी - फ़ौजदारी - माल आदि का वन्दोवस्त कियागया - सं० १९२५ में महाराजा साहब को राजके अखतियारात दिये गये - सं० १९२८ में महाराजकुंवार **रामसिंह** जी उत्पन्न हुए - १८७७ ईस्वी में महाराजा साहब को सितारे हिन्द दर्जे अव्वल का तमग़ा मिला - भरतपुर राजके समस्त ग्राम ३७० है इनमें १०० मन्दरों व धर्मार्थ के निमित्त हैं - वाकी खालसा हैं - कोई सरदार या जागीरदार नहीं है - महाराजको फ़ौज से बहुत मुहब्बत है - सरकार की ओर से खरीता के लिफ़ाफ़े पर "ब मुताले महाराजा साहब मुशफ़क़ मेहरबान मुखलिसान महाराजा ब्रज इन्द्र -

सवाई जसवन्त सिंह बहादुर बहादुरजंग सल्लमहु अल्लह तआला" और भी नामे पर "महाराजा साहब मुशफ़क़ मेहरबान मुखलिसान सलामत" लिखा जाता है-कागज़ सुनहरी येनी कमख़ाब की होती है-॥

राज्य धौलपुर

राजपूताना की पूरब दिसा में एक छोटी सी रियासत है-जिसके उत्तर में सरकारी ज़िला आगरा और पश्चिम भरतपुर करौली - दक्षिण और पूरब में गवालियार राज का इलाक़ा है- इस राज की लम्बाई ५४ मील - चौड़ाई ३२ मील - रक़वा १६२६ मील मुरब्बा - आमदनी ९ लाख रुपया - और फ़ौज सवार व पैदल ३००० के लगभग है- ख़िराज माफ़ - पदवी महाराजराना - सलामी की तोपें १५ सर होती हैं- इस राज की दक्षिण और पूर्व दिसा की सीमा पर चम्बल नदी ६० मील लों बह कर - गवालिआर और आगरे की सीम बन गई है- पश्चिम व दक्षिण दिसा में पहाड़ियां हैं- और बाक़ी ज़मीन सीधा मैदान है- बर्षा होने पर पैदावारी अधिक होती है- आंब के बृक्ष इस देश में अधिक हैं जिस से समसत ज़मीन लहलहाती हुई दिखाई देती है- **धौलपुर - बाड़ी - राजखेड़ा** - तीन बड़े परगने हैं-राजधानी **धौलपुर** आगरा और गवालियार की सड़क पर गवालियार से ३० मील उत्तर में और आगरे से ३४ मील दक्षिण में बसता है- धौलपुर की - दक्षिण दिसा में एक मील पर चम्बल नदी बड़े ज़ोर से बहा करती है - नदी के बाईं ओर बहुत मज़बूत किला बना हुआ है - और कई महल और मसजिद हैं- जिनमें एक मसजिद सन १६३७ ई० में शाहजहां बादशाह ने बनाई थी यह उन लोगों के निशान हैं जिनको सैकड़ो बर्ष हुए काल खा गया - हां- इतिहास उन के नामों और कामों को भली भांति दरसा रहा है-॥

तवारीख

धौलपुर वालों का निकास गोहद नामक ग्राम से है - जो किला गवालियार से २९ मील पर बसता है - इन के पुरखे ने जो जाट जाति का ज़मींदार था बाजे रावपेशवा की चाकरी में रहकर इज़्ज़त पाई थी और सं० १७९६ में बाजे राव ने इन को गोहद जागीर में बख़शी सं० १८१७ में अहमद शाह बादशाह अबदाली ने पानीपत के निकट बड़ी घमसान की लड़ाई लड़-कर मरहट्टो को भगा दिया उस समय गोहद का एक जाट जागीरदार लोकेन्द्र नामी गवालियार का किला दबाकर राना गोहद कहलाने लगा - राना पदवी इस को दिल्ली के बादशाह ने बख़शी थी - महाराज राना लोकेन्द्र सिंह से सं० १८२३ में मरहटों ने दूसरी बेर ज़ोर पकड़कर गोहद व गवालियार छीन ली - परन्तु ३ लाख रुपिया लेकर अपना ख़राजगुज़ार बनाकर गोहद लौटादी - और गवालियार को अपने क़बज़े में रक्खा सं० १८३५ में सरकार अंगरेज़ी ने इन से सन्धि करके अपनी ओर मिला लिया - और मरहट्टों से लड़कर गवालियर भी इन को दिला दिया - परन्तु ३ वर्ष पीछे दुशमनों से मिला रहने का दोष लगाकर सरकार ने इन का साथ छोड़ दिया - यह ख़बर सुनकर माधोराव सेंधिया ने हम्ला किया - और गोहद व गवालियर दोनों इन से छीन लिया - और राना को क़ैद कर दिया - २२ वर्ष लों यह क़ैद में रहे - और बड़े-२ दुःख भुगत कर अन्त को सरकार अंगरेज़ी ही की सहायता से दूसरी बेर रईस बने - इन के देवलोक होने की मिती का पता नहीं मिलता - ॥

महाराज राना कीरत सिंह सं० १८५९ में सरकार अंगरेज़ी ने गवालियर का किला अपने क़बज़े में कर लिया - और गोहद लोकेन्द्र सिंह के बेटे कीरत सिंह को दे दिया - किन्तु सं० १८६२ में जब दौलतराव सेंधिया और सरकार में अहदनामा होकर सुलह हो गई - तो सरकार ने गोहद और गवालियर दोनो सेंधिया के हवाले कर दिये - राना गोहद के पास कुछ भी न रहा - राना गोहद ने कोई क़सूर नहीं किया था जिस के बदले - में

उनकाराज मरहटों को दिया गया इसीवातकाविचारकरके सरकारने गोहदकेराना सेनयाअहदनामा किया और उसहानि के वदले में जो गोहद के छिनजाने से हुई थी सरकारने रानाजी गोहदको धौलपुर- वाड़ी-राजाखेड़ा-तीन परगने इनायत किये- तात्पर्य यह है- कि ४४ वर्ष यह गोहद के राना कहलाये और आजसे ८४ वर्ष पहिले गोहद छोड़कर धौलपुर के रईस बने- सं० १८९२ में महाराज राना कीरतसिंह मृत्यु को प्राप्त हुए- ॥

महाराजराना भगवन्तसिंह सं० १८९२ में- पाट बैठे सं० १८५७ ई० के उपद्रव में गवालियार से जो अंगरेज भागकर इनके पास आये थे- उनको हिफाज़त से र कब जेससे इनको भी दूसरे रईसो के समान गोदलेनेकी सनद मिली- सं० १९१७ में धौलपुर और गवालियार दरबार मे सख्त दुश्मनी होगई जिसके कारण महाराजराना ने गवालियार के महाजनों को दुःख देनेके लिये पारसनाथ जी का मन्दिर तोड़ दिया- इससे महाराजा साहब गवालियार का कोप भड़का- परन्तु सरकार ने फिसाद नहीं होने दिया सं० १९२६ में इनको सरकार से दर्जे अव्वल का तमग़ा मिला **गजरा** नाम की वेश्याकी दोस्ती से रियासत के बहुधा कामो में खराबी आगई थी और करज़ा भी कई लाख का होगया था **देवहंस** कामदार ने रानाजी को दबा लिया था- अन्त को एजन्ट साहबने दखल देकर बुरे आदमीओं को राज से निकाला कामदार कैद किया गया- पटियाला का मुन्शी अबदुल नबीखां और राजा डनकाराव के भाई **गजाधर** दीवान नियत किये गये- उन्हो ने नये सिरे से राजके कामों को दुरुस्त किया परन्तु पहिले अबदुल नबीखां और पीछे महाराजराना देवलोप हुए- ॥

महाराजराना नेहालसिंह (चिरनजीव) इनके पिता जो पाटवी थे अपने बाप महाराजराना भगवन्तसिंजी ही के सामने स्वर्गवास होचुके थे अतएव यह सं० १९२०

में आपने दादा की जगह ६ वर्ष की अवस्था में पाट बिराजे इनकी नाबालग़ी में प-
हिले राजा डनकरराव ने फिर मेजर डेन्ही साहब पोलीटिकल एजन्ट - इनके अतालीक़
और राज के मुन्तज़िम रहे- महाराना अंगरेज़ी- फ़ारसी- हिन्दी में भली भांति
लिख पढ़ सकते हैं सं० १८४० में इनको राज का अधिकार मिला - परन्तु फ़ुजूल ख़
रची और बद इन्तज़ामी के कारण मारटेली साहब पोलीटिकल एजन्ट की निगरानी
में काम होने लगा- और दो वर्ष से रायबहादुर मुन्शी **बिप्रानस्वरूप** साहब
जो अजमेर के ज़िले में डिपटी मजिस्ट्रेट थे राज्य के दीवान नियत हुए हैं- इनके श्री
श्रम से रियासत का काम अच्छी तरह से चलरहा है- सरकार की ओर से ख़रीता के
लिफ़ाफे पर " बमुताले महाराजा साहब मुशफ़िक़ बिसियार मेहरबान मुख़लिसा
न रईसुद्दोला सिपहदारुल मुल्क महाराजाधिराज श्रीसवाई राना लोकेन्द्र ब-
हादुर दिलेर जंगजी देवसल्लम हु अल्लाह तआला" और श्रीनामे पर "महाराजा सा
हब मुशफ़िक़ बिसियार मेहरबान मुख़लसान सलामत" लिखाजाता है- काग़ज़
सुनहरी थैली कमख़्वाब की होती है- ॥

राज्य परतापगढ़

परतापगढ़ का इलाक़ा जिस को कांठल कहते हैं- मेवाड़ के दक्षिण व पूर्व में है-
इसके पश्चिमोत्तर में मेवाड़- दक्षिण में बांसवाड़ा- और पूरब में रतलाम - हुल्कर
आदि मुल्क मालवा फैला हुआ है- लम्बाई उत्तर से दक्षिण को ५० मील चौड़ाई पू-
रब से पश्चिम को २५ मील- रक़बा १४६० मील मुरब्बा- आबादी १५०००० आदमी-
ओं की- आमदनी ख़ालसा ३५०००० रु० सालाना- फ़ौज सवार व पैदल ६०० आ
दमी समझे जाते हैं- परताप गढ़ का वह भाग जो बागड़ कहलाता है- पहाड़ी
और सूना है. भील इस राज्य में अधिक रहते हैं पहाड़ी वृक्षों के उपरान्त बांस यहां

का परसिद्ध है- वह भाग जो कांठल कहलाता है- नीची धरती है- जिस में गहूं आदि उत्पत्ति होते हैं- राजधानी परताप गढ ऊंची धरती पर सतेह समुन्दर से १६५८ फ़ीट ऊंचा और नीमच से ३२ मील पर दक्षिण में बस्ता है- रईस के महल नगर से आध मील पर हैं देवलिया यहांकी पुरानी राजधानी है- खिराज सरकारी ५६५००) सलामी की १५ तोपें है- ॥

तवारीख

परतापगढ वाले सीसोदिया राजपूत सूर्य्यवंशी खान्दान की छोटी शाख होने से **महारावत** कहलाते हैं- आज से चार सौ वर्ष पहिले चीतोड़ की दूसरी लड़ाई में परतापगढ वालों के एक पुरखा **बाघसिंह** जी बहादुरशाह गुजराती की लड़ाई में महाराना विक्रमादित्त के क़ायम मुक़ाम बनकर मारे गये थे इस कारण से जैसे मेवाड़ वाले अपने आप को श्री ईकलंगजी का दीवान कहते हैं उसी प्रकार परतापगढ वाले भी अपने नाम के साथ दीवान का लक़ब लिखते हैं-॥

महारावत खेमकरन सं॰ १४९० में चीतोड़ के महाराना मोकल जी मारे गये तो उनके दो बेटों कूंभा व मोकलजी में से कूंभाजी गादी विराजे- और मोकलजी को सादड़ी जावद जागीर में मिली- जहां से वह तरक्क़ी करके परतापगढ चले आये- और दूसरे राज्य की जड़ जमाई-॥

महारावत सूरजमल सं॰ १५५५ में पिता के मरने पर वही सादड़ी के मालिक बने- परन्तु चीतोड़ के पाटवी भयी राज से बखेड़ा रहने के कारण यह दक्षिण दिसा के पहाड़ों में चले गये- और देवलिया बसाया- महाराना चीतोड़ने इनकी जागीर ज़ब्त करली- ॥ *

महारावत बाघसिंह सं॰ १५७९ में पाट विराजे परन्तु अपनी पुरानी जागीर के ज़ब्त होने से नाराज़ होकर बादशाह मालवा के पास चले गये वहां इन को

* अर्थात नदी नाले

बादशाह ने डेढ लाख की जागीर बख्शी और इन्हो ने बाघवाडन ग्राम बसाया- सं० १५९५ में चीतोडगढ़ की लडाई में बहादुरशाह बादशाह गुजराती से लडकर काम आये - जब कि वह महाराना साहब की सहायता के लिये मालवा से आये थे-

महारावत रायसिंह १५९२ में चीतोडगढ के मुकाम पर पाट बिराजे - हुमायूं बादशाह के डर से गुजराती मेवाड से भागे - तो यह चीतोड महाराना को सौंपकर अपनी जागीर को चले गये - ॥

महारावत बीकाजी १६०९ में पाट बिराजे - और मेवाड छोड कर मंदसोर के बादशाही हाकिम से जा मिले - इनके साथ सूरजमल का पोता कान्हल भी जी म्वाहेडन की जागीर छोड कर चला गया था - महारावत ने उक्त हाकिम के कहने से सोनगरा राजपूतो से सुहागपुर छीन लिया और इसी तरह खेरोट - कोटडी - ननोद दबा लिये - और अपने काका कान्हल को घमोतर जागीर में दी - सं० १६१७ में **देवा मीना** को मारकर पहाडी मुल्क पर कबज़ा कर लिया - इन्हो ने बादशाही चाकरी में कृष्णदास के बेटे समरसी को दिल्ली भेजा - १६३५ में देवलोप हुए ॥

महारावत तेजसिंह सं० १६३५ में राज बिराजे और १५ बर्ष राज करके देवलोप हुए - तेजसागर इन्हीं ने बनवाया था - ॥

महारावत भानसिंह १६५० में पाट बिराजे - और सं० १६६० में **मकबन खां** जागीरदार मंदसौर के साथ जोधसिंह सीसोदिया को मारकर काम आये - ॥

महारावत सिंधा सं० १६६० में पाट बिराजे - और १९ बर्ष राज करके देवलोप हो गये - ॥

महारावत जसवन्तसिंह सं० १६७९ में पाट बिराजे - सं० १६८९ में महाराना जगतसिंह ने इन को उदेपुर में बुलाकर चंपा बाग़ में ठहराया - इन के पाटवी कंवर - महासिंह भी साथ थे - रात हुई तो महाराना ने **रामसिंह** राठोड को बहुत सी फ़ौज

साथ देकर वागमें भेजा कि महारावत जी को चुक करो। क्यों कि महाराना के दिल में महारावत के बादशाह से मिल जाने का रंज था - महारावत अपने पाटवी और साथियों समेत लड़ कर काम आए - ॥

महारावत हरी सिंह यह अपने पिता और बडे भाई के उदे पुर में मारे जाने पर सं॰ १६९० में राज बिराजे और दिल्ली में पहुंच कर महाराना के इत्याचार और भाई और पिता के मरवा डालने का हाल अर्ज़ कराया जिस पर बादशाह ने इन को इन आम और खिलअत व मन्सब देकर हाकिम मन्दसौर के नाम हुकम लिखा कि मेवाड़ का कबज़ा देवलिया से उठवा दो - दिल्ली से लौट कर महारावत ने उक्त हाकिम की सहायता से - मेवाड़ का कबज़ा उठा दिया - और ३२ गांव और भी मेवाड़ के दबा लिये - सं॰ १७३० में देव लोप हुए - ॥

महारावत परताप सिंह १७३० में पाट बिराजे ईडर विवाहने को गये थे लौटते समय **सलूमर** के रावत किशन सिंह के पोते मनोहर दास को साथ ले आये उन को सं॰ १७३५ में **बडलिया** आदि जागीर में दिया जो चूंडावतों की जागीर में आजलों है - सं॰ १७५३ में अपने नाम पर परतापगढ बसाया - और गढ़ बनाया सं॰ १७६४ में देव लोप हुए - ॥

महारावत प्रथ्वी सिंह सं॰ १७६४ में पाट बिराजे - १७७० में फर्रुखसेयर बादशाह ने दिल्ली में हाज़िर होने पर वक्त के उपरान्त राव की पदवी और खिलअत बखशा और राज्य में टकसाल जारी करने का अधिकार दिया - सं॰ १७७३ में म्रत्यु को पराप्त हुए - ॥

महारावत राम सिंह १७७३ में पाट बिराजे - और ६ महीने राज करके उसी सम्वत में देवलोप हुए - ॥

महारावत उमेद सिंह १७७४ में पाट बिराजे - और पांच वर्ष राज करके - वे

औलाद ही देवलोप हुए - ॥

महारावत गोपालसिंह सं० १७७९ में राज विराजे सं० १७८८ में पेश्वा हुलकर - मल्हारराव तीनों के साथ होकर महाराना उदेपुर ने डूंगरपुर घेर लिया - तब महा रावल शिवसिंह जी के बुलाने से यह डूंगरपुर गये और महारावलजी के - समझाने से डूंगरपुर बांसवाडे का खराज पेश्वा को देना स्वीकार किया - महासरा उठ गया - गोपालगंज बाज़ार बसाया - ३४ वर्ष राज कर के स्वर्गवास हुए ॥

महारावत सालमसिंह १८१४ में गद्दीनशीन हुए - परतापगढ की नई शहरपनाह बनवाई - सालमपुरा बसाया - दिल्ली जाकर आलमगीर सानी से - टकसाल का हुकम लाये - सालमशाही रुपया आजलों हर जगह चलता है - महता सूरतसिंह को जिस ने महाराना के विरुद्ध बग़ावत की थी सज़ा दी - हुलकर और - सेंधिया उदेपुर पर चढ आये - तो इन्हों ने महाराना अड्सीजी को मदद दी - जिस से रावत की पदवी जो बादशाह ने बख्शी थी बहाल रही - और धरयावद की जागीर पाई - द्वारकाजी में एक सदावर्त जारी किया - जो आजलों है - १७ वर्ष राज करके देवलोप हुए - ॥

महारावल सावंतसिंह - छोटे भाई लालसिंह को अरनोद जागीर में मिली - और आप सं १८३१ में राज विराजे - उदेपुर में सरदारों को चाकरी के लिये न भेजने से धरयावद महाराना भीमसिंह ने ज़बत करली - इन के समय में मरह टों ने राज्य परतापगढ को बहुत बरबाद किया - १५ हज़ार सालाना बादशाही खराज के बदले ७२ हज़ार खराज हुलकर ने लगा दिया - जिस के बदले में रुपया घोडे - ऊंट - धान दिया जाता था - तो भी पूरा नहीं पडता था - अन्त को मरहटों के दुरत्याचार से छुटने के लिये सं० १८७५ में कपतान मेगडा लड की मारफ़त महारावत ने सरकार से सन्धि की - पाटवी कंवर रूपसिंह ने महारावत के विरुद्ध

फिसाद उठाया - सरकार अंगरेजी ने गिरनार के गढ मे कंवरजी को क़ैद कर दिया जहां वह सं० १८०२ में मर गये - महारावत जी सं० १८४४ में ६० वर्ष की अवस्था में परलोकवास हुए - ॥

महारावत दलपत सिंहजी कंवर दीपसिंहजी के दो बेटे थे बडे केसरी सिंहजी और छोटे दलपत सिंहजी - महारावत सांवन्त सिंहजी ने पाटवी कं० के गिरनार में मरजाने पर बडे पोते केसरी सिंहजी को आप गोद लिया और छोटे दलपत सिंहजी को डूंगरपुर महारावल जसवन्त सिंहजी की गोद भेजा - परन्तु केसरी सिंहजी सं० १८९० में म्रत्यु को पराप्त हुए - जिनके कोई औलाद हीन थी - अतएव महारावत दलपत सिंहजी डूंगरपुर से उलटे आकर परतापगढ की गादी पर सं० १९०० में विराजे - और सरकार की मंज़ूरी से अपनी जगह डूंगरपुर की गादी पर - **आवरी के कंवर उदै सिंहजी** को गोद लेकर सं० १९०३ में बिठादिया और सरदारों व सरकार के कहने से आप दोनों रियास्तों का काम करते रहे - क्योंकि डूंगरपुर के महारावल जिन को इन्हों ने गोद लिया था - कम उमर थे - अन्त को आठ वर्ष लों डूंगरपुर का काम चलाकर परतापगढ में आगये - और फिर न हींगये - क्योंकि महारावल उदै सिंहजी डूंगरपुर के रईस भी होशियार होकर अपनी रियासत का काम अच्छी तरह चलाने लगे थे - सन १८५७ ई० के उपद्रव में सरकार को मदद दी - जिस से नेकनामी का खरीता सरकार से आया - तातपर्य यह कि १९ वर्ष डूंगरपुर में और २० वर्ष **परतापगढ** मे राज्य करके महारावत जी सं० १९२० स्वर्ग वास हुए - ॥

महारावल उदै सिंहजी १७ वर्ष की अवस्था में सं० १९२० में पाट विराजे - पहिले पहिले इन्हों ने भीलों और दूसरे लुटेरों को दण्ड देकर रियासत का अच्छा बंदोबस्त किया - सं० १९२२ में श्रीमान करनल **ईडन साहब** बहादुर रजीडन्ट राजपूताना

ने करनल निकसन साहब रज़ीडन्ट मेवाड़ समीत डूंगरपुर में जाकर महारावत जी को राज का अधिकार दिया- दूसरी वर्ष आगरा के दरबार में शामिल होकर श्री मान गवरनर जनरल से भेंट की- सं० १९२४ में एजन्ट साहब के शिकायत करने पर- निज़ामुद्दीन व नूरुद्दीन कामदार निकाले गये- और रतलाम का रहने वाला **उंकार** नामी महाजन कामदार हुआ- जिस को ७ वर्ष पीछे एक सिपाही ने मार डाला- और सिपाही ने फांसी पाई- फ़ज़ूल खर्ची और अकाल में हानि उठाने से रियासत क़रज़दार हो गई- इसलिये सं० १९४३ में सेठ **भीकाजी** फ़रामजी पारसी कामदार हुए- यह पहिले माही कांठा में असिस्टेन्ट पोलीटिकल एजन्ट थे- वहां से पिन्शन पाने के पश्चात परतापगढ़ के कामदार न्यत हुए- परन्तु सरदारों और रईअत की नाराज़ी के कारण काम नहीं चला सके सन १८७९ ईस्वी में महारावत जी देवलोप हुए-॥

श्री महारावत रघुनाथ सिंह जी (चरंजीव) महारावत जी स्वर्गवासी के असल से कोई औलाद न थी- [illegible] नामी [illegible] की पासवान [illegible] के पेट से एक कंवर प्रथवी सिंह जी हैं- अतएव **अरनोद** से महाराज रघुनाथ सिंह जी को लाकर सन १८७९ ईसवी में गादी पर बिठाया- यह महाराज बड़े दाना और लायक़ और दूर अन्देश सरदार हैं- इन्होंने गादी पर बैठते ही फ़ज़ूल खर्ची कम करदी- और रियासत का क़रज़ा उतारने का बन्दोबस्त किया- रियासत की खुशनसीबी से पंडियाजी श्री **मोहनलाल विशनोलाल** जी जो पहिले उदेपुर की महन्द्राज सभा के सिक्रट्री थे सं० १८९१ ई० से राज्य के प्रधान न्यत हुए हैं- यह महाशय अंगरेज़ी, फ़ारसी, संसक्रत आदि समपूर्ण विद्या के पंडित और राजरीति नीति से खूब वाकिफ़ हैं- आशा है कि इन के परीश्रम से राज्य का क़रज़ा मात्र उतर जाय- और रियासत सरसब्ज़ हो- सरकार अंगरेज़ी की तरफ़ से महारावत जी के नाम खरीता जाता है- उसके

सिफ़ाफ़े पर "बमुताले राजा साहब बिसियार मेहरबान दोस्तान राजारघुनाथ सिंह बहादुर सल्लमहु अल्लाहतआला" और श्रीनामे पर राजा साहब बिसियार मिहरबान दोस्तान सलामत" लिखाजाता है-॥

-परतापगढ़के अव्वल दर्जे के सीसोदिया सरदारों के ठिकानेयह हैं॥

धमोतर - झांतला - वरल्या - कल्यानपुर - रायपुर - आंवेराना - अचलोदा - अरनोद - सालमपुर - कचजोर - इन ठिकानों की जागीर में कुल ग्राम ४९ हैं - जिन में १२२१९ आदमी बस्ते हैं - आमदनी सालाना इन ठिकानों की ९०००० रुपयों की है - जिनमें से २२९५९ रुपिया रेख का भरते हैं - सब में धमोतर का ठिकाना बड़ा है - ॥

राज्य बांसवाड़ा

इसके उत्तर में मेवाड़ और डूंगरपुर - पश्चिम में रेवाकांठा व गुजरात - दक्षिण में - जहाज़पुर और रतलाम - पूर्व में परतापगढ़ का राज्य है - लम्बाई उत्तर से दक्षिण को ५० मील - चौड़ाई पूर्व से पश्चिम को ३७ मील - रकबा १४५० मील मुरब्बा आबादी १ लाख ४४ हज़ार आदमियों की - आमदनी खालसा २६०४०० रु० सालाना - फ़ौज सवार व पैदल ५०० गिनी जाती है - खिराज सरकारी ४२५०० रुपया साल सलामी १५ तोपें सरहोती हैं - इस राज्य में **मही नदी** के बहने से पैदावार की उन्नति होती है - जो बांसवाड़ा से ८ मील पर बहती है - राजधानी बांसवाड़ा नगर में ६००० आदमी बसते हैं - राज भवन ऊंची जगह पर उत्तम और सुन्दर बने हुए दिखाई देते हैं - जिनके निकट पक्के घाटों का तालाब मौजूद है - खुशहाल नगर - कालंजरा - संगवाड़ा - तीन नगर इस राज्य में परसिद्ध हैं ॥

तवारीख

बांसवाड़ाके महारावल जी डूंगरपुर वालों के समान सूर्य्यबन्सी राजपूत अहाड़िया

खांपके सरदार हैं- आजसे ३५९ वर्ष पहिले **डूंगरपुर में** शामिल थे- जिसकी बुनियाद १७५ वर्ष पहिले पड़ी है- बांसवाड़ा वालों का कथन है कि हमारे पुरखा **जगमाल जी** ने तलवार के बल से डूंगरपुर का आधा राज खालिया- डूंगरपुर वाले कहते हैं- कि हमारे बड़ेरे **प्रथवीराज** जी ने प्रसन्न होकर अपने छोटे भाई जगमाल को आधा राज बख्श दिया- मेवाड़ वालों का कहना है कि जब यह दोनों भाई राज्य के विषय में लड़ने लगे- तो हमने दोनों को आधा २ बांट दिया- परन्तु **तारीख फ़रिश्ता में अकबर बादशाह** के वज़ीर अब्बुल फ़ज़ल ने असल हाल यूं लिखा है- कि जब सं० १५८४ में डूंगरपुर के महारावल उदयसिंह जी महाराना **संगरामसिंह** जी के साथ **बाबर बादशाह से बयाना** में लड़कर काम आये- तो उनके बड़े पुत्र **प्रथ्वीराज** पाट विराजे ३ वर्ष पीछे सुलतान **बहादुरशाह** गुजराती डूंगरपुर पर चढ़ि आया- प्रथ्वीराज जी लाचार होकर बादशाह के हज़ूर में हाज़िर हो गये- उस समय जगमाल लूटमार करता था- और पहाड़ों में छिपा रहता था- वह पकड़े और मारे जाने के भय से चीतोड़ के महाराना रतनसी के पास चला आया- और महाराना की सिफ़ारिशसे बादशाह ने उसकी तकसीर क्षिमा करके प्रथ्वीराज जी और जगमाल को आधा २ राज्य बांट दिया- और आप कई दिन बांसवाड़ा में शिकार खेलकर चला गया- (देखो तारीख फ़रिश्ता मकाला ४) यह ग्रंथ ३०९ वर्ष पहिले अकबर के बड़े मंत्री के हाथ से लिखा गया है- जिसकी सनद मान्य अंगरेज़ भी स्वीकार करते हैं- इसी ग्रंथमें लिखा है कि सं० १६३३ में जब अकबर बादशाह अजमेर और मेवाड़ को विजय करके मालवा को जाता था- तो जगमाल के पोते **परतापसिंह** ने हाजिर होकर अताअत कबूल की- और चाकरी देकर **दूसरे** दर्जे **दूसरे रईसों** की बराबर कुरब पाया सं० १६५० में परतापसिंह के पोते **उग्रसेन** ने सरकशी करके बादशाही मुल्क को लूटना प्रारम्भ किया- इस दोश में मालवा के सूबेदार मिरज़ा **शाहरुख** ने बादशाह

के हुकम से बांसवाड़ा ज़बतकर लिया - महारावल परतापसिंह अपने पोते समेत भयके मारे पहाड़ों में जाछिपे - और वहीं से बादशाही राज्यमे लूटमार करने लगे- उक्त सूबेदार खबर पाकर मालवा को गया पीछे से महारावलने बांसवाड़ा ले लिया - दूसरे बर्ष सूबेदार बड़ी फौज लेकर बांसवाड़ा पर चढिआया - परन्तु महारावल ने नज़राना देकर अताअत कबूलकरली और फिर अंगरेज़ों का राज्य होने लों कभी नमकहरामी नहीं की - सं॰ १६८५ में महारावल के पोते **समरसी** जहांगीर बादशाह के हजूर में दिल्ली में हाज़िर हुए - ३००० नकद ३ हाथी १ पांनदान १ खंजर नज़र किया - बादशाह बहुत प्रसन्न हुए - और **शाहजहां** ने गादी पर बैठकर उन को १००० ज़ात का मन्सब १००० सवार का अधिकार - सोवर्ण का लंगर जड़ाऊ २५ हज़ार का - १ लाख नकद - और ८० हज़ार का सरोपा बख्शा - महारावल जी के पोते **अजबसिंह** ने उदैपुर की सीमा पर झगड़ा किया - जिसका बैर महाराना **अमरसिंह** जीने लेना चाहा - परन्तु बादशाही वज़ीर नवाब **असदखां** ने दोनों को समझाकर राज़ीनामा करा दिया - मुग़लों का परताप शोक समुद्र में डूबने के समय सं॰ १८५० में महाराना **भीमसिंह** जीने जो **ईडर** ब्याहने पधारे थे - महारावलजी से कई हज़ार नज़राना लेकर छोड़ा - ॥

महारावल उमेदसिंह जी पाट बैठकर दिल्ली के मालकों का भरोसा नहीं देखा - तो मरहटों को मुल्क से निकालने के लिये - जिन्होंने मालदेश को लूटकर बरबाद कर दिया था - सं॰ १८६८ में अपना वकील बड़ौदा के अंगरेज़ी रज़ीडन्ट के पास भेज कर सरकार से अहदनामा करना चाहा - परन्तु वहां से जवाब मिला कि दिल्ली को जाओ - पांच वर्ष पीछे सं॰ १८७४ में इन के वकील ने दिल्ली जाकर रज़ीडन्ट द्वारा सरकार से अहद नामा किया - इसी बर्ष में सरकार और महाराजा धार से जो अहदनामा हुआ था - उस के अनुसार धार ने ३५ हज़ार का खराज जो डूंगरपुर व बांसवाड़ा

महारावल उमैदसिंहजी का देहान्त इसी वर्ष

से लिया जाता था सरकार को देदिया -

में होगया -॥

महारावल भवानीसिंहजी सं० १८७५ में पाट बिराजकर दूसरा अहदनामा

धारवाले खिराज के उपरान्त सं० १८८० में ८००० रुपया

सरकार से किया - सरकार ने

किन्तु आमदनी के कम होने से कुछ दिन पीछे

फौजखर्च भी बांसवाड़ा पर लगया -

कामदारों की नालायकी से क़र्ज़ हो

माफ़ होगया - इनके समय में फ़ज़ूलखर्ची और

गया - अतएव महारावल डूंगरपुर ने बन्दोबस्त में मदद दी - सरकार ने कप्तान सेपर्स

साहब एजन्ट को बांसवाड़ा भेजा - उनको एक सिपाही ने मारडाला - जिसको काले

पानी का दण्ड दियागया - परन्तु रास्ते में से भागगया - सं० १८९३ में महारावल

देवलोक पहुंचे -॥

महारावल बहादुरसिंह गोद आकर सं० १८९४ में पाट बिराजे और कई

वर्ष राज करके देवलोक पहुंचे -॥

महारावल लछमनसिंहजी (चिरंजीव) सन १८४२ ई० में गादी बिराजे - ३

पुत्र महारानी साहबों और एक पासवान जी से हैं - महाराजकंवार हिन्दी उरदू लिख

पढ सकते हैं - महारावलजी पुरानी बातों को बहुत पसन्द करते हैं - १८४३ में मह

ारावलजी ने मुसलमानों की ईदगाह (मसीत) को जो टूट गई थी राज का रुपया ल

गाकर मरमत कराकर दुरुस्त करादी - जिससे मुसल्मान रय्यत इन से बहुत खुश हैं

इस राज में समसत ११८१ ग्राम हैं - जिनकी सालाना आमदनी ५ लाख है - इन

में से ५३३ ग्राम खालसा के हैं उनकी आमदनी २६७५०८ रुपया और -

११२ ग्राम धर्मार्थ - नौकरी - वचारन आदि की जागीर में हैं - इनकी आम

दनी २५ हज़ार सालाना है - और ५४३ ग्राम राजपूतों की जागीर में हैं - इनकी

आमदनी ३ लाख सालाना है - इनमें १४ सरदार अव्वल और १८ दूसरे दर्जे के हैं

अव्वल दर्जावालों के नाम वग़ैरा यहां लिखे जाते हैं - (१) मोरागांव-(२) मेनवाला (३) अथौना (४) गदी (५) सोरपुर (६) खांडू (७) गनोरा (८) किशनगढ (९) तलवाडन (१०) ओरीवाडन (११) खुशहालगढ (१२) नवागांव (१३) मोर (१४) खेडारोहनिया - इनमें ८ चौहानों (२) सीसोदियों (२) राठोडों और (१) मेहतीया (१) सकतावतों का ठिकाना है इन १४ ठिकानों के क़बज़े में २४९ ग्राम हैं और **खुशहालगढ** के रावत रणवन्त सिंह जी के सिवाय सब रेख भरते हैं ॥

सरकार अंगरेज़ो की ओर से ख़रीते के लिफ़ाफ़े पर " बसुताले राजा साहब बिसियार मेहरबान दोस्तान राजा ली मन सिंह बहादुर सल्लमहु अल्लाहु तआलाँ औ॒र्शी नामे पर "राजा साहब बिसियार मेहरबान दोस्तान सलामत" लिखा - जाता है- काग़ज़ सुनहरी थैली कमख़ाब की होती है ॥

राज्य सिरोही

राजपूताना के पश्चिम में एक छोटी सी रियासत है - जिसके पश्चिमोत्तर में मारवाड - दक्षिण में पालनपुर - माही कांटा और कडो था पूरब में मेवाड और मारवाड है - रक़बा ३०३४ मील मुरब्बा - आबादी ८० हज़ार आदमीयों की - आमदनी (१) लाख रुपया सालाना - फ़ौज सवार और पैदल ५०० - इसके उपरान्त १ लाख के लग भग जागीरदारों की आमदनी है - ॥ समस्त राज्य में जंगल और अरवली परबत फैला हुआ है - जिनमें सब से बडा परबत दक्षिण और पूरब में **आबू** है - जो सतह समुन्दर से ५००० फ़ीट ऊंचा है - इसी पहाड पर जनाब साहब एजन्ट गवरनर जनरल या रज़ीडन्ट साहब बहादुर राजपूताना रहा करते हैं - **लकवी** तालाब और देलवाडन के प्राचीन जैनमन्दरों से परबत की

सो आबाद गांव हैं- इसपहाड़ की आवोहवा बहुत ही उत्तम है - राज्य के इलाके
में ओसिये- भील- और मीने बहुत बसते हैं- जिनका पुराना पेशा लूटमार और
चोरी का है- प्राचीन समय में सिरोही के मातहत राजपूत भील और मीनों की
बेटियों से विवाह कर लेते थे- उनसे जो औलाद हुई- वह एक दूसरी जाति हो
कर **ग्रासिया** कहलाती है- बहुधा ग्रासियों के पास अच्छी जागीरें हैं यह
लोग कभी राज्य के अधिकार में नहीं रहे- राजधानी **सिरोही** नगर अजमेर
से २०० मील पहाड़ के पश्चिमी ढलाव में बस्ता है- इसमें ५००० आदमी रहते हैं
यह नगर १५ सदी के आरंभ में **सारनवा** परबत के नाम से बसा और फिर **सर
नवी** नाम रक्खा- जो बदल कर सिरोही बन गया- महारावजी के महल ऊंची
जगह पर हैं- तलवार यहां की हिन्दोस्तान भर में परसिद्ध है-॥

तवारीख

सं० १२५० में **शहाबुद्दीन** गोरी ने अजमेर के राजा प्रथवीराज चौहान
को मार कर दिल्ली और अजमेर आदि विजय कर लिये- तो चौहान लोग भाग
भाग कर राजपूताना के पश्चिम में आये- जहां परबत और बन होने से उनको
पनाह मिली- इनमें से **देवराज** नामी चौहान ने सं० १२४० में आबू दवा लि
या- और **परमारों** को निकाल दिया- इसी देवराज ने सिरोही राज्य की-
बुनियाद जमाई- उसकी औलाद आज लों **देवड़ा** कहलाती है- देवराज
के पीछे उसका बेटा राव **लूंभा** और फिर राव **सुलखा** राव रनमल-
तीन पीढी लों आबू ही पर राज करते रहे- परन्तु राव **सुभतान** ने सं० १४६२
में सिरोही बसा कर वहां रहना अख्तियार किया- सम्बत १४८२ में राव
सहंसमल ने नवीन सिरोही को बसाया- जो आज लों मौजूद है- मोहता **नैन
सी** अपनी ख्यात के अन्दर १५५२ में वर्तमान सिरोही का आबाद होना लिखते हैं

सं० १५०८ में रावलारवा ने आबू पहाड पर अपने नाम से ल्ह्वी तालाब बन वाया - जिस को अब **नरवी** कहते हैं - मतलब यह कि राव संहसमल से राव - सुलतान लों सौ वर्ष में लारवा - जगमाल - अखैराज - रायसिंह - दूदा - उदै सिंह - मान सिंह ७ रईस गादी पर बैठे - **मानसिंह** ने अपने भाई की बेवा रानी को जो हमल से थी जिस के पेट से पाटवी उत्पन्न होता बडे इत्याचार से मारडाला - परन्तु आप भी कई दिन पीछे कतल हुआ - ॥

सुलतान देवडा मानसिंह के कतल होने पर सं० १६२२ में पाट बिराजे और १२ बर्ष पीछे **ताजरवां** जालोर वाले के साथ हो कर (जिनकी औलाद आज दिन पालनपुर में राज करती है -) अकबर बादशाह से सरकशी की बादशाह ने - **तरसूरवां** और बीकानेर के राव **उदैसिंह** को फौज देकर भेजा उन्हों ने ताज खां और राव सुलतान को पकड कर बादशाह के हजूर में हाजिर कर दिया - दूसरी बेर भी ऐसाही हुआ - इस पर बादशाह ने मेवाड के महाराना उदैसिंह के बेटे - **जगमाल** को जो बादशाह की चाकरी में रहते थे - सिरोही का आधा मुल्क बांट दिया - परन्तु १६४१ मे **बीजा** देवडा ने सुरतान की ओर से बादशाही चाकरी - गुजरात में की जिस से अपना मुलक जगमाल से वापिस पाया - २० वर्ष राज कर के सुरतान देवलोक हुए - ॥

रावराजसिंह १६६७ में राज बिराजे - इनके पीछे अखैराज - फिर उदैभान फिर स० १७३३ में राव बैरीसाल - फिर सं० १७७६ में राव सुलतान दूसरे - सं० १७५४ में राव शत्रुसाल - स० १७६२ में राव मानसिंह - सं० १८०६ में प्रथवीराज सं० १७८२ में भारजा गांव से गोद आकर जगतसिंह पाट बिराजे - फिर राव हर साल - फिर राव उदै भान - १८६५ में पाट बिराजे - परन्तु रईयत को दुख देने के कारण सरदारों ने १० वर्ष पीछे इनको गादी से उतार कर कैद कर दिया - २८ वर्ष कैद

रहकर १९०३ में मृत्यु को प्राप्त हुए-॥

राव शिवसिंह राजसिंह के गादी से उतारे जाने पर सं० १८७४ में पाट विराजे- और सं० १८८० में सरकार से अहदनामा दोस्ती और मातहती का किया- १२ बर्ष पीछे सरकार ने रावजी को ५० हज़ार रुपया बिना ब्याज उधार देकर राज का कर्ज़ चुकवाया- सरकश ठाकरों को ज़ेर किया- परन्तु अहदनामा होने से पहिले- जितने ठाकुर **पालनपुर** के मातहत बन गये थे- वह वापिस रावजी के मातहत न हो सके- सं० १९०१ में रावजी ने आबू पर साहबरज़ीडन्ट बहादुर का रहना मंज़ूर- किया- इस शर्त पर कि ज़मीन का मूल्य मिले- और आबू पर मोर कबूतर आदि- न मारे जायें- अंगरेज़ी आदमी बिना दाम दिये सिरोही की रईयत से कोई चीज़ न लेसके- सं० १९१० में २ लाख का करज़ा होजाने से रावसाहब ने अपनी रियासत का इन्तज़ाम सरकार के हवाले किया- और राज्य की आमदनी १ लाख से कम सा बित होने पर सरकारी खराज ३० हज़ार से १५ हज़ार रह गया -सन १८५७ ई० के- ग़दर में रावसाहब की खैरख्वाही साबित होने से सरकारी खराज और भी माफ़ हो कर ७५०० रुपया रह गया- इस मौके पर राज मोत्मद मीर **न्यामतअली** की- कारगुज़ारी प्रसंसा के योग्य है- ७ बर्ष पीछे सं० १९१७ में रजन्टी से निकलकर रा- ज्य का अधिकार रावजी को मिला- रावसाहब ने अपने कंवर उमेदसिंहजी को राज का काम संम्हलाया- और आप इसी साल में परलोकबास हुए -॥

राव उमेदसिंह १९१७ में पाट बिराजे- इनके छोटे भाईयों ने थोड़ी जागीर- लेने से इनकार करके बहुत दिनों नकफ़िसाद रक्खा- परन्तु सरकार की सहायता के भय से अन्त को चुप होरहे- पहिले मीर न्यामतअली और फिर कछभुज के मुन्शी **महम्मद अमीन** दीवान रहे- सं० १९२२ में पिछले दीवान ने फ़ौजदारी दीवानी- और महकमे माल का बन्दोबस्त किया- १९३२ में रावसाहब परलोकबास हुए -॥

राव केसरी सिंहजी (चरंजीव) १९३२ में, १९ वर्ष की अवस्था में पाट विराजकर राज्य के इन्तज़ाम में चित्त लगाया- और मेवाड़ से मुन्शी न्यामतअली को उलगबुलाकर काम सोंपा जिसने खैरख्वाही से काम करने के बदले में सरकार से १९२० में **खान बहादुर** का खिताब पाया- खरूडी में जहां पहिले नंगलथा-रेल आने और आबू का रास्ता होने से बड़ा नगर बसगया और आमदनी भी बढ़गई है- महाराव जी ने अपने राज का बन्दोबस्त बहुत अच्छा किया-मिलापचन्द-मौल्वी अब्दुलहै- करीबुल्लाखां- सिंदी पूनमचन्द आदि अहिलकारों की होशियारी से बन्दोबस्त रहा- **जोवली** पर महाराव और उनके काका राजसाहवां **तेजसिंह** जी ने नोकड़े लायक और विद्यवान सरदार हैं- बहुत खुशी की जिससे प्रसन्न होकर सरकार ने सन १८८९ ई० में रावसाहब को महाराव साहब का खिताब बख़्श्या- थोड़े दिनों से महारावसाहब ने अपने काका राजसाहवांश्री **तेजसिंह** जी को मुहीराज अफसर नियत किया है- आशा है- कि यह लायक सरदार राजकी उन्नति का कार्या होंगे- इस राज्य में ९ परगनों के मातहत ३६० ग्राम हैं जिन में से १०० खालसा और २०० जागीरदारों और ६० धार्मिक आदि के क़बज़े में हैं- इसरीते के लिफ़ाफ़े पर सरकार की ओर से "बमुलाहिजे- महारावसाहब बिसियार मेहरबान दोस्तान महाराव केसरीसिंह बहादुर सलामत"- और श्रीनामे पर महाराव साहब बिसियार मेहरबान दोस्तान सलामत"- लिखा जाता है- कागज़ रंगीन- थैली अतलस की होती है-

राज्य शाहपुरा

यह छोटी सी रियासत मेवाड़ के उत्तर में और अजमेर के दक्षिण और पूरब में है- शाहपुरा वाले सीसोदिया कुल में महाराना अमरसिंह (१) के तीसरे पुत्र-

सूरजमल की औलाद हैं - महाराज सूरजमल के ३ बेटों - सुजानसिंह - भाऊ सिंह - और वीरमदेव में से पहिला **पलाना** के ठिकाने पर रहा - दूसरे को रखा र मेवाड़ से **नारेली** की जागीर मिली - तीसरा मेवाड़ से नाराज़ होकर बाद-शाह के हज़ूर में पहुंचा - और अच्छी चाकरी करने के बदले में २५०० का मन्सब पाकर मृत्यु को प्राप्त हुआ - इनके बड़े भाई -

सुजानसिंहजी जो अवलों मेवाड़ के मातहत थे महाराना जगतसिंहजी से बिगाड़ करके सं० १६२६ में दिल्ली पहुंचे - और टोडा के राजा **रायसिंह** की मार फ़त जो रिश्ते में इनके भाई लगते थे - शाहजहां बादशाह से सलाम हुआ बादशाह ने उनको उक्त सम्वत में **फूलिया** की जागीर बख्शी जो बहुत दिनों पहिले मेवाड़ से ज़ब्त होकर बादशाही खालसा में मिला ली थी - उस समय फू-लिया की आमदनी १ लाख की थी - सं० १६३२ में सुजानसिंह ने शाहजहां के नाम पर फूलिया के परगने में **शाहपुरा** बसाया - और सं० १७१५ में जब शाह जहां के मरने पर उनके बेटों में तख़्त के लिये झगड़ा खड़ा हुआ - तो राजा सुजान सिंह बड़े शाहज़ादे दाराशिकोह की ओर से मालवा में औरंगज़ेब से लड़ कर पां चों बेटों समेत काम आये - ॥

राजा दौलतसिंहजी १७२१ में पाट बिराजे और सं० १७४२ में मृत्यु को-प्राप्त हुए - ॥

राजा भारतसिंहजी १७६७ में शाह आलम बादशाह के हज़ूर से राजा का खिताब और साढ़े तीन हज़ारी मन्सब पाकर अपने पिता की जगह पाट बिराजे-परन्तु इनके बेटे ने इनसे राज छीन लिया - अन्त उसी अवस्था में सं० १७८७ में देवलोक हुए - ॥

राजा उमेदसिंहजी आपसे गादी छीन कर महाराना की चाकर अच्छी तरह से

की जिसके बदले मे दरबार मेवाड़ से रेख भरने के बदले में काछोला की जागीर पाई- सं॰ १८२५ में दरबार मेवाड़ की फौज के साथ होकर उज्जैन में मरहटों से लड़कर काम आये- ॥

राजा रनसिंह सं॰ १८२५ में दादा की जगह पाट बैठे- और ५ वर्ष राज करके परलोकवास हुए- ॥

राजा भीमसिंहजी सं॰ १८३१ में पाट बैठे- और ५ वर्ष राज करके परलोक वास हुए- ॥

राजा अमरसिंहजी १८४६ में गादी बिराजे और महाराना साहब की इच्छा अनुसार बहुल मे लुटेरो को ज़ेर करने के बदले में **राजाधिराज** की पदवी पाई- परन्तु थोड़े- दिनों पीछे महाराना ने नाराज़ होकर उनसे अगोचा और जहाज़पुर का परगना ज़ब्त कर लिया- और सं॰ १८८४ में राजा साहब देवलोप हुए॥

राजा माधोसिंहजी इनके गादी बैठने पर सरकार अंगरेज़ी ने शाहपुरा ज़ब्त कर लिया- परन्तु ३ वर्ष पीछे बाद शाही फ़रमान पेश करने पर उलटा दिया गया- सं॰ १८०३ में देवलोप होगये- ॥

राजाधिराज जगतसिंहजी १८०३ में पाट बिराजे और सं॰ १८०४ में सरकार ने इनसे अहद नामा किया और १००० रुपया सालाना खराज (उनतीन हज़ार दोसो की रेख के सिवाय जो काछोला की जागीर के बदले में महाराना साहब को भरी जाती है) लगाया- ८ वर्ष राज करके राजाधिराज परलोक वास हुए॥

राजाधिराज लछमनसिंहजी १८१० में पाट बिराजे- सं॰ १८२५ में कमिश्नरी अजमेर (सरकार) की निगरानी से निकल कर शाहपुरा की रियासत एजन्टी हाड़ौती की निगरानी में की गई- इनके अहद में रियासत बहुत क़र्ज़दार होगई- कई बेर सरकार ने हिदायत की- परन्तु कुछ बन्दो बस्त न हुआ- अन्त को खुद पोलिटिकल

रेजन्ट शाहपुराको रवाना हुए- किन्तु रास्ते में समाचार मिले कि २ ता: नवम्बर सं० १८६८ ई० को राजा धराज का देहान्त होगया- और एक खरीताभी राजा धराज स्वर्गवासी की ओर से जिसको कहा गया कि उन्हों ने जीतेजी लिखाया- साहब के रोबरू पेश हुआ उस में लिखाया था कि हम राजी खुशी से बिश्न्यां गम्भीर सिंह के बेटे रामसिंह को गोद लेकर अपना वारिस ठहराते हैं परन्तु एक धाभाई का मदार के सिवाय और किसीने इस खरीते के सच्चे होने की गवाही नहीं दी- अतएव वह कीकात के बाद खरीता जाली साबित होकर ठाकुर साहब **धनोप** के पुत्र नाहर सिंह जीको गोद लिया गया- जो राजा उमेद सिंह के छोटे बेटे ज़ालिम सिंह जी के वन्स में से हैं- और ७ महीने पीछे बिश्न्या के कंवर रामसिं को गादी छोडनी पडी-॥

राजा धराज श्री नाहर सिंह जी (चरंजीव) सं० १९२७ में पाट विराजे ना तजरबाकारी के कारण सरकार ने **सालगराम** जी कामदार को सलाहकार रक्खा- परन्तु वह थोडे दिन पीछे मर गया- तोभी राजा धराज नाहर सिंह जी ने उर्दू हिन्दी चित्त लगाकर सीखा- राज्य का काम भी चलाया- इनको सं० १९३३ में राज्य का पूरा अधिकार मिला- कई लाख रुपये का जो कर्ज़ था उतार दिया- पण्डित **मोहन किशन** एक्स्ट्रा असिस्टेंट कमिश्नरी सरकार की सलाह से प्रधान नियत हुये- परन्तु सं० १९३० में कई जागीरदारों ने आबूतक शिकायतें की- जिस पर पण्डित जी ने इस्तेफ़ा दिया- और बाबू **रामजीवनलाल** अजमेर गवर्नमेण्ट कालिज के मास्टर दीवान किये गये- इसी सं० में राजा धराज ने स्वामी **दयानन्दसरस्वती** जी महाराज की शिक्षा पाकर मूरती पूजन को छोड दिया- और आर्य्य समाज को अजमेर का बागीचा कीमती १००० रुपया दान किया- सन १८८० ई० में जागीरदारों की शिकायत करने पर मेजर थारन्टन साहब एजन्ट हाडौती के हुकम से बाबू रामजीवन निकाले गये- और मुन्शी **भोलानाथ** दीवान नियत हुए-

राजाधिराज के दो राज कंवार हैं बडे उमेद सिंहजी मेऊ कालिज में शिक्षा-पाते हैं खुदराजा धराज राजके कामों में चित्त लगाते हैं- रियासत अच्छी हाल त में है- परगने शाहपुरका रकबा ४०० मील मुरब्बा और काछोला का ३०० मील मुरब्बा है- आमदनी खालसा डेढ लाख रुपया की लगभग है- और इत नीही जागीरदारों के कबजे में हैं सरकार की ओर से खरीते के लिफाफे पर "राजा साहब मुशफक मेहरबान राजा धराज नाहरसिंह ज्योसलामत" और यही मीना-मे पर लिखा जाता है-

शेखावाटी

इस मुल्क की तीन छोटी रियासतें- खंडेला- सीकर- खेतडी- शेखावतों की हैं यद्यपि पहिले के समान यह खुद मुखतार नहीं हैं- जैपुर राज्य की मातहत हैं परन्तु फिर भी इन को अपने २ राज्य में दो चार बडे मामलों के सिवाय पूरे अधि कार हैं- दीवानी फौजदारी अपने २ राज्य की इन्हीं के अधिकार में है- राज्य जै पुर का नाज़िम जो झुंझनूं नगर में रहता है- उसके पास वही मुकदमे जाते हैं- जि नको यह ठिकाने फैसल न करसकें- यह बालूरेत के टीवों का मुल्क जैपुर के उत्तर दिसा में है- जहां आद्र जेठ से लेकर आधे आसोज़ लों पूर्ण वर्षा होने से- बाज़रा- मोठ- तिल- मूंग आदि उत्पन्न होते हैं- बैलों के सिवाय ऊंटों द्वारा भी हल जोते जाते हैं- इस देश के उत्तर में बीकानेर और पश्चिम में मारवाड का रेगिस्तानी मुल्क है- पानी यहां भी बीकानेर के समान औंडा और खारी होता है-॥

तवारीख

आंबेर के बारवें राजा **उदैकरन** के पोते और मोकल जी के बेटे **शेखा जी** कछवाहा के नाम से यह मुल्क शेखावाटी कहलाता है- क्योंकि उसी की औलाद इस मुल्क में अधिकतर बस्ती है- शेखावतों से पहिले इस देश में कायमखानियों

...राज था- जो चौहान बसते हैं- और मुसल्मान होगये हैं- **मोकलजी** ने औलाद के लिये एक मुसल्मान पीर **बुरहानुद्दीन** की बहुत टहल की थी जो खुरासान देश से आकर इस जंगल में रहते थे- फ़कीर की दुआ से बेटा उत्तपन्न हुआ- मोकलजी ने शेख़ बुरहानुद्दीन के नाम पर उसका नाम शेखा या शेखजी रक्खा उसकी औलाद आजलों **शेखावत** कहलाते हैं- यह लोग उक्त दरवेश की- शिक्षा के अनुसार मुसल्मानों के पीर पैग़म्बरों की पूजा करते हैं- बच्चा उत्पन्न होता है- उसको शेख़ बुरहानुद्दीन की कबर के पहिले झंगला पहनादेते हैं- सुअर का मास नहीं खाते- और झटका भी नहीं छूते- बुरहान के मरने पर उसकी पक्की कबर बनाई है- जिस पर आजलों चढ़ावा चढ़ाते हैं- और साल भर में वहां मेला भरता है- खंडेला- खेतड़ी- सीकर- मनोहरपुरा के जागीरदार शेखजी के बंस में पसिद्ध हैं- और समसत कछवाहों की खांपों में शेखावत अधिक हैं और अपने बल के भरोसे पर सरकश रहे हैं- अकबर बादशाह के समय में राजा गिरधर- राव मनोहरदास- राव रईसाल- नामी शेखावत थे- जिन्होंने बादशाही दरबार में मन्सब और कुरब पाया था- मुसल्मानों की बादशाहत जब शोक समुद्र में डूबने लगी- तो **महम्मद शाह** बादशाह के अहद में जैपुर के महाराजा सवाई **जैसिंहजी** ने शेखावतों का बल तोड़ कर अपना खराज गुज़ार बना लिया- हर एक जागीरदार के मरने पर उसकी जागीर समसत औलाद में बराबर तकसीम होने से कोई ठिकाना कायम नहीं रहा- सीकर- खेतड़ी- खंडेला- तीन ठिकानों ने उक्त रिवाज को नहीं माना- जिससे वह बने रहे- इन में से सीकर- और खेतड़ी की सालाना आमदनी चार चार लाख रुपया है- जिन में से २ लाख सालाना राज जैपुर में खराज भरते हैं- इसी कारण से- शेखावत और **राजावत** दूसरे जागीरदारों के समान चाकरी नहीं देते-॥

(दफ़ा ५)

सूबा अजमेर

पराचीन इतिहासों से साबित है- कि हिन्दोस्तान में पुराना और समस्त क़िलों से पहिला गढ **बीटली** है जो तारा गढ के नाम से परसिद्ध है- (इसको बीठल गढ भी पुराने ग्रंथों में लिखा है)- **अरव बारुल अरवयार** इतिहासकाले खक- लिखता है कि इस देश में सब से पहिले जिस क़िले की नीव पडी वह तारागढ है- बहुत से हिन्दी ग्रंथों में ऐसा भी लिखा है कि **बालसुगरीव** का भाई महाराजा राम चन्द्रजी की सैना का सरदार था उसने अपनी पतनी के नाम से जिसका नाम तारा था तारागढ को बसाया- कुछ ही हो- इसके पराचीन होने में कोई संदेह नहीं हां बींठ लीगढ (या बींटलगढ) जो बहुत पुराना था उसको राय पिथौरा ने तुडवाकर नया क़िला लाल पत्थरों का उसकी जगह बनाया था- जो आज लों टूटा फूटा मौजूद है- वह तारा गढ जिस पर अबदुलमुल्क के सैनापती **महम्मद क़ासिम** ने सिंध से उतर कर आज से १२०३ वर्ष पहिले सन ९५ हिजरी में हमला करके दूल्हाराय और उसके पुत्र **लुत** को शिकस्त दी थी वह तारागढ नहीं है- यह क़िला ८०० फ़ीट ऊंची टीकरी पर नगर के दीहारा में मौजूद है- अजमेर के बसाने का ठीक सम्वत किसी ग्रंथ या पत्थर के कुतबे (प्रशस्ति) से नहीं मिलता परन्तु यह साबित है कि **अनहलदेव** चौहान के (जिसने सं० ८०२ मे अनहलवाडा जिसे अब पटन गुजरात कहते हैं बसाया था) पडपोते **अजैपाल** चौहान ने सन १४५ ई० में **अजगंध** परवत में जो **अरबली** परबत की टीकरी के नीचे है- अपने नाम से अजमेर को बसाया था- अरबली का अर्थ उमर का पहाड- अजगंध का अर्थ बकरियों की

गिंध आनेवाला पहाड़ और संसक्रत में परबत को भी **मेरू** कहते हैं तो अजमेर नाम का अर्थ **अजैपालकापहाड़** (या बकरियों की गिंध आने का पहाड़) हुआ **टाड साहब** लिखते हैं कि इसी राजा ने अपनी रानी **तारा** के नामसे तारागढ़ का किला बनवाया था - पहिले **राय पिथौरा** के बाप समेस्वर देव ने **नाग पहाड़** पर जो पुशकरजी और अजमेर के मध्य में है नया गढ़ बनाना चाहा - परन्तु दिन को जितना काम बनता रातको उसे दैत आकर ढा जाते - इस गढ़ की भीतें आज लों नागपहाड़ पर खड़ी हैं हारकर राजा ने पुराने बीठलगढ़ ही की जगह नया किला बनाया - राजपूताना के मध्य में परसिद्ध नगर होने के कारण दिल्ली के बादशाह सदा अजमेर को खालसा में रखते रहे - और सूबेदार या किलेदार की राजधानी रही - अकबर बादशाह के समय में जब समसत हिन्दोस्तान की पैमायश होकर इस मुल्क में भिन्न भिन्न सूबे नियत किये गये - तो अजमेर में भी सूबे का रखना करार पाया और इस प्रकार से इस की सीमा स्थापित की गई - गढ़ **आंबेर** से जैसल्मेर व बीकानेर लों १६८ कोस लंबाई चौड़ाई अजमेर से बांसवाड़ा लों १५० कोस - पूरब में आगरा - पच्छिम में देपालपुर - मुलतान उत्तर में इलाका दिल्ली - दक्षिण में गुजरात - सरकारें इसकी सात थीं - अजमेर - चीतौड़ - रंतभंवर जोधपुर नागौर - सिरोही - बीकानेर - इनके मुत्अल्लिक १२३ मुहाल - आमदनी ५५ करोड़ ३ लाख ६० हज़ार दाम (या डेढ़ करोड़ रुपया) सालाना मुलसद्दियों की बोली में पैसे के पचीस्वें भाग का नाम दाम है - सरकार अंगरेजी ने भी देखा देखी बादशाहों के समान अजमेर को खाल्सा रखकर यहां चीफ़ कमिश्नर अथवा रज़ीडन्ट को रखा है परन्तु अब इसकी सीमा और हद्दें इस तरह पर हैं **जस्सारवेड़ा** से बवायचा ग्राम लों दक्षिण से उत्तर को १०८ मील लम्बाई और चौड़ाई नदी बिनास जागीर सावर से खरवा लों - ७६ मील - पूरब में किशनगढ़ व जैपुर दक्षिण में

मेवाड़ - पश्चिम में जोधपुर - उत्तर में मेरवाड़ा - रकबा २७१५ मील मुरब्बा आबादी ४८०८७८ आदमीओं की - आमदनी खालसा ३ लाख सालाना जागीरदारों के कबज़े में ६५०००० की जागीर है - जिनमें से इस्तमरारी जागीरदार ११५५११) रुपया सरकार में रेख भरते हैं - खास अजमेर में ७२ हज़ार आदमी बस्ते हैं - ॥

दरगाह ख्वाजाजी - सन हिजरी ५६१ में ख्वाजा मुईनुद्दीन नामी दरवेश खुरासान से यहां आये - रात दिन ईश्वर की भक्ती में रहते थे - अत एव हिन्दू मुसल्मान उन को पीर मानने लगे - अकबर बादशाह से पहिले केवल पक्की कबर और उस पर छतरी हो थी - परन्तु अकबर ने चीतोड़ विजय करके - (जिसकी उस ने मान्ता मानी थी) ख्वाजाजी की दरगाह में बहु मुल्य मकान बनाये - कबर पर जड़ाऊ मुकबरा बनाया - जिसमें हीरा - पन्ना - और भांति भांति के नग जड़े हैं - और चीतोड़गढ़ के नक्कारों की जोड़ी स्वन चिराग - और फाटक - घड़ियाल आदि चढ़ाई - आगरा से नंगे पांव अजमेर को आया - और कोस कोस पर कुंवा - और मीनार बनवाया - जो आज लों मौजूद हैं - हर एक मीनारे पर नक्कारा लेकर आदमी बैठा था - जिस वक्त अकबर दरगाह में पहुंचा - तो उस के हुकम से कोस कोस पर नक्कारा बजने लगा - जिससे उसकी मां को आगरे में उसी दम खबर होगई कि अकबर इस वक्त दरगाह में है - कबर के गिर्द मरहटों का बनवाया हुआ चांदी का कठरा है - इस दरगाह की जागीर में १८ ग्राम ३७ हज़ार की जागीर के हैं - और ४३००) रुपया साल हैदराबाद दखिन से आता है - दोनों वक्त ६ मन जौ का दलिया पका कर गरीबों को बांटा जाता है - जिसको लंगर कहते हैं - रजब महीने की पहिली से सातवीं तो मेला लगता है - ॥

पुष्करजी अजमेर से ३ कोस पश्चिमोत्तर दिसा में हिन्दुओं का बड़ा तीरथ है -

यहां ब्रम्हाजी महाराज ने यग्य किया था और मात्र देवता एकत्र हुए थे- शास्त्र में इस को प्रथवी की दाहनी आंख लिखा है- इसी कार्ण से इस में स्नान करने का इतना बड़ा महातम है- जितना समसत तीर्थों में नहाने से होता है- पुशकर के गिर्द- बड़े २ मन्दर और घाट महाराजाओं और रईसों के बनाये हुए मौजूद हैं- जिन में ब्रम्हाजी और अर्रसिंह जी के मन्दिर देखने के योग्य हैं- पन्डे यहां के दो भांति के हैं- एक बड़ी बस्ती दूसरे छोटी बस्ती वाले कहलाते हैं- महाराजा साहब जैपुर व जोधपुर और बादशाही सनदों में छोटी बस्ती वाले असल पन्डे साबित हुए हैं- पुशकरजी की जागीर बहुत पुरानी है- परन्तु पीछे जहांगीर बादशाह और फर्रुखसियर ने खास फरमान के जरिये से जागीरें दी हैं- कार्तिक में बहुत बड़ा मेला लगता है-जो ६ दिन लों रहता है- ॥ (कार्तिकसुदी १० से पुन्यु लों)

पराचीन वस्तुओं में से ढाई दिन का झोंपड़ा (इन्द्रकोट का जैन मन्दिर जिस को शम्सुद्दीन अल्तमश बादशाह ने मसीत बनाया है) और सी से और लोहे की- खानें- आना सागर- और बीस्ला तलाव है- बीस्ले के गिर्द राज भवन थे- कंवल- के फूल इस में खिले रहते थे- ११०० पुतलियां मकराने के पत्थर की थीं- एक पुतली के सिर से फुव्वारा छोड़ने में समसत पुतलियों के सरों से फुव्वारे चल पड़ते थे-यह शोभा इस की मरहटों के समय लों थी- परन्तु अब तो घुड़दौड़ का मैदान और जंगल है- हाय* **दौलतखाना** इस को अकबर बादशाह ने बनवाया था- (अब सरकारी तहसील आदि कचहरियां हैं- और मेगज़ीन कहलाता है) **दौलत-बाग़** (जहांगीर ने आनासागर के बन्ध पर बनाया था) तारागढ की नाल- अजैपाल जोगी की कुटी वगैरा वगैरा देखने के योग्य हैं-॥

तवारीख

सं- ७४० में अजैपाल की छठी पीढी में दूल्हाराय चौहान अजमेर का राजा

*- अंग्रेजों के पहिले दूत मिसटर रो ने जहांगीर बादशाह से यहीं भेंट की थी-॥

हुआ - इनके समय में खलीफ़ा वलीद अबदुलमल्क की सैना क़ासिम सिंध के रास्ते से घोड़ों की सौदागरी के भेस में चढ़ आया - और दूल्हाराय और उसके पुत्र को क़तल करके गढ़ बीटली विजय कर लिया - और राजा का भाई **मानिकराय** सांभर को भाग गया - जिसने देवी के बताने से वहां साकम्बरी देवी का मन्दिर बनाया - इस मामले का पता प्रथीराज रासे के इस दोहे से मिलता है - **दोहा**

सम्वत सात सौ इकतालिस मालत पानेवीस । सांभर आया ताने सरस मानिकराय स्वरीस -॥ थोड़े दिनों पीछे राजा **हर्सराज** चौहान ने मुसलमानों से अजमेर छीन लिया - नासरदीन हारकर चला गया - हर्स के पीछे राजा **बीरबीसलदेव** गादी पर बैठा परन्तु महमूद ग़ज़नवी के हाथ से क़तल हुआ - फिर सम्वत ९६६ में राजा **बिसलदेव** पाट बैठा - राजपूताना, गुजरात मालवा आदि के मात्र राजाओं को साथ लेकर महमूद ग़ज़नवी से युद्ध किया - सात दिन जों घमसान की लड़ाई रही - आठवें दिन बिसलदेव की सैना भाग गई - बिसलदेव को यवनों ने पकड़ लिया - और क़तल का हुकम दिया - परन्तु मुसल्मान मत धारण करने पर उसकी जान बख़शी की गई - अजमेर में बीसलसर ताल इसी ने बनाया था - बीस वर्ष मुसल्मानों का राज रहा - फिर चौहानों ने **सालार ग़ाज़ी** से छीन कर **सारंगदेव** को गादी पर बिठाया उस के पीछे **आनादेव** राजा हुआ जिसके नाम से आनासागर तालाब आज जो अजमेर में है - फिर **जैपाल** उसके पीछे **अनन्ददेव** हुआ - इसने पोहकरजी का बंध बंधवाया - फ़िर धर्मेस्वर देव हुआ - इसने अपनी शादी दिल्ली के राजा **अनंगपाल** तंवर की बेटी से की थी - उसी के पेट से सम्वत १११५ में **प्रथीराज** चौहान या रायप्रिथौरा हिन्दुओं का पिछला महाराजा उतपन्न हुआ - यह सम्वत १२२२ में, ३ लाख सवार ४ लाख पैदल १५० राजा और ३००० हाथियों की फ़ौज साथ लेकर **तलावड़ी** के मैदान

में दूसरीवेर **शहाबुद्दीन** गोरी से लडा - परन्तु हार कर पकडा गया - और मुसल-
मानों को कैद में भेजा उसका भाई खांडेराय ८१ हजार आदमीओं समेत मारा-
गया - हिन्दू मुसल्मानों में यह पिछला महा युद्ध था - फिर ऐसा नहीं हुआ - शाह
बुद्दीन ने सन ११९३ में अजमेर को विजय करके लूटा - और इन्द्रकोट में राजा
इन्द्रसेन बोधका जो मन्दिर था - उस को तोड फोड कर बरबाद कर दिया और
बंगाला - बिहार - दिल्ली - कनोज आदि को बिजय करके अपनी ओर से अपने
गुलाम **कुतबुद्दीन** को राज सौंपकर आप ईरान को चला गया - कुतबुद्दीन से
सकने सं० १२५२ में **मीरां सैयद हुसेन** मंगलवार को अजमेर का किलेदार
नियत किया - जिसको सं० १२५८ में राजपूतों ने रात को किले पर चढ कर धावे
या - इसकी दरगाह किला तारागढ पर है - और ३ गांव जागीर के हैं - जिनकी आ
मदनी से दरगाह का खर्च चलता है - दूसरी बर्ष अजमेर राजपूतों से उलटा छी-
ना गया - और कुतबुद्दीन की जगह **शम्सुद्दीन** अलतमश सम्बत १२७६
में हिन्दोस्तान का बादशाह हुआ - उसकी ओड से **अहमद** नामक सूबेदार-
अजमेर आया - और सं० १३६७ में **अलाउद्दीन** खिलजी ने राज पाकर
बाबुद्दीन बेग को अजमेर का किलेदार नियत किया - सम्बत १३८८ में **म**
हम्मदशाह तुगलक के राज में सूबेदारों ने सरकश होकर मालवा के सूबेदा-
र ने अजमेर - और गुजरात वाले ने नागौर दबा लिया - सं० १४१५ में मेवाड के महा
राना कुंभा ने **महमूद** खिलजी से अजमेर ले लिया - परन्तु थोडे दिनों पीछे -
महमूद ने राना से लड कर उलटा छीन लिया - और पहिले ख्वाजा न्यामतउल्ला और
फिर सं० १५१९ में **मलूखां** को अजमेर का सूबेदार नियत किया - इस मलूखां-
के बनाये हुये तलाव छोटा मलूसर - और बडा मलूसर आज लो मौजूद हैं जिनके -
पक्के घाटों और बनावट को देख कर अकिल दंग रह जाती है - सम्बत १५८८ में

सुलतान **बहादरशाह** गुजराती ने समसत मेवाड़ और गढ़ **चीतौड़** विक्रमादित्य महारानासे छीनकर खिलजी से अजमेर और मालवा का सब मुल्क लेलिया परंतु १५९२ में हुमायुं बादशाह ने मन्दसौर के निकट बहादुरशाह को मार भगाया और वह खम्बायतकी ओर भाग गया हुमायूं उलटा बंगाले को गया- पीछे से महाराना ने चीतौड़- और जोधपुर के राव मालदेव ने अजमेर दबा लिया- सं॰ १६०० में शेरशाह ने बादशाह बनकर अजमेर और नागौर लेलिया - और उसके मरने पर फिर राव मालदेव ने कबज़ा कर लिया - परन्तु ९ वर्ष पीछे सं॰ १६१४ में अकबर बादशाह के वज़ीर सरदार **महरमकुलीखां** ने राव से **जेतारन** समेत छीनकर अजमेर को खालसा में मिला लिया- उससमय से लेकर सं॰ १८०८ लो कि महम्मदशाह बादशाह की बदचलनी के कारण मुग़लों की हुकूमतका जहाज़ शोक समुद्र में डूबरहाथा अजमेर खालसा ही रहा और बादशाही सूबेदार महा रहतारहा - परन्तु सं॰ १८०८ में जोधपुर के महाराजा बखत सिंह जी ने सूबेदारी का दावा करके अजमेर को मारवाड़ में मिला लिया- और सं॰ १८१२ में-

अप्पाजी सेंधिया ने मारवाड़ से ले लिया- सं॰ १८४४ में जैपुर और जोधपुर ने मिलकर टोंक के निकट **माधोराव** सेंधिया को मार भगाया- और दुबारा मारवाड़ का कबज़ा अजमेर पर होगया- परन्तु सं॰ १८४७ में सेंधिया ने समस्त राजपूताना को काबू करके अजमेर को भी मारवाड़ से लिया- और २७ वर्ष राज करके सं॰ १८७५ में अहदनामा के अनुसार सरकार अंगरेज़ी के हवाले करदिया- जो **शाह आलम** बादशाह के कायम मुकाम बनकर आई थी- जून सन १८१८ ई॰ में सरकारी फ़ौज ने अजमेर पर कबज़ा किया और सेंधिया का सूबेदार **बापूराव** लाचार होकर अजमेर छोड़ गया- तात्पर्य यह है कि ९७४५ वर्ष में पठान- लोदी- तग़लक़- चौहान- मांडोगढ

के मुसलमान बादशाह - मारवाड़ के राठोड़ - मुगल बंसके बादशाह - सेंधिया
और अंगरेज़ सात भिन्न भिन्न के बंसों ने अजमेर में राज्य किया - और अब सातवें
वंस में अंगरेज़ी सरकार का राज्य है - ईश्वर इसे सदा कायम रक्खे - ॥

अंगरेज़ी राज्य में आज लों जितने हाकिम हुए हैं - इनके नाम यह हैं -
कर्नल डिकसन साह - वेलडर साहब - मॉड लेटिन साहब - कमेन्डस
साहब - लाकट साहब - मेजर अलगज़ेंडर सिपर साहब - एडमेन्सन साहब
टेरेवलन साहब - मेगनाटम साहब - डिकसन साहब - लारंस साहब - लायड
साहब - बरक साहब - रेपटन साहब - सांडरस साहब - पलोडन साहब - टेवर
साहब - मारटंडेल साहब (जो अब मौजूद हैं) इनमें से पहिले डिकसन साहब
ने फिर मगलाटन साहब - और फिर सांडरस साहबने अजमेर के ज़िले को बहुत
कुछ उन्नति दी - तालाब - बावड़ियां बनवाईं - गांव बसाये - जागीरदारों का -
कर्ज़ उतारा - डिकसन साहब जिन्हों ने ब्यावर या नया नगर बसाया - और -
मेगनाटन साहब हिन्दोस्तानी पोशाक पहिनते थे - और देशी भोजन खाते थे -
धोती पहिनकर रहते थे - और हिन्दोस्तानी हुक्का पीते थे - देशी भाषा बोलते -
और गरीब किसानों के घरों में घूमते थे - जिससे आज लों इस देश के लोग उन
को श्रीजी से याद करते हैं - और कर्नल डिकसन साहब की कबर पर जो ब्यावर -
में है - फूल चढ़ाते हैं - ॥

अजमेर के जागीरदारों का हाल

अकबर बादशाह से पहिले की कोई जागीर अजमेर में नहीं है - अकबर के -
अहद से जो राजाओं के भाई बंद हैं किसी कारण से रियास्तें छोड़ २ कर बादशाही
चाकरी में आये - उनको अजमेर ज़िला के खालसा में से जागीरें दी जाती थी -
मिनाय - खरवा - मसूदा - गोविन्दगढ़ वगैरा के राठोड़ों को अकबर बादशाह

ने जागीरें बख्शीं - जहांगीर ने किशन सिंह राठोड़ को जागीर दी जो आजदि न किशनगढ़ है - **शाह जहां** ने महाराना अमरसिंह के बेटे **सुजान सिंह** सीसोदिया को खालसा का परगना फूलिया जागीर में इनायत किया - जिसका अब शाहपुरा होगया - इसी बादशाह ने गोकलदास सीसोदिया को तीन हज़ारी मंसब और जागीर दी थी जिसकी औलाद अब **सावर** की जागीरदार है - **आलमगीर** ने सुजान सिंह और जुझार सिंह राठोड़ को जागीर दी थी ; जिन की औलाद अब जूनिया की जागीरदार है - अजमेर में दो प्रकार के जागीरदार हैं - पहिले इस्तमरारदार और दूसरे माफीदार कहलाते हैं - माफीदारों के कब्ज़े में एक लाख रुपया सालाना की जागीर - और इस्तमरारदारों के कब्ज़े में ५ लाख ६० हज़ार की जागीर है - इसमें से इस्तमरारदार १ लाख १४ हज़ार ९५४ रुपया ९ आना ११ पाई सालाना सरकार में रेख भरते हैं - माफीदारों से कुछ नहीं लिया जाता - बड़े २ ताज़ीमी इस्तमरारदार (जागीरदारों) के नाम यह हैं ॥ भिनाय - सावर - मसूदा - जूनिया - महरौन - पीसांगन - बांदनवाड़ा - खरवा - गोविन्दगढ़ - बागसोरी - बांधनवाड़ा - राजगढ़ - वगैरा - जिन में ताज़ीमी तो यही दस हैं - जिन के नामों पर हमने लकीर खींच दी है - इनके सिवाय सात छोटे दर्जे के इस्तमरारदार हैं - जिनकी आमदनी कडेल के सिवाय दो हज़ार से अधिक नहीं है -*

राजपूताने की मजमूई कैफ़ियत

राजपूताना (या राजस्थान) हिन्दोस्तान के पश्चिम भाग के बीच में है इस के उत्तर में पंजाब - पश्चिम में सिंध व गुजरात - दक्षिण में माही कांटा और मालवा - पूरब में गवालियार - और सरकारी राज है - चौड़ाई गढ़ भटनेर

* माफीदार खाजाजी की दर्गाह व मीरांजी की दर्गाह आदि ७ है वो ही रेख नहीं भरते - म. मुराद अली

लम्बाई धौलपुरसे जैसलमेरकी

राज्यबीकानेरसे थौंसवाडा लों ४६० मील- ओर सन १८८१ ईस्वी

पश्चिमीसीमालों ५३० मीलरकबा १३०००० मीलमुरब्बा- आदमीओंकी-

की मरदुमशुमारी (मनुष्यगणना) के अनुसार १२३०० १५० दूसरीकौमें ६३४०००

आबादी है- जिनमें राजपूत ४८०००० महाजन ८०६००० अहीर-

चमार ५६७००० मीना ४२८००० गूजर ४०३००० जाट ४२६००० ईसाई १२०००है

१३१००० इनमें जैनमतवाले ३८४००० मुसलमान ८६०००० रुपया ११ आना ८ पाई

आमदनी समस्त राजपूतानाकी ३ करोड़ २२लाख ५५३ आमदनी भी है)

सालाना है - ॥ (इसमें सरकारी जिले अजमेर की आम दक्षिण दिसा से-

पहाड़. - राजस्थान में अरबली नामी परबत पूरब और इसकी सबसे ऊंची चोटी

शुरू होकर फैलता हुआ पश्चिम को चला गया है- यह चोटी सतह समुन्दर से ५५००

आबू है- जो सिरोही राज्यके इलाके में है- निकली है- यह पहा

फीट ऊंची है- इस देश की समसत पहाडियां इसी परबतसे लोहा सीसा

ड़ कहीं हरसबज़ और कहीं सूखा है- और इसकी बहु धाटी करियों में- मकराना का संगमरमर- सरवाड़-

गंधक- कोयला और बहु मूल्य पत्थर हैं- जिनमें (कालापत्थर) बहुत ही की

और मेवाड़ का तांबा- और डूंगरपुर का संग मूसा बिनास - और-

मती हैं ॥

नदियां - इस देशमें बहुत हैं- उनमें सबसे बडी- लोनी- **विंध्याचल**

चम्बल हैं- इनमें से चम्बल १२ महीने बहती रहती है- चम्बल मेवाड़ से निकलकर-

परबतसे और बिनास - **अरबली** परबत इलाके

इटावाके निकट जमनाजी मे जा मिली है- ॥ (यह अब फूटा हुआ पडा है) चीतोडगढ-

किले भी बहुत हैं- जिनमें से तारागढ़ आदि पुराने और परसिद्ध हैं- ॥

मांडलगढ़- रंतभंवर- आंबेर- भटनेर

नमक कीखानें बहुत हैं - परन्तु डीडवाना-पचभद्रा-फलोदी-सांभर यह चारखाने मारवाड़ राज्य मे पसिद्ध हैं जिनमे से सांभरकी झील २२ मील लम्बी और ६ मील चौड़ी है - इसका लोन बहुत ही उत्तम होता है- पहिले बादशाही खालसा में थी - मुग़लों की बादशाहत जाने पर मारवाड़ ने उसपर कबज़ा कर लिया - परन्तु थोड़े दिनो पीछे नवाब अमीरखां ने दखल करके अपना थाना बिठाया - जब मीरखां चले गये - तोमारवाड़ और जैपुर दोनो ने मिलकर सं- १९४६ में एक लाख २५ हज़ार रुपय पर सरकार को सांभरका ठेका देदिया - और ना वाका ९ लाख सालानापर दूजारा दिया गया - और १० मई सन १८७९ ई॰ को दरबारमारवाड़ ने - डीडवाना - पचभद्रा - फलोदी और लोनीका भी ५ लाख ३५ हज़ार ५८५ रुपया सवा पाव आना सालानापर सरकार अंगरेज़ी को २१ वर्ष के लिये ठेका देदिया - ॥

राजपूतानाके चार भाग

सरकार अंगरेज़ी की अमलदारीमें बन्दोबस्तकी आसानीके लिये - राजिस्थानके चार हिस्से कियेगये - और हर एक हिस्से का निगरां जिसमें कई रजवाड़े होते हैं एक२ रज़ीडेन्ट नियत कियागया जिसका - व्रतान्त इसतरहपर है -

जनूबीराजपूताना रज़ीडेन्ट साहब उदेपुर मे रहते हैं - और डूंगरपुर परतापगढ़ - बांसवाड़ा आदि रियास्तें इसरज़ीडन्सी की निगरानी में हैं ॥ *

मग़रबीराजपूताना रज़ीडन्ट साहब जोधपुर में रहते हैं और सिरोही जैसलमेर की रियास्तें व मलानी उनकी निगरानी में हैं ॥

मशरक़ीराजपूताना रज़ीडन्ट साहब जैपुर में रहते हैं - किशनगढ़

[१ उसपर कब्जा कर लिया और आज लौं दोनो ही का कब्जा है परन्तु दरबार मारवाड ने ०]

* कोटड़ा - छावनी खेरवाड़ा दोनो स्थानों में असिसटन्ट रजीडन्ट मेवाड़ रहते हैं जो मोगियों और पहाड़ी भीलों की नगरानी भी रखते हैं - मु॰ मुरादअली - ॥

और शेखावाटी इनकी निगरानी में है ॥

एजन्सी हाडोती - एजन्ट साहब देवली में रहते हैं - टोंक-कोटा -
बूंदी- झालावाड- शाहपुरा आदि इनकी निगरानीमें हैं ॥

इनके सिवाय **करोली- भरतपुर - अलवर- बीकानेर -**
कोटा- झालावाड- में खासतौर पर पोलीटिकल एजन्ट रहते हैं
यह चारो रज़ीडन्सी और एजन्टी साहब रज़ीडन्ट राजपूताना के मातहत हैं
जो **आबू** पर रहते हैं और ज़िला **अजमेर** की चीफ़ कमिश्नरी का
अधिकार भी रखते हैं - और जनूबी रज़ीडन्टी के दो अंगरेज़ असिस्टन्ट
कोटरा और खेरवाडा में भी रहते हैं - जो सरकारी सैना के अफ़ीसर हैं
और बांसवाडा वग़ैरा रियास्तों की निगरानी रखते हैं - जोजो रियास्तें -
जिन २ रज़ीडन्टों की निगरानी में हैं वह अपने २ वकील रज़ीडन्टी में रख
ती हैं - और यह सब मिलकर पंच वकला कहलाते हैं - और अपनी रिया-
स्तों के मुशतरका मुकदमें फैसल करते हैं - ॥

राजपूताना में सरकारी फ़ौज

इन्तज़ाम और वक़्त पर काम लेने के लिये राजपूताना की हद में निम्न
लिखे हुए पांच स्थानों में सरकारी फ़ौज रहती है - नसीराबाद - देवली-
एरनपुरा- खैरवाडा- अजमेर- इनमें से नसीराबाद और अजमेर की
फ़ौज कवायद जान्ती है- बाकी बेक़ायदा है- नसीराबाद में एक तोपखा
ना-गोरों की एक पूरी रिजमेन्ट- और पूरा ६०० सवारों का रिसाला रहता है
समस्त सरकारी सैना की तादाद जो उक्त स्थानों में रहती है ४०५० आद
मी है- इनमें से ९९८ गोरा और बाकी देसी सैना हैं- नसीराबाद और
अजमेर का खर्च सरकार देती है- बाकी फ़ौज का खर्च रियास्तों से इसतरह

पर लियाजाता है- **देवली** की फ़ौजके लिये कोटासे २ लाख सालाना- **ऐरनपुरा** के लिये जोधपुर से एक लाख ९१ हज़ार - **खैरवाड़ा** के लिये उदैपुर से ५० हज़ार सालानालियाजाता है- (रजवाड़ों की कुल फ़ौज १५०००[१] गिनी जाती है)

सरकारीखिराज

राजिस्थान के समसत रजवाड़ों और ज़िला अजमेर के जागीरदारों से मिलाकर कुल २१ लाख रुपया सालाना खिराज सरकार को वसूल होता है-॥४

शाहिन्शाहीको दीनेवाली सैना

स० १८८७ मे कि ४ वर्ष हुये जे **पंज देह** नामी स्थान जो जोकाबुल की पश्चमी सीमा पर है- रूसी चढ़ आये थे- तो हिन्दोस्थान में कोलाहल मच गया था- उस समय पहिले पहिल हैदराबाद दखिन की रियासत ने सरकार की सहायता में ६० लाख रुपया दिया और कहा कि यह रुपया हिन्दोस्तान की हिफ़ाज़त में खर्च कियाजाय - सरकारने दरबार दखिण का शुकरिया (धन्यवाद) अदा किया- परन्तु रुपया लौटादिया- क्योंकि इतनी बड़ी सल्तनत की शान के खिलाफ़ है- कि खिराजगुज़ार दोस्त रईसों से यों रुपया वसूल करे- परन्तु इसबात को सरकारने मंज़ूर किया कि जो रियासत सरकार की सहायता के लिये अपनी ओर से फ़ौज देगी (जैसाकि मुसलमान बादशाहों के दरबार में समसत देसी रियास्तें चाकरी करती थी और अपनी २ फ़ौजें लेकर वक्त परसाथ होती थीं) तो सरकार मनज़ूर कर सक्ती है- उसी दिनसे हिन्दोस्तान की बहुतसी रियास्तों ने सरकारके हज़ूर में फ़ौजें देनेकी दरख्वास्तें भेजनी शुरू करदीं- और सरकारने भी उनकी दरख्वास्तों को मंज़ूर कर लिया- किन्तु यह कहा कि जिस फ़ौजको आप देना चाहते हैं उसको

[१] फ़ौज खर्चे जिसका ब्योरा ग्रंथ कर्त्ता ने किताब में लिखा है इस रकम में शामिल नहीं है- मा० मुरादअली

सरकारी फौजके समान कवायद सिखाकर लैस रखना चाहिये-ऐसाही हुआ इन फौजोंका नाम इम्पीरियल सर्विस - शाही खिदमात की फौज रखा गया* और वर्दी-तन खाह - हथियार आदि सरकारी सेना के समान दियेगये-और तीन अंगरेज-सरकारी सेना के सरदार सरकारने ऐसी रजवाडों की उक्त फौजों पर अफसर नियत किये हैं जो साल भर में दो चार बेर इन को संभालते और कवायद लेते हैं इसके उपरान्त यह भी हुकम है - कि रियासत के निकट जो सरकारी छावनी हो वहां यह फौज सरदी के मौसम में तीन महीने रहकर कवायद सीखे - हमारे सूबे में निम्न लिखी हुई रियासतों ने फौजें दी हैं - जोधपुर १ रिसाला - बीकानेर ऊंटों का १ रिसाला (या शुतरसवारों का रिसाला) जैपुर - फौज - की बार बरदारी के लिये १००० टट्टू सामान समेत - अलवर - १ पियादा - पलटन - भरतपुर १ सवारों का रिसाला - उदैपुर १ पैदल पलटन - जिस रियासत की जो फौज है उसका समस्त खरच रियासत ही के ज़िम्मः है - ॥

राजपूताना में विद्या की उन्नती

सबसे पहिले जैपुर के महाराजा राम सिंह जी स्वर्गवासी ने जैपुर नगर में - स्कूल जारी किया था जो आज के दिन महाराज कालिज कहलाता है - अव्वल दर्जे की तालीम इसमें दी जाती है - सन १८७० ई० के पीछे जोधपुर - उदयपुर बीकानेर - अलवर - भरतपुर - धौलपुर - झालावाड - टौंक - शाहपुरा करौली - कोटा में बडे २ स्कूल जारी होगये - जिन में आज के दिन अंगरेजी फारसी - हिन्दी खूब पढाई जाती है - मेवाड - मारवाड - बीकानेर - अलवर - भरतपुर में मातहत हकूमतों के अन्दर भी पाठशाले जारी होगये हैं - इन - सब स्कूलों के विद्यार्थी अजमेर गवर्नमेन्ट कालिज की निगरानी में हरसाल परीक्षा देने को आते हैं और प्रति वर्ष विद्या की उन्नति राजपूताना में होती जाती है - ॥

* अंग्रेजी में इमपीरियल सर्विस कहते हैं - म० मुराद अली होशियार - ॥

† बडे सरदार का नाम करनैल मेलस साहिब है - ॥ उक्त फौजों की देखभाल इन्हीं के सुपुर्द है - म० म० अली - ॥

नम्बर गिनती	नाम रियासत	ख़िताब रईस॥	नाम रईस व जाती	त
१	उदेपुरमेवाड़	महाराना	फ़तहसिंहजी सीसोदिया	अपने रिश्ते राजा… और अन्तसमयसी… महाराना फ़तहसिंहजी… का अव्वलमिला है॥
२	जैपुर	महाराजा	माधोसिंहजी(२) कछवाहा	…कातमग़ा मिलाहै- …७०ई०में मशीरकैसरकीप
३	जोधपुर	महाराजा	जसवन्तसिंहजी (२)राठोड़	…गारुजीअव्वलमिला है-
४	बीकानेर	महाराजा	गंगासिंहजी बीकाराठोड़	…धपुरसे निकले हैं॥
५	बूंदी	महाराणवराजा	रघुवीरसिंहजी हाडा	…दरबार सन १८७७ ई० …था॥
६	कोटा	महाराव	उमेदसिंहजी हाडा	…दी से निकले हैं
७	टोंक	नवाब	ख़्वराईमग़नीखांसा हब पठान	…मिनाहै॥
८	भरतपुर	महाराजा	जसवन्तसिंहजी जाट	स
९	करौली	महाराजा	भंवरपालजी यादोवंस राजपूत	स
१०	अलवर	महाराजा	जैसिंहजी कछवाहा नरूका	स…सिंहजी स्वर्गवास की सरकार॥ अभी नाबालिग है जैपुर

नम्बर गिन्ती	नाम	खिताब रईस	नाम रईस व जाती	रियासत किस सन अंगरेजी में कायम हुई	रकबा मील	कितने
११		महाराजराना	ज़ालिमसिंहजी झाला	१८३८ई॰	२५००	३४०४
१२	धौलपुर		निहालसिंहजी जाट	१०६१ई॰	१६२६	२४६६
१३		महाराजा	सिंहजी राठौड़	सन१६०८ई	७२४	११२
१४	जैसलमेर		जी भाटी	सन७३१ ई॰	१२२५२	१०८१
१५	सिरोही	महाराव	केसरीसिंहजी देवड़ाचौहान	सन१२८४ई॰	३०२४	१४३९
१६	डुंगरपुर	महारावल	उदैसिंहजी सीसोदिया	सन१३२५ई	१०००	१५३३
१७	बांसवाड़ा	महारावल	लछमनसिंहजी सीसोदिया	सन१५२१ई॰	१५५०	१५२८
१८	परतापगढ़	महारावत	रघुनाथसिंहजी सीसोदिया	१५३४ई॰	१५००	१७९
१९	अजमेर		मिस्टरमार्टण्डलसाहब बहादुर	१८१८ई॰	२७५५	४६०६

नोट कमिश्नरी के उपरान्त ७ का चहरियां खास अजमेर में और २ ब्यावर में और यह सब कमिश्नरी को फौजदारी मुकदमों के फैसले का अधिकार है

मयो कालिज अजमेर

राज पूताने में ऐसा कोई पाठशाला नहीं था जिस में राजा महाराजओं के पुत्र सिक्षा पाये अतएव सन १८७० ईसवी मे हिन्दुस्थान के गवर्नर जनरल श्री मान लार्ड **मयो साहिब** बहादुर स्वर्गवाशी ने (जिन को काले पानी अर्थात इन्डेमान के टापू मे एक उमर केदी मुसलमान ने छुरी से मार डाला) अजमेर में दरबार किया जिस मे इस सूबे के समस्त राजा महाराजा एकत्तर हुये थे इस दरबार में लाट साहिब ने कहा कि रईसों की औलाद के लिये एक कालिज होना अवश्य है इस बात को सब रईसों ने मंजूर करके सालाना चंदा देना स्वीकार किया और ६ लाख से अधिक उसी दम एकत्तर होगया और लाट साहिब ही के नाम से अजमेर मे मयो कालिज बना या गया इस में राजपूताने के रईस जिन की अवस्था २१ वर्ष से कम हो सिक्षा पाते हैं सिपाहियाना करतब भी सिखाये जाते है सब रईसों के एक जगह रहने से एक दूसरे में मुहब्बत हो जाती है और पिछला रंज दुखजो सैकडों बरसो से चला आता था दूर हो जाता है यह सरकार की राजनीती है ॥

॥ तवारीख के मुतअल्लिक जानने के योग्य बातें (मनसब)

इस ग्रंथ में बहुत जगह माही मरातब और मनसब का शब्द लिखा गया है इस लिये हम चाहते हैं कि पाठकों को इन शब्दों के मतलब से वाकिफ करें ॥

विदित हो कि **मनसब** एक मुलकी और फौजी दर्जा है **मौलवी उबैदुल्लाह फरहती** ने तुहफे राजिस्थान में आईन अकबरी के हवाले से लिखा है कि मनसब और माही मरातब दोनो **अकबर बादशाह** के समय मे हिन्दुस्थान में प्रचलित हुये है अकबर से पहिले बादशाह १०० और १००० नम्बर के सरदार रखते थे परन्तु अकबर बादशाह ने गादी पर बैठ कर इस रीति को

कायदे के साथ प्रचलित किया मनसब में २ भाग किये एक जात दूसरा सवार का जात से मतलब ओहदेदार की तनख्वाह अर्थात पंजहजारी को ५ हजार और ७ हजारी को ७ हजार रुपया महीना बादशाही खजाने से जागीर के उपरान्त तनख्वाह मिलती थी और सवार से उसकी फौज की जामईयत समझी जाती थी- बादशाही राज्य में फौज के अंदर सबसे जियादह इज्जत इक्कों की थी और उनसे बढ़ कर मनसबदार गिने जाते थे जिसका मनसब अधिक होता था वही युध्ध के समय सेना पती नियत किया जाता था **अकबर** के समय से **आलमगीर** के मरने लों अव्वल दरजे के सरदारों को केवल ५ हजारी मनसब मिलता था और ७ हजारी किसी मंत्री या खास मुसाहिब को दिया जाता था १०-२०- अथवा ३० हजारी मनसब शाहजादों ही को मिल सक्ता था- राजपूताने के रईसों मेसे **मिरजा राजा मानसिंह** कछवाहा को अकबर ने और **महाराजा जसवन्तसिंह** राठोर को शाहजहां बादशाह अकबर के पोते ने सात २ हजारी मनसब दिया था और किसीको न्हीं मिला- बीकानेर के **रावरायसिंह** और बूंदी के **रावरतन** ने पांच २ हजारी मनसब का कुर्ब पाया था आलमगीर के पीछे **किशनगढ** वालों को **मुहम्मदशाह** बादशाह ने भी जो उनका भानजा था यह कुर्ब दिया था परन्तु बिना तनख्वाह के केवल जबानी जमा खर्च होने से लोगों की नजरों में उस का कुछ मान न्हीं किया गया (यह भूल है सरकार अंग्रेजी का खिताब भी तो जबानी जमा खर्च है बल्कि खिताब पाने वाले को उल्टा कई हजार रुपया खर्च करना पडता है परजो उसका मान न करे मूर्ख है) -॥

माहीमरातब

माही फारसी मे **मछली** को बोलते है और "चांदवाली" भी इसका

अर्थ है और मरातिब मामरतबा दर्जे को कहते हैं - इस का ब्रत्तान्त पुराने इतहासों में यों लिखा है कि ईरान के बादशाह **नोशेरवां** के पोते **खुसरो** को जब देश निकाला दिया गया तो वह रूम में जहां के बादशाह की बेटी **शीरीं** नामी उसे बियाही थी चला गया और वहां से फौज की मदद लेकर अपने देश पर चढाई की रूमी फौज की सहायता से उसने ईरान विजे कर लिया - फतह पाने के समय चन्द्रमा मीं (मछली) का या खुसरो ने उस चन्द्रमां को अपने लिये जो तिस के अनुसार अच्छा शगून समझ कर सरदारों को जो निशान दिये उन पर चांदी सोने से चन्द्रमां और मछली की मूर्त्यां बनाकर लगादी थीं इसी चीज का नाम माही मरातब पड गया - मुगल बादशाहों ने भी जो ईरानियों के पडोसी होने के कारण बहुधा बातों में उन की नकल उतारा करते थे हिन्दुस्थान में इस का रिवाज दिया और पांच या सात हजारी मनसब वालों को माहीमरातब मिलता था - ॥

सरदार या जागीरदार

राज पूताने की मात्र रियास्तों में तीन अथवा चार दर्जे के जागीरदार है जिन को किसी बहादुरी या रईस की रिश्तेदारी के कारण जागीर मिली है - पहिले दर्जे की जागीरें लाख से सवा - डेढ लाख तक की हैं इनको साल भर में दसेहरा या शादी गमी के मौके पर दरबार में हाजिर होना पडता है मेवाड में ३ महीने और जोधपुर - जैपुर में शाल भर तक जमईयत रखनी पडती है पहिले जमाने में यह लोग फौज के सरदार बनकर चाकरी देते थे किन्तु आज दिन अमन व अमान होने से इनको साहिब लोगों की पेशवाई या राज्य के कामों मे सलाह देने का काम पडता है ऐसे सरदार बहुत कम हैं मेवाड में १६ - जोधपुर में ८ और जैपुर में १२ - और कोटा में ३ बाकी रियास्तों में इनकी बराबर आमदनी का कोई सरदार नहीं है - **दूसरे** रईस की जात के सरदार होते है वह महाराज कहलाते है इनकी जागीरे २० हजार से ५० हजार तक है यदि कोई रईस लावल्द फौत होजाय

तो इनमें से जो नजदीक का हो उसका बेटा गोद लिया जाता है - ॥

तीसरे जागीरदार १० हजारी से ५० हजारी तक जागीरें रखते हैं यह भी राजधानी में अव्वल दरजे वालोंसे जियादह चाकरी देते हैं और राज्य के कामों में सलाह भी दियाकरते है **चौथे** दरजा के जागीरदार ५ हजार रूपये सालाने की जागीर से जियादह न्ही रखते यह परगनो में हाकिमो के पास चाकरी देते है - ॥

पांचवे दरजे के जागीरदार ब्राह्मण - चारन - मंदिरों के पुजारी - जोगी - अतीत आदि हैं इन के सिवाय उपर के चारो दरजे वाले जागीरदार रेख भरने के उपरान्त वक्त पर अपने स्वामी की चाकरी भी करते रहते हैं - ॥

हिन्दुसथान की मजमूई कैफियत

हिन्दुस्थान का कुल रकबा १५८०००० मील मुरब्बा है जिसमे से अंग्रेजी राज्य के कबजे मे ९१५००० मीलमुरब्बा और देशी रियास्तों के कबजे मे ६५०००० मील मुरब्बा जमीन है अंग्रेजी अमलदारी मे (सन १८९१ ई० की मनुष्य गिणना के अनुसार) ५२८०२७०० घर हैं जिनमें केवल २२०००००००आदमी बसते हैं - और देशी रजवाडो के राज्यमें १८०५६२१५१ हैं जिनमें ६६०००००० आदमी बसते हैं अंग्रेजी और देशी रजवाडो की समस्त आबादी २८७२८९७८३ आदमियों की है हिसाब से मालूम हुवा कि अंग्रेजी राज्यमें फीमील मुरब्बा २६२०७० और देशी रजवाडो मे फी मील मुरब्बा ९५११६ आदमी बस्ते है - पिछले (सन १८८१ ई० की मनुष्य गिणना को सन १८९१ ई० की मनुष्य गिणना के मिलाने से ज्ञात हुवा कि अंग्रेजी राज्य में पिछले दस वर्ष के अंदर सेकडे पीछे ९३ और देशी रियास्तों मे २३/२ आबादी की उन्नती हुई इन पिछले दस वर्षों में मरदों से स्त्रीयां अधिक उतपन्न हुई एक अध्भुत वात यहभी पाई गई कि अंग्रेजी राज्य मैं कन्या २२ फीसेकडा अधिक और देसी रजवाडों में लडके १६ फीसेकडा जियाद

उत्पन्न हुये जिसका ठीक कारण मालूम नहीं हुवा कि क्यों ऐसा हुवा ॥ सूबे बारे दरबार गया नोब्रह्मा देश मे सेकड़े पीछे २३ सिन्ध में २९ अजमेर मे १६ मन्दराज में ५३ बम्बई में १२ आसाम और अवध व पंजाब में ११ बंगाले में ८ की अधिकताई हुई ॥

हिन्दुस्थान के बड़े २ नग्रों की आबादी निम्नलिखे समान साबित हुई बम्बई ८ लाख २१ हजार ७६ आदमी - कलकत्ता ७ लाख ५१ हजार, १५० आदमी मद्रास ५ लाख ५५ हजार ५२० आदमी - हैदराबाद दक्षण (बाहर के मुहल्लों को मिलाकर) ४१५०० लखनौ २७३०३० बनारस (काशीजी) २१९५७० अमरतसर ३२९९८० इन के उपरान्त २२ शहर ऐसे हैं जिन की आबादी १ लाख से अधिक है बड़े नग्रों में से पटना - अमरतसर - मिरजापुर मे कुछ तरक्की न्हीं हुई - तोभी सन १८८१ ई० की मनुष्य गिणना का मुकाबिला सन १८९१ ई० की मरदुम शुमारी से किया गया तो मालूम हुवा कि पिछले १० वर्ष के अंदर हिन्दुस्थान की आबादी मे ३ करोड़ ३३ लाख ८६२०१ आदमियों की जियादती हुई इनमें से २५ करोड़ ६२ लाख आदमी अनपढ हैं और १ लाख २६ हजार कुष्टी - ४ लाख ८५ हजार अंधे एक लाख ९६ हजार गूंगे बहिरे और ८६ हजार दीवाने (पागल) ७ करोड़ ९ लाख १८ हजार आदमी बेकार हैं ॥ *

हिन्दुस्थानमे देशीरियासतें

हिन्दुस्थान में समस्त रियासतें छोटी बड़ी १०१ हैं जिनमे १५ पर मुसलमान रईस

इस मुआमले में हमारा यह अभिप्राय है कि अंग्रेजी राज्य में वैश्या और रंडियां आजादी से रहती हैं और हर प्रकार के भले बुरे आदमी खुले बन्दों काला मुंह करते हैं जिससे उनका बल घट जाता है व्यादक के अनुसार निर्बल मर्द हो तो स्त्री की मनी अधिक होने से कन्या और मर्द का बल गालिब हो तो लड़का उत्पन्न होता है (देखो ग्रंथ कानूनचा) म० मुरादअली ॥

* सन १८९१ ई० की मनुष्यगिणना १२८५०००० आदमी कुल हिन्दोस्थान में थे एक २ ने ६० घर या ३०० आदमियों की गिनती की मरदुम शुमारी १७ भिन्न २ जबानों मे लिखी गई कुल कागजात मरदुम शुमारी में लगे गिन्ती में ९ करोड़ थे और तोल मे २९० टन थे कागज से कागज जोड़ कर बिछाये जावें तो २५०० मील लम्बा [illegible] ॥ मुहम्मद मुराद अली ॥

और ८८ पर हिन्दू रईसों का कबजा है इन में से ३ मुगल १ बलोच ११ पठान -
६६ राजपूत ५ मरहठा २ ब्राह्मण ७ जाट १ जोगी ३ सिख १ नव्वा १ गूजर अ
हीर १ राज बंगशी १ ढेनर १ खत्री है - ॥

दुन्या के बड़े नग्रों की आबादी

आज दिन समस्त दुन्यां में बड़े और प्रसिद्ध ११ नग्र हैं जिनमे निम्न लिखे समान
आदमी बस्ते हैं (१) लेगडिन राजधानी इंगलिस्थान मे ४१ लाख ४८ हज
र ५२२ (२) पैरिस राजधानी फ्रांस २२ लाख ४४ हजार ५५० (३) बिरल
न राजधानी जरमनी १३ लाख १५ हजार ४११ (४) निउयार्क राजधानी इ
मरीका १४ लाख २ हजार २६६ (५) कुसतुनतुन्या राजधा
नी तुरकी रूम १२ लाख (६) वियाना राजधानी इसटिरया ११ लाख ३ हज
र ८५७ (७) सैन्ट पीटर्सबर्ग राजधानी रूस ९ लाख २९ हजार ॥
(८) कलकत्ता बर्तमान राजधानी हिन्दुस्थान ७ लाख २५ हजार ९४६ ॥
(९) फलाडलफिया मुल्क इमरीका ८ लाख ४७ हजार १७० ॥
(१०) बम्बई मुल्क हिन्दुस्थान ८ लाख २१ हजार ७६ (११) मासकू पुरा
नी राजधानी रूस ८ लाख ५३ हजार ४६८ - इस हिसाब से लेगडिन नग्र राज
धानी इंगलैन्ड की आबादी सब से अधिक पाई जाती है जिससे अंग्रेजों की उन्नती
का पूरा सबूत मिलता है ॥

॥ राजपूताने में राज्य करनेवाले राजपूत

सूर्यबंसी व चन्द्रबंसी राजपूत

हिन्दुस्थान में पहिले पहिल एक्ष्वाक नामी राजा सूर्यबंसी ने राज्य की जड ज
माई थी इनकी औलाद सूर्यबंसी कहलाती है - इनके पीछे बुध नामी एक मनुष्य
ने तातार से आकर राज एक्ष्वाक की पुत्री एला नामी से बिवाह किया इन की औलाद

चंद्रवंसी कहलाती है ॥ **सूर्यवंसी** राजपूतों में पहिले गहलोत फिरसी सो दिय: राठोर कछवाहे आदि हिन्दोस्थान और राजपूताने में राज्य करते आये हैं फिर **चंद्रवंसी बंस** के राजा भाटी - यादो - जारीजा - समतीजा आदि हैं जो हिन्दोस्थान के प्राचीन रईस माने जाते हैं राजपूताने के सिवाय इस बंस की बडी शाख भाटीयों का हुकूमत खुरासान - गजनी काबुलिस्तान - और पंजाब में बहुत वर्षों तक रही है - **अगनी कुल** की चार खापे सो लखी चौहान - पंवार पड़हार भी इस देश में हुकूमत करते आये हैं जिनमें से चौहान तो मुसलमानो के आनेतक बड़े दर्जे के रईस थे - ॥ इनके उपरान्त तंवर भी पुराना बंस है जो यवनों के आने तक हस्तनापुर (दिल्ली) का मालिक था इस के सिवाय - जावरा ताक यातरूप - झाला - गोड - जतीयूह - गोहल - काटी - बाल - सरोया - दानी - होडय्ह - पैरवाल - बुंदेले - बडगूजर - सोनगरा - सगरवाल - बैस - वाढ़िया - जोदेल नोहल - निकोम्पा राजपाली - द्वालरया - दाहो आदि राजपूतों की बहुत सी खापे राजपूताने में पाई जाती हैं परन्तु कोई रियासत आज दिन इन के कबजे में न्ही है अलबत्ता बुंदेले राजपूतों के कबजे में पन्ना - चरखारी ओडछा दत्या यह चार रियास्ते आज दिन बुंदेल खंड में मोजूद है - तातपर्य यह है कि समय के हेर फेर से बहुत से राज पूतों की रियास्ते नाबूद हो कर नाम व निशान ही जाता रहा तो भी सूर्यवंसी और चंद्रवंसी व अगनी कुल के पंवार - सोलंखी चौहान वगैरह इस देश के प्राचीन हाकिम माने जाते हैं ॥

राजपूताने के सिवाय हिन्दोस्थान में जितनी रियास्ते कायम है उनका नाम

हैदराबाद दखण - भोपाल - भावलपुर - जूनागढ - रामपुर - जावरा पधनपुर पालनपुर - खंबे - खैरपुर - मालियरकोटला बावनी बालासिनोर - कोडवाई - अजे

गढ अलीराजपुर- बांसदा - बरया - बडोधा बडवानी बनारस - बरोदा - भावन
गढ़ - बिजावर - कशमीर व जम्बू - चंबा छतरपुर चरखारी - छोटाउदयपुर - कोची
न - दतिया - देवास - धार - धर्मपुर - धरवल - दरंगदरह - ईडर - फरीदकोट -
ढिठी - गोंडाल - गवालियार - इन्दौर भाबुवा - जेंद कछ - बिलासपुर - कपूरथ
ला - खरोंद - खलजीपुर - कोलापुर कोचबेहार - नेमडी लोनावाडह - मैसूर -
मंडी मनीपुर - मोरवी - मेहर - नाभा - नागौद - नरसिंगगढ - नवानगर -
पन्ना पालीताना - पटियाला - पुरबन्दर - राजपीपला राजकोट - रीवा - रतलाम
समथर - सावंतवाडी - सलाना सरमोरनाहन - सीतामो - सोंठा सोकेत - बेतर -
ट्रावनकोर ओरीछा - बरद्वान - वंकानेर - राजगढ / - जोड ८३ - राजपूतानेकी
रियास्ते १८ कुलजोड - १०१ - ॥

इतिश्रीतवारीख जैसलमेरका तीसरा भागसम्पूर्ण शुभम्

बिज्ञापन

कोटा कोट धन्यवाद है श्री जगदीश्वर को जिन की कृपा से यह ग्रंथ आजस
माप्त हुवा बहुत से हालात जो पीछे से मालूम हुये है - जैसे भावलपुर खैरपुर
व केलन जी वगैरह के हालात उनको हम अगामी चल कर ग्रंथ के अंत में
जमीमों अर्थात किरोड पत्र के तौर पर छापकर लगादेते हैं पाठक किताब
से मिलाकर उन को भी पढे - ॥ देश हितैषी सेवक लखमीचंद - ॥

التماس

ہزار ہزار شکر ہے پرمیشور کا کہ آج تواریخ جیسلمیر کا تیسرا حصہ بہی اوسکی عنایت سے تمام ہوگیا - عقب
سے جو حالات معلوم ہوئے ہین مثلا تواریخ بہاولپور - خیرپور سندہ - کیلن جی کا اتہاس وغیرہ وغیرہ
اونکو ہم آگے چلکر بطور ضمیمہ کے لگا دیتے ہین ناظرین مضمون کتاب سے ملا کر پڑہین -
راقم خیرخواہ ملک سیوک لکہمی چند -

ज़मीमानम्बर (१)

नरोगेंट के उन्नड़ो का हाल

सफ़ा १६६ परगने नरोगेंट के हाल में सतर ५ के बाद पढ़ना चाहिये

म॰ लाखावट काजी के सहर में उनड़ो का राज है कमाल का बेटा बंदा भायां से नाराज हो नोहवर में आ रहा बड़ा बेटा सांहणा की सादी नोहवर में कोम कटा के और छोटे वीसे की सादी झुडे की बस्ती कोम बंदा के करी नोहवरीया कहीजे सांहणा का पड़पोता लखमीर जैसलमेर से पीछा जाते को नोहवर का कामदार मिला कि पिछाडी कटक आता है यह बोला अब अगाड़ी नहीं आने दूंगा चुनाचे कटक से मुकाबिला हुआ बलो चों को मार के मरा श्री दरबार ने उस के बेटे हमीद को बुलाकर कुरब वसरोपाव दिया- हमीद ने सांहणा के बड़े बेटे दीने के खमीसे को पघडी बंधवाई- वोह पाटवी है फेर नरोगेंट में आबाद कर कोट सौंपा- थावतों से- पानी पर तकरार हुई तो खमीसे का पड़पोता ताहर खां बहावलपुर गया खान साहब कहा नरोगेंट लिख दे जवाब दिया मेरे लिखने से लेसको- तो दिल्ली भी लिख दूं जब ताहर को कैद किया- सो श्री दरबार ने वकील भेज के छुडाया- जब दूसरे धुड़े वीसा को भी साथ लाया- नरोगेंट पर खांन साहब की फौज आई सो हारकर पीछी जाती गां ओं लेगई- एवज में खांन के सवारी के १२० ऊंट लाये सो बेच के पड़ कोटा बनाया- जब से नवाब का खिताब दिया धुड़े सांहणा में जाम ताहर- व वीसां में जांम बाहर की तनखा रु ३) रोज बदांणा में कलोती व गांम

यह हाल तकिताब लिखनेवाला का तिब अपनी बेवकूफी से छोड गया था इस लिये जमीमे में लिखे गये हैं पाठक अन्य सांमिलाकर पढ़ें- मुहम्मद मुराद अली-

[illegible] पटे दिया सो इनोम है और नौकरी में रहे तो तनखा होजावे - [illegible] आदमी तो [illegible] को भी कोट में रहें और काम पडे ज़रूरत हो [illegible] होवे और जैसलमेर में तो आदमी व घोडे को बदला [illegible] और दूसरी जगह कोट फ़तह गढ़ पर जोधपुर की फ़ौज संगी फतेरा [illegible] आया और यहां से भी फ़ौज गई वक्त मुकाबिले के भाटी भाग गये [illegible] ने फ़तह पाई

सोरठा

निबसोया [illegible] होत पग ठाम्या मामांभद पना ।

[illegible] ने [illegible] अवचल राखे ईस्वरी ॥ १ ॥

[illegible] से नाहर से फ़रमाया कि किल्ला किशनगढ़ का क्यों होने [illegible] अर्ज़ करी बना हुआ लेदूंगा फेर वहां जाकर सुरंग लगा [illegible] कोट वाले चेतने से नाहर बाहर जाना वगैरे मारे गये कामयाब न हुए मगर [illegible] भरोसेदार समझ गये कि श्रीजी साहबों के सफ़र में तम्बू के अगाड़ी भाटी रूपसी और पिछाड़ी ऊनड़ों का डेरा होता है ॥

[illegible] के बेटे डेहर का डेहर मंधु का मंधुवांणी का [illegible] का [illegible] और [illegible] के बेटे महड का महड हींगो ले का हींगोला कहीजे है दोनों के घर २०० तो ऊनड और बहुत से [illegible] हार हैं ॥

ज़मीमां नम्बर (२)

इतिहास कोम खालत जो १५ पाड़न हैं

सफ़ा १६४ परगने रामगढ़ के हालमें सतर ४ के बाद पढ़ना चाहिये

मोज़े टुकरोले के सोलंखी राजे मूलराज का कुं॰ महेसदास लुद्रवा के पुवार राय सांवतसी भाग भोज की पुत्री परनीजे और तणोट में आरहे इसके कुं॰ चेतसी को नानी हुलरावतीने खालच कहा जिससे खालत कहीजे - खेतसी के वेटे रूपसी के ३ पुत्र १ देवराज ने श्री घंटीयालराय का थान व १ कुंवा जो चूडाले विजेराव का वनाया हुआ मिसमारथा तयार कराया दूजे विजे देवराज तीजे सिद्ध देवराजका वेटा मायेथी ने राम गढ से पश्चिम कोस ६ मायेथी नाम कुंवा वनाया व जुझार हुआ सो पूजीजे है और देवराज के ७ वेटों में दूजे रतनु कुवा २ रतडीया-वनाया और बडे वेटे चामुंड का बेटा मालु को सरवाड के भाटीयां मार कर तणोट लूटी और मालु का वेटा वीसल अपने नानेरे गां॰ जसोल- में नावालिग था सो जवान हुआ तव मोज़े हाडेमें आकर महारावल श्री वाछुजी से रुप्या व फ़ौज की मदद लेकर भाटीयां को वफ़ात दी और सरवाड लूट दरवाजेका किवाड ले आया - और श्री दरवार में सालीयाना- रकम जिसको माल कहते हैं लिखदीया सो हनोज़ भरता है तथा - तणोट में कुवा एक चौतीना जो मौजूद है वनाया और एक पग वाव वनाई थी पानी खारा होने से अंकवाव कहकर वूरदी और मोज़े राम गढ में श्रीदरबार से कोट बनाया जब खालत भी यहां आरहे ॥ वीसल के पुत्र जैतका वेटा

भोजने कुंवा १ भोजसर नाम से बनाया सो बूरा हुआ भोचरा कहते हैं ॥ और भोजके पुत्र १२ मध्ये बडे चूंडे का चांवड गांव बारू में रहते हैं दूजे आंगक ने रणाउ नाम दो कुंवा बनाया और इस के बेटे जैपालका बेटा भाग चंद ने भागासर नामा कुंवा जो रणाउ से पूर्व १॥ कोस बूरोडा है बनाया- और तीजे भार का भारा कहीजे और चौथे सालगाती के बेटा अडेकमल के ७ बेटा में से चार का बंस चला एक ... का ... पाल्त मुसलमान गांम सतोय वगैरे में हैं तीजे मांडण का बेटा सेउ व सांयत का सेउ वसांयत क- हीजे है और चौथे सूरजन के बेटे सजन का सजन कहीजे व तलाई १ सजन की खुदाई ॥ और दूजे लूंभे के ३ बेटा में दूजे रणधीर का रणधीर क- हीजे है - और तीजे उदैराव व बेटा लोगायत दोनों को बीये ने मारकर जामोलाईली उदैराव की औलाद का गांम मेहेरोरी में भायां के बिराड से न्या रा रहते हैं और बडे बेटे अजे के १२ बेटे हुए जिसमें एक जोगे का जोगा जो माल में बहारस भरते हैं चौथे कोले के बेटे राघव का राघव सुहन गढ में व दसवें गोड का गोड और बारहवें मींहे का मींहा व इग्यारवें बीये के ९ बेटे हुए जिसमें दूजे रामके हेम व नेतसी बपेरासर पर हैं व पांचवें सिदे- का सिदा गांम कांसोंध में व छठे सते के वस्ते का वस्तांणी गांम छांपरा में है व आठवें आंबे का आंबा और बडे बेटे थारे के तीन बेटा में से मेहस के दो बेटा बडा तो भोजराज का पाड़ा भोजराज जो सबका जामो तरखरड पर रहते हैं जामो त का नाम आज पर्यंत नीचे लिखा गया और दूजे कुजे का मुजा कहीजे है भोजराज के भोपत भोपत के हेमो दान २ के सुजांण २ के जगन्नाथ २ के आपमल ३ के भीमा २ के सरूपा २ के सेरा २ के मूला - मूला के बाहादरा ॥

ज़मीमा तवारीख जैसलमेर - नं॰ (३)

जो इस देश मे नीमा पहाड बहुत लंबा चौडा व ऊंचा जिससे पानी का झरना व अच्छे २ दरख्त जो कोरन्डी नाम का भाखर जिसको डुंगर व मगरा कहते हैं तफसील जैल है अव्वल यहां गेरहरा जिसपर गढ है सामने सुली डुंगर से उत्तर सर्प वगेरह ८ कोस बराबर गां॰ चाहडू व काले डुंगर तक वहां से खं चम गां॰ बर्मसर व रूपसी फेरह गां॰ कुलधर व काकनय वहां से प॰ मुहार फेर पू॰ तेमडे वहां से उ॰ जायग फेर पू॰ धनवा व सांगांणा वहां से या॰ गां॰ हमीरां तक चौडा तो २ से ८ कोस और लंबाई में लगाता हुवा येरा यहां से चौतर्फी ४० कोस बीगा नाम हरएक ग्राम के पास जुदा २ होते हैं तथा इससे जुदी डुंगरी मोलासर नाचनरी भभेटा वगेरह कई हैं । त्या काले डुंगर ते काकनय तक मगरा सजीवन है चुनांचे कबीरेरीसाल वह भीमरो गोडो ब्रह्म कुंड रामकुंड रुचीका कुंड मुंदडी भुवांह में कहतसाली मे भी पानी बहुत रहा शहर मे भी यहां से आता था जिस में अनुमान होता है कि इस मगरे व व्हालों में खोदने से पानी नजदीक ही निकलेगा और सुना भी है कि ब्रह्माजी ने वै शाखी पर यग्य किया था जब मान्य रिषि देवता वनदी आये थे जब से नदी गोमती यहां गुप्त चलती है इस के गुप्त गति का साखा सिकंद पुराण में है कि रुर्व रिषि के बेटे अग्नि को मारने के लिये नदीयों को ब्रह्मा जी ने आज्ञा की जब सरस्वती व गोमती बीडा उठाय अग्नि को धकेल समुद्र मे बैठा था सो सरस्वती के कुंडल मे बैठा हुवा है गोमती अग्नि को धकेलने से तपजाती थी तब जमीन मे घुस कर ठंढा होने बाद प्रगट होती थी इस से संभव है कि यहां भी गुप्त चलती है खैर कहीं ही हो पानी तो बेशक नजदीक है और पर्वतो का हाल खाने मे लिखा है और परगनात मे पहाडियों का नाम नीचे,

लिखा है बाकी हाल लंबा चौडा ऊंचा व दूर दिसा वगैरह का नकशा मे लिखा जावेगा तथा इस देश के भाखरों व मगरों मे बाज २ जगह कुं भटीया गुंदया गूगल बलसीडा के सिवाय कुछ भी पैदा न्ही होता है ॥

प्र० जेसलमेरमें १ सूरमाली २ कीनां का डुंगरा ३ बाभगीया ऊहरी का भाखर

प्र० देवी कोट मे १ - - - २ - - -

प्र० लाखेमें १ रणधां वालो २ गुष्परीयेरमाडी ३ - - -

प्र० देवामे - १ भूरेरो डुंगर २ बाला डी डुंगरी ३ सिलाडी डुंगरी ४ पालाडुंगरी ५ वाचोली डुंगरी ६ कालो डुंगर ७ हईखा को डुंगर ८ आसदेयं को ९ गोसीरसर १० ऊहीयेरो ११ जरववालो १२ जोगणीया वालो १३ घेरालो १४ बहाडो १५ जगांवालो ॥

प्र० वापमे १ घटोररीमाजी २ तीबीमाडी ३ कोडीयो भाखर ४ गेदायतमाडीबारद ५ नोडेरीमाडी ६ मनुजीरो पहाड ७ जादमरो पहाड ८ भोजालवारो पहाड ९ रतेपीरो १० कोठीवाडो ११ मोटोढाठरेनवालो १२ लखुवालो १३ कुभारीयेरी माडी १४ गोनरडीमाडी १५ देराड़रीभा० १६ कीनोतमाडी १७ मोतीसेरोभा० १८ थंभणरीभा० १९ गोव भा० २० चंदारेटेचरी २१ चांपजासरोवलो २२ बोवणी भा० २३ चीचोभार भा० २४ मेणा गटीया भा० होय

इस मंडलमें सिध्ध व संत जमाने साबिक में बहुत थे उनमें से ठिकाना बनाया मोहाल वरहनेवालों के नाम

जमीमा नं० (४) अतीत मंडीयां

आमस का मठ - रावल जोगी रतन नाथ वाले शहर से बाहिर सं० १२०७ मा सुद ५ (१) गणेशी नाथने मठ बनाया भोमीयों के गांवों में कटाल्ला व सेरमें आं भिक्षा का लगमान है (२) धनानाथ (३) फतेनाथ (४) धननाथ

(५) सिधनाथ (६) समनाथ (७) रतननाथ (८) रामनाथ (९) पीथानाथ (१०) सांवतनाथ (११) नेमीनाथ (१२) जीवननाथ (१३) आदनाथ (१४) गुतीनाथ (१५) भानीनाथ (१६) थाननाथ (१७) फूलनाथ (१८) लालनाथ (१९) गोपालनाथ (२०) लडनाथ (२१) जीवानाथ (२२) किशननाथ (२३) गंगानाथ (२४) हीरानाथ (२५) बादलनाथ (२६) खेमनाथ जी अब मौजूद है ॥

(बावडी) आस के मठ में जीवन नाथा का भार (१) बडनाथ जुदा हुवा (२) दरयानाथ ठिकाना बनाया (३) सिधनाथ (४) सीधरनाथ १ ज्याएनी को रक्खी जबसे घरबारी हुये (५) विजेनाथ (६) रूपनाथ (७) उतरनाथ (८) प्रागनाथ (९) भगवाननाथ है - और चतरनाथ के भेरुनाथ का है लादेन नाथ है सु. नारा वद्दरजी सेवक है ॥

(धुनीनाथ का मठ) यहा एक कोठा में आसद वेराग नाथ का पादक रहनेसे वेराग नाथ का मठ भी कहते है - गंगा पार से रमता सामी एक धुनी नाथ आया - श्री मूलराज जी साहबा को कैद होकर फिर राज करने का चमन कार बताने से सिलावटों के बास मे मठ बना दिया सो पातरीयां का गुरद्वारा है फिर नाथजी - बीकानेर ऊस तां को लाने गया ऊसी वक्त भीराज का वस्त्र भाटी ले गया था सो नाथ जीके बचन सो साठीया पी ही और जब राजा जी ने मठ को कडी फेर दी थी मा १ थे रयासे चोसर खेलते थे उसके सतां की रछा से लंगोट खोला और लडका हुवा सो चेला (२) मस्त नाथ घरबारी हुवा (३) देवनाथ का चेला मोजनाथ तो सिध्धी पाने से रमता रहा- बेटा (४) लालनाथ अब है (५) रछयानाथ ॥

(म्हादेव का मठ) रमता सामी (१) हरवस गिर आया सो हाल अमर

सिंहजी के हालमे लिखा है (२) लालगिर अहंत हुवा (३) जगरूपगिर (४) थानगिर (५) हरनाथगिर (६) जनगिर (७) रिधगिर (८) दरीगिर (९) भावगिर (१०) पेमगिर (११) धनीगिर सं० १८६५ से कच्चा मठ था सो पक्का बनाया (१२) रतनगिर अब महंत है छडी नगारा भी है इन को कहागया कि इस मंडल के ठिकाने में अतीत हुये वहै सोनाम वरीत रसम वगेर हाल पंचायती बही मे लिखो - भंडारनाथ के तो ठिकाने मे बाकी सबके - वैसाखी का मेला मे होता है - और जमाती इनसे जुदे है सोगुरू महाराज के निशान फते है - ॥

(कपूरीया का मठ) रमता फकड (१) सुंदरपुरी जो सिध थे गांवमें आरहे (२) बालपुरी ने जो राम कुंडा का साध को ईशरामजी वडा था एक चमार की पुकारपर ५ माई भोमिया जुनकी गती मरने से जमीन मे दूव पाया व गांव मे सीव व वसी जुदी करी (३) ईश्वर पुरीने शहरमे (४) गुणेस पुरी ने गांव में पक्का मठबनाया (५) निरमल पुरी (६) चंचलपुरी के हरीयाल पुरी तो जोगी राज रमता रहेता है (७) बालपुरी तक सिध थे (८) सागरपुरी श्रीनाग के काठीये को बचाता है तथा गणेसपुरी के दुजा चेला जमन पुरी का छत्रपुरी ने गाव सुंदरे का सोढा गाये लेगया किसनसिंहजी सोढा को पनाह दी जिससे गाव सतोरे मे समाधली जबसे सतोरे मे अतीत नहीं रहे सकता और कुवा का पानी भी खारा होगया चमारोंने धुई की टहल करी थी उसका कुवा अच्छा है चेला गोयंद पुरी के मनहापुरी के जो रावरपुरी के चेला सो अब है - ॥

(मोजे मया जलार मे) सेजनाथ वनोख मे देववन - व बेसाखी मे फतेपुरी वाघमे दलुनाथ के ठिकाना का चीत्तु पहेले लिखाहै और गाव देवा मे पीर कोठारी मे नकबीर ला होला मे ओघड व शहर मे अजबपुरी वाले रूखड

कहातेहैं त्यासंत पुरीरत नाथ देचन्दं देसपुरी का मठ - नील कंठ-डुगरपुरी-चंपापुरी-हीकर नामवगेरेके ठिकाने शहरमें. औरगांवमें बहुत अतीत रहते हैं सोकहां तक लिखे ठीच गांव भाडली मे मोनी गिरसिध है - ॥

(जमीमा) नं०(५) साध

(रामकुंड) रामानंदी रमताराम (१) हृणत रामजी जो संत थे यहां आकर श्रीअगर सिंहजी साहिब के गुरू हुयेठिकाना व मंठ बनाया बहुत वर्ष बाद खालसे समाध बनाय . नमालूम चोला कहां छोडा (२) तुलशीदास (३) बालकदास नकसिधनथी (४) रामदासके समयमे सिंधकाकिजोअमीयाने १ महल बनवादिया जहां हृणत रामजी की गुदडी-टोप-माला-वाघंबर-विराजेहै (५) बदरीदास (६) श्यामदास (७) माधोदास (८) किशनदास (९) जीवणदास (१० लक्ष्मणदासने विलासी करने वगेरे मरजाद तोडी व शहर की हवेली बेचीसो भी करजा रहा-खडीन भी गिरवी रक्खाथा (११) गोपालदासजी अब महंत है मंडलके साधांका जोइसठिकानेके कंठीबंध है दिल हाथमे लेकर करजा भी उतारा और मरजादसे चलते है शहरमे हनुमान का ठिकाना भी रामकुंडकाहै- **(कबीरपंथी साध)** इसरदासजीने सिंधहैदराबादमे मसजिदपास पेशाव करनेसे मुसलमानों* का कहनाथा हलतव लंगोट खोलकर १०० इंद्रीयां दिखायकर तसल्ली हुयेसो कादो केरगाहाथीसिंघकी विनतीसे गांव खुहडीमे ठिकाना बांधकर बहुत लोगोंको कंठी बंध किया और गुरू भाइ बोलकदासआकर महादीरहा त्याचेलाअर्जुदासकेतो चेलानहीरहा और पाटवी मगनीरामके जगजीवन दास भी ग्यानी थे इनके चेलारतनदासके अबगरीवदीदासहै और दूसरे रूपीदासकेजेरामदास ने जुदा ठिकाना गां० धोवा व पोकरनमे भी करके लोगोंकोमंत्रोपदेस करते है इनका चेला पीतांबरदास अबहै जिसके सारंगदास **(मुनीजीकाठिकाना)** रामसनेही साधूका चेला जो पण्डित था पोकरनसे आकर १२ वरस मुनरक्ती सो पलीवालोने छोडाय हनूमानके वांतरफ ठिकाना बनाया और लगमांची बांधदिया यहां शास्त्रग्रंथ बहुतहै परन्तु पीछे कोइ साधू पण्डित नहीरहा-ठिकाने के चोकमें पानीका टांका बनाना जरूर है- त्यावरकतवाले मुसलमान फकीरोंका जिक्र किताबमे मोका २ परलिखागयाहै बाकी तकिया व पीरस्थानतो अकसर वइलाकेमे बहुत जगह है सो कहां तक लिखा जावे - ॥

* परंतुलिकरा असलीन्ने खगे ऐसा ही है ठीकनहीं पढागया -

(जमीमा) नं॰ (६) रियासत भावलपुर

इस रियासत का रकबा ३८२ ६६ मील मुरब्बा है जिस मे सन १८९१ ई० की मरदुम शुमारी (मनुष्य गिणना) के अनुसार ५,२५६,६७० आदमी बसते है आमदनी सालाना ५७.३५ ८५ रुपया है खिराज माफ है अहदनामे मे दोस्ताना मदद देने का सरकार ने वादा किया है रईस कोम अब्बासिया दाउद पुत्रा कहलाते है सलामी की १७ तोपें सर होती है भावल पुर के जनूब व मशरक में जैसलमेर और बीकानेर का रेगिस्तानी मुल्क है और शिमाल व मगरब मे सरकारी इलाका है चुंकि पैगम्बर साहिब के चचा हजरत अब्बास से कोम अब्बासी सुलतान रूम के खानदान से ८५ पुश्त बाद कुरेशी दाऊद खां मुल्क सिंध मोजे लखी मे आ रहे शिकार की जगह शहर शिकारपुर बसाया दाऊद पोते २०हजार से उपर है १ केहर के १२ बेटों के केहरानी २ आर्फ के अर्फानी ३ प्रोज के पीरप्रजानी ४ आर्बपाशवानीया के अरबांखी केहर १५० मनुष्यो से खडीन भलारी जो देरावर से उत्तर ३२ कोस है जा बैठे बेटे नूर का गा० नूरवाला बसा ह जहां अब कोट में हाकिम रहता है देरावर रावलजी से आधा २ रखने का शर्त पर बहुत सा मुल्क लैने बाद रावलजी कहा जैसलमेर ले दो तो यह सब तुम्हारा वर्ना निकल जाओ जिस पर फतेखांने देरावर ही लेकर बाप के कहने से प्रोज के बेटे फते खां को मारु फरवा किल्ले शिकारपुर मे कंधार के बादशाह का साला नवाब सैफुल्लाखां दुरानी जो इनकी वरि सहित सोया था मारकर कैद से निकाल लाया था गादी बैठाय मालिक मुल्क करके आप सलामी हुये फिर गढ व शहर बनाये सो लिखे है और छोटे २ गांव तो सहहा बसाये इनकी बहादुरी व वल्लीपने के रलात कहां तक लिखे जावे गादी धर नवाब याने खां साहिब के नाम लिखे गये है १ फतेखां २ सादिक मुहम्मद ३ भावलखां ने देरावर से उ० इ० ३२ कोस

कनोरे दरया के शहर भावलपुर बसाया राजधानी करी परन्तु गादी बैठने का दस्तू
र देरायर मे ही होताहै ७ **मुबारकखां** ५ **व्हावलखां** मुल्कगीर ने मुल्क व
धायाहै **सादकमुहम्मद** ७ **व्हावलखां** सालिस विलखैर बडे ही आकल
थे दूरअंदेशी से सरकार दौलतमदार अंग्रेजी की मदद हाजरी याने मुलतानव
गैरहकी लडाइयों में ७ सो हावद पोते मारे गये सरकार आली ने मुल्क दरिया पा
को जो सिख रनजीत सिंह ने ले लिया था दिया सो पीछा देकर रियासत व अख
तियार रहने याने सरकार दस्त अंदाजी न करने व मदद देने वगेरह कलमा लिख
वाली ९ **फतेखां** फिर ५ म्हीने पासवानी याहाजी खांने भी राज्य किया था-
२ **व्हावलखां** १० **सादकमुहम्मद** ७ वर्ष के सं० १९२२ मे राज्य बैठे ज
व दरख्वास्त पर सरकार से मीचन साहिब मुखतार होकर आबादी वसूली वगे
रह से आमदनी बहुत बधाइ फिर इनको अखतियार मिला बाद पुस्तों का खजाना
निकाल कर मोजां करते है· खुदा खैर करे ·।।

नकशह गढ व शहरों का जो इलाके जात में नामी है

केहर के मारूफ के रहीवेठे नकार बंध्योंके					नम्बर	नाम ठिकाना	कोस दिशा	किसने बनाया	अब किस के पास है
नम्बर	नाम ठिकाना	कोस दिशा	किसने बनाया	अब किस के पास है	५	हासलगढ	५० पू	हासल खां	हासलखां
१	खैरपुर	२५ पू०	खैरमुहम्मद	दुरमुहम्मद	६	मुबारकगढ	६० पू	मुबारक खां	खा०
२	मीरगढ	५५ अ	मीरखां	खालसे	७	शहरपुरा	२५ पू	शहमुहम्मद	खा०
३	मौजगढ	२५	मोजदीन	खा०	८	गढीअखतियारखां	६६ पू	अखतियारखां	अलावखश
४	दुरपुर	१६ पू	दुरमुहम्मद	खा०	९	अलाबाद	५० पू	अलादाद	नजरमुहम्मद

१०	कायमपुर	२४ पू	कायमखां	खां०
११	सबजल्दा कोट	१०० प	सबजल खां	खां०
१२	खानगढ	१८ द	खानमुहम्मद	खां०
१३	लतीफगढ	६ ई	लतीफखां	
१४	गोरदाणा	८५	नवलअली	खां०
१५	शाहरफरीद	६० पू	फरीदखां	
१६	ददुरा कोट	१५ वा	देदुखां	स्माइलखां अलीदाद
१७	ख्वनदीगोट	१६ पू	ख्वनखां	खां०
१८	नेहाडा	२४ द	नेहाडेखां	खां०
१९	अहमदपुर	२० पू	अहमदखां	खां०
२०	शे.कादरेहा	८२ प	कादरेखां	खां०
२१	स्माबेदाकोट	५८ प	स्माधेखां	खां०
२२	ताजगढ	६८ प	ताजमुहम्मद सरफराजखां	

५	रूकणपुर	७२ पू	ये
६	खानगढ	५० द	ये
७	खेरपुरठोहरी	३२ वा	खेरमुहम्मद

अगले बने हुये

१	वीझणोटे	६० द
२	भरोट	२५ अ
३	न्हवर	७२ नै
४	जजा	४६ प

किल्ला देहनूर उर्फ उच · मेहोपीर गिल्यानी व बुषारी है ।।

केहरसे ५ पुस्त हालाके हाला जीयोंने

१	नवसारा	८० प	नवलअली	
२	हीनगढ	७२ नै	बुटेशाहर खां	राज्य जैसलमेर
३	ताजगढ	७० प	ताजमुहम्मद	खुदाबक्श
४	वदली	६६ प		
५	संजरपुर	ये	संजरखां	
६	मुहम्मदपुर	ये	मुहम्मदखां	
७	जाफरपुर	ये	जाफरखां	
८	कबूलवाला शहर	८० प	कबूलखां	लालमुहम्मद का बेटा

प्रजाणीगरी धर्सोंने ।।

१	फतैगढ	२०० पू	फतैखां नं० १
२	मुबारकपुर	५८ पू	मुबारकखां नं० ४
३	खानपुर	५० अ प	ख्वावलखां नं० ५
४	देरः ख्वावलखां	३२ नै	ख्वावलखां नं०

(जमीमा) नं० ७ दुकान

राजकी दुकान जो नुथका कोठार सं ५ से हुवा श्रीगिरधारीजी के मंदिर व रसोडा

व घोड़ा हाथीयों का दानव संज मसाला व पेटियो सरोपाव वगैरह जिन्स का-
खर्च व दूसरे मन्दरों सरदारों व धर्मादे वगैरः के रुजगार का हिसाव शाहू
कारी रीत ज्यों तो रक्खा ही था सं॰ ४१ से हरएक हिसाव समझने की सु
गम तरकीब की गई है- और कामदार कई पलटे मगर वधत व उडन्ती का
हिसाब किसी ने नहीं दिया साल भर में २४ से ३० हज़ार का खर्च है- क-
इन साली वबीका सरदारों के रहने से ४० के ऊपर रहा -॥

ज़मीमा नं॰ ८ कोठार अन्नपूर्णा

जो राजका अव्वल खर्च का क़दीम स्थान है- खास तवेला व बारगीर वगैरह
घोड़ों का दाना व तेल का खर्च व ज़नाना सरदार वरा जबीयों व हजूरियों का रुज़
गार देनगी चकरीं चाकरों व धर्मादे का पेठिया व सिपाहियों व कारीगर हर कौम-
का वतवायफ़ वगैरे लोगों को वलांकि हिसाव का दस्तूर अद्भुत है- सो मुफ़स्सिल-
लिखने में जुदी किताब चाहिये- ज्यों बहुत लोगों को नगदी तनख्वाह होगई व जिस
को नहीं हुई है-सो भी होने की सलाह है-जिससे पुराना दस्तूर लिखना ज़रूर भी-
नहीं रहा- तथा उडन्ती नहीं निकलने के कारण विजैसिंह पूनमचन्द वगैरे-कामदार व-
दरोग़ा यानें ४। ५ आदमी शामिल होकर कोठार खोलते हैं यहां कोई आकर पल्ला वि
छावे सो निरास नहीं जाता- और तहसील काम हक्मा भी इसके शामूल है-सं॰४१ से द्वर
पय वाडे-हिसाव समझने की ठीक तजवीज़ रक्खी गई है- इस काम पर बहुत बर्षों से-
कामदार सुखतार व्यास पोलजी व दरोगा हजूरी लालजी हैं- और जिन्स खरीद फ़रो
ख़्त पर मोकार्ती वलदेवदास जिसके ताल के तलाव व साठियों वगैरे का काम भी है-॥

ज़मीमा नं॰ ९ तजवीज़

चौपाया-देवा की घोड़ियों व ऊंठ सांडों का बरग व गायों भैंसियों की थारों जो
लाखों रुपये का माल है- इसका जुदा महक्मा होकर वाजिब तजवीज़ से कारखाई

काफ़ायदा लिखे मूजब होने की जवाके भी श्रीजी साहब मंजूर फ़रमावेंगे तो बहुत माल व धने व राज का ठाठ रूपक दीखने व बहुत से मुलाज़म परवर्श पाने व कई काम आसानी से होकर आराम रहने के अलावा बधंती खर्च निकलकर २० पचीस हज़ार रुपे सालका फ़ायदा होहीगा -

राजकाम से अलाहदा फन की आमदनी में खास शहर व जो धलुरबा लोतरा के रास्तों दू० हाज़ा में बंगला व पोह धर्म साला व दूसरे रास्तों सिंधवगैरे के में कुवा वगैरा जो मुनासिब हो - बनाया जावेगा - और हर उपाव से लोगों के कराने उपरंत राज में रु० १० हज़ार सालका देस में जाबजा कुवा बनाने वगैरे आराम व फ़ायदे के काम में लगाने की तजवीज़ है - सो ज़माना अच्छा आने से होगी - ॥

जमीमा नं० १० महकमागिराई

इस काम पर सं० २१ से कभी २ महता फूलचंद जी व अखैराज जी वगैरह दौरा के तोर पर जाते थे - सो दीवानी फ़ौजदारी का काम करने से प्र० के हाकमों के हुकम से - ज़ोफ़ आने के बायस आपस की तकरार वगैरा कभायतें रहेती थी सं० ४१ से यह तजवीज़ ठहराई कि दूला के जात में ४ ग्राई कीजावें जिसकी रिपोर्ट तो महकमे सदर में - अदालत में होवे - और मुकदमात दीवानी फौजदारी का हर प्र० के हाकम को शामिल रखकर किया करें व पैदा हो सो भी प्र० का हाकिम लेवे - और इनका खर्च कामदार की तनख्वाह मधे भत्ता व जो सवार वगैरह का मुकर्रर किया जावेगा हर महीने श्री दाआने पर खज़ाने खास या हकूमत वगैरे से दिलाया जावेगा - चुनांचे कोट जाठी से उत्तर देस में महता अखैराजजी को रखकर - जाठी सूं दक्षिण प्र० लरपात क जहां अकसर चोरियां का गुमान रहता है - गिराई का जुदा महकमा किया - और महाजनार पांना सम साहागढ घोटडु - का दूला का मूलचन्दजी के तालुक रखा - तथा कोट खारा से मोहनगढ तक में करना रहा था - और इसमें यभी तजवीज़ थी कि गिराई वाले तालुके का काम

के अलावा हरएक गांव का जुग़राफ़िया व वर्तमान हालात लिख भेजे- और लोगों के- आराम व फायदा याने मुल्क में आबादी आमदनी व धन की बाबत जो ख्याल देखें सुनें या दिल से समझें सो मुफ़स्सिल लिखकर कौन्सिल में रिपोर्ट किया करें तो मुनासिब तजवीज़ होती रहेगी- परं॰ कहत साली व कामदारों के आपुस का रंज व कई सबब ऐसे हुए कि मन्शा मूजिब यह काम भी नहीं चला सो भी अच्छे होने के समय में ही वे होगा-॥

ज़मीमा नं॰ ११

मुतअल्लिक़े इतिहास पूगल रावरानगदेव के लखा जी व चाचाजी वग़ैरह

जो तवारीख के सफ़ १११ पर आचुका है


चाचाजी के वंसज के शेखा जी राव भीकनी जी की कृपा से नामी ग्रामी हुए-कछ वायों से बैर लेने आदि बहुत प्रवाडन में वीरत देखाय अपनी मृतु का पूछी जब करनी जी ने कहा कि बैर की छाया आक की खट पी पका बासा भूरी मे: का दही त्या घेटा का पल रव: जगह मिलैगा तब मरेगा -सो ऐसा ने ल हुआ तो आपही कहा कि ये पेटु भाता आया जन से मृतु के मौका पर ये आवाया है तथा किशनावत बारवाय में नामी हुए यह मारहीं नपल सिंघ जी गोपालसिंहोत सपूत हैं- सं॰ में जैशलमेर भी आये थे-॥

ऐसे ही शेखा जी के पौत्र उन्हीं के योजी भी सूर बीर हुए-गढ़ रामके नाम से बरसल पुरव नाया व बादशाही खज़ाना मुलतान से लूट लाया- जब फ़ौज आई तो मा का कर के कुल्लत सिंह बरसलपुर-॥ व दूजे कर्न अमरा साईदास गोपालदास चन्द्रसेन- जगतसिंह देवीदास षडगसिंह हिन्दूसिंह खेतसी भोमसिंह हूंडवलसिंह कुंकर्न नी रावत जैमलसर जो अब ई॰ वीकानेर है- ॥ तीजे धनराज खेतसी सेरसिंह-राघो दास-माधोदास अखैराज-बिहारी-किसनसिंह-किर्तसिंह-भोमसिंह-भामजा-

महूजीजयमाल· मुकुनजी· कुं० जोरजी· ठा० बीठनोक भी अब दू० बीकानेर ।।

ज़मीमा न० १२ रियासत खैरपुर सिंध

यह रियासत ६१५९ मील मुरब्बा और सन १८९१ ई० की मरदुमशुमारी के मुताबिक १३१९६० आदमीयों की आबादी· आमदनी सालाना ७१६००० रु० की है· खराज माफ़ है· मगर ज़रूरत के वक्त फ़ौज की मदद देने का इक़रार है रईस यहां का मीर अली मुरादखां साहब है· जो बिलोची पठान है· सन १८३८ ई० में सरकार से पहिला अहदनामा हुआ था· ।।



इति

कोटान कोट धन्यवाद है श्री सच्चिदानन्द जगदीश्वर महाराज को जिनकी कृपा से आज दिन अबकि ३० दिसम्बर सन १८९२ मुताबिक़ ११ रबीउलआखर सन १३१० हिजरी व अगहन सुदी १२ सं० १९५० बिक्रमी व फ़सली अगहन की २७ सन १३०१ है· यह ग्रंथ समापत हुआ· पाठक बिचार कर सक्ते हैं कि जैसलमेर जैसे उजड देस का इतिहास लिखना श्री महताजी नथमलजी ही ऐसे पुर्ष का काम था इन के परिश्रम से जाना गया कि हमारे सूबे के पिछले रज़ीडन्ट कारनल सर ईडन साहब बहादुर ने इन की सच्ची तारीफ़ की थी· हम भी महताजी साहब को धन्यवाद देते हैं· कि उनकी महनत का फल पराप्त हुआ· ।।

خاتمۃ الطبع

ہزار ہزار شکر ہی پروردگار عالم کا جنکی عنایت سی آج ۳۰ دسمبر ۱۸۹۲ء کو یہہ کتاب ختم ہوئی یہہ حقیقت میں ہی ایسے عاقل اور محقق شخص کا کام تہا کہ جیسلمیر جیسے اوجڈ ملک کی تواریخ ہندی مین تیار کی ہم بہی مہتہ صاحب موصوف کو مبارکباد دیتے ہین ۔ الہ العالمین اونکو خوش رکہی ۔ کہ اونکی یہہ یادگار ہزارون برس تک دنیا مین بنی رہیگی ۔

غرض نقشیست کز ما یاد ماند * کہ ہستی را نمی بینم بقائے *

جریدہ خاکسار محمد مراد علی ہوشیار

مالک مطبع راجپوتانہ گزٹ و چراغ راجستان اجمیر

तितम्मः तवारीखजैसलमेर नम्बर (१)

अवमें अपार अफसोस के साथ थोडासापि हाल लिखताहूं कि सं० ४७ फागुन को श्रीजी साहिब वैकुंठ पधारे तो मात्र जीव जड व चेतन को ऐसा गम हुआ कि कलम को लिखने की ताकत न्हीं गोया राज का जहाज ही शोक समुद्र में डूब गया फिर राजा श्रीखुसालसिंहजी के कुंवर साम सिंहजी को जो ३ वर्ष के थे राज बैठाकर बमूजिब वसीअत के नाम शालिवाहनजी रक्खा और इस खियाल से सबने दिल को तसल्ली व सबर दिया कि इस जमाने में आली सरकार अंग्रेज बहादुर मालिक मुल्क व हाकिम बक्त रियास्तों के खास दोस्त हैं - जहां नाबालगी होती है तो अपनी निगरानी से ऐसी तजवीज फरमाते हैं कि रियासत खातिरख्वाह तरक्की पर आने के सिवाय मात्र लोग जो रियासत में हैं अपने रुतबह मूजिब हक बदूनसाफ पाने से आसूदे होकर व आराम रहते हैं और यहां तो आगे व मेहजूर श्री गजसिंहजी साहिब वैकुंठ पधारे व श्री रणजी तसिंहजी को जो २॥ वर्ष के थे नाचना से बुलाय राज बैठाये जब माजी श्री रानावतजी साहबाने दाना ई व दूर अन्देशी से अपना काम हरीभजन को रख कर राजरीत व ठाठ बदस्तूर रखने के लिये मुखतार राज श्री केसरी सिंहजी के रहने का दरख्वास्त सरकार में की थी सो मनजूर होकर सरकार की मदद व भहरबानी से राज बना रहा · फिर सं २१ में श्री वैरीसालजी साहिब राज बिराजे जब बाजे लोगों ने अपना मतलब निकालने को माजी वीकीजी को मुखतारी का धोखा देकर ठाकुर केसरी सिंहजी की झूठी शिकायतें व सब को बहकाकर भारी बखेडा कराया था परन्तु जनाब कप्तान साहिब कर्नैल इडनसाहिब बहादुरजी सदर से मंजूरी मंगाकर यहां तशरीफ लाये और बाद तहकीकात शिकायतों के वैसे ही ठाकुर साहिब को कुल मुखतार रखकर महता नथमलजी को राज की सच्ची खैरख्वाही व इयानतदारी देख कर

अपनी रजामन्दी की सनद लिखवा दी कदीवान रक्खा था सो अब तो कर्नेल पौलट सा हिब बहादुर जो बहुत बरसों से रजीडन्ट साहिब रियास्तों के रिवाज से वाकिफ मुनसिफ मिजाज हैं सो जरूर ऐसा ही करावेंगे १६ मार्च सं ४१ को आये उस वक्त तो कुंवर शिवदान सिंह जी को ले जाने या कोई और खयाल होगा गोलमोल कार रवाई रख कर फरमाया था कि ताहुक्म सानी अब है जियों ही रहै इस में सुजाना था कि बिल्फेल बखेड़ा होने के गुमान से ऐसा रखा है परन्तु सदर से मनजूरी मंगा कर सरकार की बुजुर्गी व अपनी नेकनामी रखने को साबक मूजिब तजवीज करावेंहीगे - फिर थोड़े दिनों बाद कि अभी सोग ही न्हीं बदला था मांजी साहिबा ने वल्सा अपनी मुखतारी की ओरवा रवा कर दीवान जगजीवन जी को फैर में सो नाइनायत करके आबूजी भेजे उन्होंने अपनी मुखतारी का बन्दोबस्त करके सरदारों को ननर्क्षान देने का हुक्म दिया तब भी यह उमेद रही कि अभी सदर से हुक्म आने का न्हीं फरमाया है सो जब हमारे रजीडन्ट साहिब कर्नल साहिब से पक्की सलाह कर के आवेंगे बेशक सब तरह का लिहाज हर एक के वाजिब हक बरियासत के कदीम रिवाज का फरमा ने से सब का भोसा रहै - यही खयाल खाम होकर विजारत खास हालत से मामला यहा इ बिल्ला का यह नाजेबा बेजा इन्साफ की खिलाफ होने लगी और रजीडन्ट साहिब बहादुर जी भी स० ४८ के पहो सुदि २ को फिर तसरीफ लाये जब सारी ही मौसूफ की मुनसफी के भरोसे पर राजवी आदि सब सरदार बसादू कार व पारी बगैरह सद हा लोग अपना वाजिब हक ब इन्साफ पाने के लिये नालसी हो कर दीवानजी की नाफहमी वहा कि म अदालत की बेबन्दोबस्ती बगैरह इन्साफी की शिकायत होने पर वाजिब तजवीज की उमेद हुई थी उसी रात को दीवानजी ने साहब जी को हाथ में लेकर कहा कि ये सब लोग नातमीज आपा भूल हैं सिर्फ सिसला वैसे शान्ती हुये बाकी कुछ नहीं कर सके ज्यों ही राजवी व सरदारों को धमका

करदवालियां और जैसे चाहासाहिवसे कराया चुनाचे राजके खैरखुवाहोंकी सलाहसे नथमलजीने भीजो काम छोडनेवाद किसीके आकी सिफ़ारशी न्हीदे अपनी शिकायत कौनह की कात कराने और हिसाव वरोजगार की वावत नवूजी साथ कै फित भेजी सो लेकर १० वजे मिलनेका हुक्म दिया था फिर दीवानजीके भूंठे कहनेसे कहलाया कि आपलोगोंसे फितनह कराते हैं और २० वर्ष सेदफतर साफ न्हींमे नाराजहूं मिलना न्हीं चाहता - नवूजीने दरचंदकहा की यही लिखा है कितह की कात हो कर असल भेद और सच झूठ तो समझिये किसवव क्या है परन्तु कुछ भी न्हीं वोले जिसपर फिर कैफियत भेजी सो न्हीं ली जव डाकमें चिट्ठी भेजी तौ भी खयाल न्हीं किया सो वडी गल्ती करी कियों कि नाराजगी का जो सवव फरमाया सो महज गलत और खुदगर्जियों की कोताअंदेशी का जाल है इन से मिलने में तो दीवानजी को भी काममें आसानीसे राज्य का वहुत ही फायदा होता कियों कि ४० वर्ष सच्ची खैरख्वाहीसे नोकरी दीवानी कर के अपनी खुशी से काम छोडा है सो सवके हक में अच्छे होने की सलाह देते - मगर मालूम हुआ कि साहिव मौसूफ़ को राज्य के फायदे व अपनी मुनसफी के गर्ज न्हीं सिर्फ दीवानजी का कहना ... रखना था वरनह इतना तो जरूर ही था कि श्रीहजूर साहिव पास या खुमाणसिंहजी का रखकर डोढी पर लायक शखसको मुकर फरमाते वस व लोगों को हिकमतअमली से हीतसल्ली वरवातिर तो करते सो ही न्हीं किया जो २ फरियादी थे इनसा फन पाकर सवमहरूम रहे सो सारी उमर रोते ही रहेंगे कियों कि किसी ही तरह से ऐसी ताकत कोई नहीं रखता कि जो श्री वडे लाट साहिव जी तक तो क्या वडे साहिव जी तक ही पहुंच कर कामयाव हो सके सव लोग यही समझते हैं कि कर्नल साहिव जी भी हिकमतअमली से अर्ज टोवे कहने को ही सही रखते हैं किसी फरयादी ने दाद नहीं पाई कियों खराव हुये आगे जैसी न्यतहाकमों की न्हीं है - वार २ यह कहते हैं कि यह कोताहअंदेशी व हिम्मत

हारकी बात है लिखना तो चाहिये फिर चाहे सो हो मगर बहुत लोग नाउमेद हो कर कहते हैं कि कुछ नहीं होगा होनहार तो देखो कि मुतवातिर सात कैत का पड़ना बनयम लजी जैसे सब तरह लायक सच्चे स्वामधर्मी का काम छोड़ना और श्री वैरीसालजी साहिब सबके सच्चे माबाप का धाम पधारना व दोनो माजी साहिब दानुजी खुमाजी की अवल पर चलने से खैरख्वाहों को लायक न समझ कर धोखेबाजों पर एतबार रखने से राज्य काज का अधिकार हाथ से खोना व शिवदान सिंह जी जो बोल चाल में लायक राजवी थे निकालना और कछीजी की लाफ हमकार रवाई जो कच्चे सलाहगीरों के बाथ से होती है व पंजाबी की गैरइनसाफी साहिबजी को बखूबी मालूम होने पर ही इनको ही सुखनार रखना दूसरे किसी ही की वाजिब अर्ज सुन कर इनसाफ न करना बिदेशियों में किसी का ऐतबार नहीं होना वगैरः २ खराबी ही खराबी का बाइस होगया है इसके सिवाय खुदा का कहर है कि इस ११ महीने में शहर व देश में ८ हजार आदमी तो मर गये ब बहुत से देहाती लोग इलाके सिंध में जा रहे हैं सो तो फिर सुख होने पर शायद के पीछे भी आवेंगे मगर शहर के लोग सावा बीतने बाद निकलना कहते हैं सो खुदा ऐसा न करे वरनः यह लोग पीछे नहीं आवेंगे - महाशोक की बात है इस रियासत में श्री कृष्णचन्द्र भगवान औतार से आदि लेकर देवराज जिनसे वैरीसालजी पर्यन्त बड़े २ नामी ग्रामी राजा हुये सबने राज का बोझ व लाज ग्रात्म देशियों पर रखने से अपने मुल्क में आपही हुकम रान रहे - अब वो साखी मिली जो लूणाकरन जी के हाल में लिखी हैं कि बिल्ला चुंचिरा के जादवों से जेसलमेर जावेगा - इस का बदनामी काटी का करनैल पौल्ट साहिब जी ने लगाया कि श्री जी उनका कहना नहीं मानने से बहुत कहीं रहे थे सो सरहद के निकालने में बहुत सा नुकसान देने पर ही ध्यान लाकर श्री जी के वैकुंठ पधारने बाद उनकी वसीअत न सीहन का कुछ भी लिहाज न करके साहिब जी का मनशा था ज्यों किया वरनः जाबालगी

तो श्री रण जी नसिंहजी ववैरीसालजी साहिबराजविराजे जव ही था बल कि पिछले वक्त तोआपस की फूट का भी भारी रेल था तो भी नेक नाम ज नाव कलां साहिब ने वसलाह मह तान थमलजी दूरअन्देशी से कि भाटी वंस में १ नाम की रियासत भी सिर्फ यही है दस्तअन्दाजी न करके राजाश्री केसरी सिंह जी को जिम्मे वार रखने से यहां के सबलोग जो देश विदेश में रहते हैं दुआ य खैरसे साहिब ममदूह को याद कररहे हैं और अब जो रिया सत की तरक्की के लिये निगरानी रखनी थी तो भी नाम का मुखतारी श्री मानसिंजी या खुआलसिंहजी कारख कर बेजा खर्च घटाना वा जिब पैदा वढाना करजाउतारना चोरी धाडे आदि सब तरह से मुल्क का बन्दो वस्त रखना वगैरह २ जो २ बातें जरूर व फर्ज हैं हिदायत करके साहि व रजीडंट बहादुर जी को रपोर्ट देने और सलाह व मदद लेकर देसी ढं ग कायदे से कारिवाई करने का हुक्म लिखा देते तो दोनों बातें रह स क्ती थी और अब तो रियासत सरसवज हो कर आमदनी दुचन्द सेच न्द होनी सहज है कियों कि राज ध्धिराज की मरजी से बालाई खर्च व नुकसान का काम होता था सो न्हीं रह कर जो ही तजवीज फायदे व सुधार का रजीडन्ट साहिब की मनशा मूजिब की जावे हो सक्ती है सो अगर इनसे ऐसा न्हीं होता तो साहिब मौसूफ को अखतिया र ही था कि दूसरा मुखतार करदेते तथा सब जान्ते हैं कि नथमलजी ने राज व रयत के फायदे व आराम की जो २ बातें सोची व लिखी है उस मूजिब कारखाई होती या अब इस तफसील से होवे तो सदर मेंहा जरी की रिपोर्ट का मौका जल्दी हासिल हो सक्ता है मगर वडा ही अ

फसोस है कि साहिब मौसूफ ने वह कार्रवाई देखी जो सुनी बल्कि खुद
गर्जियों के धोखे में आकर दरयाफ्त न्हीं फरमाया सो तो उमेद है कि हा
किमआला व दूसरा रजीडन्ट साहिब जो इस रियासत का अच्छा होना चा
हेंगे तो पूछे होंगे परन्तु तअज्जुब है कि पौलट साहिब बहादुर जोने रिया
सत जोधपुर व सिरोही को देश के रिवाज का लिहाज रख कर बहुत तरह
परत्ना ने मे सरदार मुसाहिब वगैरह किसी ही का हक व हर्ज न्हीं किया यां
बरखिलाफ कर के कियो जुलमी कहलाये और सरकार से सुपरिन्डनटी
ही करनी चाही तो किसी युरोपिअन साहिब को मुखतार रखना चाहिये
ताकि अदावत से किसी का बुरा न हो कर सब लोग अपना वाजिब हक
व इन्साफ पाने से इत्तिफ़ाक़ व संहरतरह हाजरी दियावे कि जिसमें रा
ज व लोगों के फायदे का काम आसानी से होता रहे ज्यादः क्या लिखा
जावे - भावी जोग भया सो देखा - होगा सो देखेंगे - ॥ परन्तु बिलफैल
अच्छे होने की कोई सूरत नजर में न्हीं आती कारण कि यहां के आला व अ
दना मात्र आदमी आपा भूल हो गये कि देसी जात जो ४० पीडी से हक
दारी का घमंड रखते थे किसी लायक न्हीं रहने का खयाल ही न हो कर आ
पस के वसवको धवड़खा में यहां तक भर रहे है कि एक दूसरे के जीव
जीवाइ जीव का वइज्ज़त जाने में खुश हो कर दत्तुलवसा गुमाने की को
शिश में कोताही न्हीं करते यह न्हीं समझते कि इस निर्धन देश मे जो
आगे असी अकिलवरी होती तो इतनी पुश्तों तक वडी नामवरी के सा
थ कियों कर निबाह होता और अकिलवनीयत का फल परमेश्वर देवे
ही है कि इस दो वर्ष में स्वपना की माया ज्युं क्या था और क्या हो गया जिस

को अच्छी तरसे देखने परभीं किसी को किसी ही तरह से कुछ भी खयालहीं सिर्फ अपनेपेट का फिकर धर्म अधर्म सेरखकरवा दियात गलमारनेव हरएक की गिला करनेमें जैसे हरी भक्त भजन करनेमें संतोशवआलसन हीं करते ज्युं होरहे हैं और यह भी नीत धर्म का कौलहे कि **दोहा** कपटी कृत घनअधर्मी । भूख हीन व हीनार। बाल निवलअनीत पति। सुरपु रहोत नुजार ॥ २ ऐसे होनेसे उजडने में आश्चर्य क्या है - बडे हजूर श्रीवै रीशाल जी साहिबको अंपने बुजुर्गों की रियासत रयत वरीतको निभानेव खासकर इस दूरअंदेशी से कि यहां के लोग देशावरोंसे धन्य कमाय यहां ला कर खर्च करते हैं इनकी हरतरहसे इज्जतव खातररखने से हीजरहेंगे इसलिये कारमुखतार देशी ही जरखना मुनासब जाना चुनांचे **नथम लजी** के काम छोडनेबाद गिरधारीलाल जीव नथमलजी की सिफार शसे लायक विदेशी जैसा जान कर **कछीजी** कोबुलाया था कि सब के वाजिब हक व कदर वगैरह इनसाफ का लिहाजरखेंगे इन्होंने कचेस लादिगीरों की अकिल परचलकर श्रीजी साहिबों की दूरअन्देशी औरख नशा का कुछ भी खयाल न्हीं किया और नाज़ेबा कारखाई जो इस देश के ढंगसे विरुध्द है करने से मात्र लोग नाउमेद हो कर हदसे परेशा कीहो गये जिससे तरक्की व सुधारा होना तो दरकनार रहा काम का आराम व य सभी हरगिज न्हीं रहेगा सो जो नेकनामी व अपनी बात का खयालक रेंगे तो बेशक इसत्ती फा देवेंगे वरनः दिलमें पशेमान हो कर बहुत पछ तावें हींगे कियों कि जैसलमेर को **सिंधों की** मुल्कतो आगे ही कह तेथे इस वक्त में तो यहां के लोग विधाता बल्कि परमेश्वर को ही कुछ

नहीं समझते हैं इस हालत में कच्चे सलाहकारों की अकिल पर चल
ने से अच्छे बन्दोबस्त होने की उमेद कैसे हो सक्ती है बस खुदाही हाफि
ज है और जनाब कर्नल साहिब बहादुर जी नो रजीडन्ट साहिब के
भरोसे पर हैं और रजीडन्ट पौलेट साहिब जी किया सो सबने देख लि
या सिर्फ १ हुक्म वाजिब दिया था जिसकी भी तामील न्हीं हुई अब
देखिये नये रजीडन्ट साहिब बहादुर जी क्या मुनासिब जानकर तज
वीज करेंगे - ॥

बिनयपत्र अज़तरफ़

खाकसार मुहम्मद मुरादअली होशियार मुहतमम राजपूताना गजट अजमेर - चुंकि कर्नल
प्रसीडबल्यु - जनाब पौवलेट साहिब बहादुर रजीडन्ट गरबी राजिस्थान की सलाह व महा
राजाधिराज महारावल श्री वैरीसाल जी साहबों की आज्ञा अनुसार महता नथमल जी दी
वान श्री दरबार जैसलमेर ने ५ वर्ष पर्यंत श्रम करके सेवग लखमीचंद जी से यह किताब तय्यार करा कर
मेरे पास छपवाई है - इस १ जिल्द मे ३ भाग तवारीख महाराजगान रियासत मौसूफ व जगराफिया
मुल्क मांड ३ हिस्से में रियासत हाय राजपूताने की तवारीखें के नाम वगैरह जो २ हालात हैं नजर मे गुज
रने से मालूम होगे - अगरचे लाइल्मी के बायस तहरीर वगैरह कायदे से न्हीं मगर मिअत भा
षा सब के समझने को रखी है और यह किताब इस देश के लिये कारआमद याने बहुत ही वाकफी
का यादगार जान कर पसंद फरमावेगे और नुक्स हो या कम व बेश करना वाजिब हो सो बराह
कदरदानी व मिहरबानी से लिखावेंगे ताकि दोबारह छापने में ठीक हो जावे ऐसी आशा है
सं० १९४९ का मिति मः मुरादअली

التماس

یہ کتاب حسب الحکم سر بجفور مہاراول بیری سال جی صاحب بہادر سورگ باشی سابق والی جیسلمیر جناب مہتہ
تھمل جی صاحب بہادر دیوان ریاست ممدوحہ نے بڑی جانفشانی و سرکاری کاغذات وغیرہ کے حوالہ سے سیوگ لکھمی
جی سے پانچ برس کی محنت میں تیار کرا کر طبع کرائی ہے اول حصہ میں والیان جیسلمیر کی تواریخ (۲) جغرافیہ ملک مانڈ –
(۳) تمام خود مختار ریاستہائے راجپوتانہ کی تواریخ مع حالات اجمیر اور اکثر رؤسا و شرفا ہندوستان کے حالات ضروری با
لتفصیل درج ہیں – سچ تو یہ ہے کہ ایسی مبسوط کتاب آجتک ہندی میں تیار نہیں ہوئی امید کہ ناظرین کوئی غلطی پائیں تو براہ
عنایت اطلاع بخشیں تاکہ دوبارہ طبع ہونے میں صحت ہو سکے – خاکسار محمد مراد علی ہوشیار مالک و مہتمم مطبع چراغ راجستان و راجپوتانہ گزٹ اجمیر المرقوم ۱۵ اگست ۹۲ء